4 | रायपुर संभाग
धान खरीदी में गड़बड़ी पर होगी कड़ी कार्यवाही

6 | फिल्म
पुष्पा 2 द रूल में होगा श्रीलीला....

09 | शिक्षा एवं स्वास्थ्य
छत्तीसगढ़ में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत पीवीटीजी...

10 | छत्तीसगढ़
डायरिया फैला, सांगिनकछार में 3 ग्रामीणों की मौत

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 18 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-87 मूल्य 3.00 ₹

खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने छत्तीसगढ़ सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि एकता, अनुशासन और समर्पण का है प्रतीक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के मोवा स्थित आई स्पोर्टज़ बैडमिंटन अरीना में आयोजित सीएम ट्राफी इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन स्पर्धा 2024 के समापन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री साय ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और बेहतर खेल अधो-संरचनाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी को 3 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेता को 2 करोड़ व कांस्य पदक विजेता को एक करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने सीएम ट्राफी इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन स्पर्धा 2024 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ में बैडमिंटन का यह टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 10 देशों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एकता, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है। यह युवाओं को सकारात्मक और ऊर्जावान बनाता है। भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है। छत्तीसगढ़ में हम लगातार खेलों को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारे राज्य में अनेक प्रतिभावान खिलाड़ी हैं। भारत सरकार की खेलो-इंडिया योजना को भी हम छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में लागू कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी मुझे अवसर मिलता है। मैं खिलाड़ियों से बातचीत करके उनकी अपेक्षाओं को जानने समझने का प्रयास करता हूं। उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें प्रोत्साहित करता हूं। मैंने धमतरी की बैडमिंटन खिलाड़ी रीतिका ध्रुव से वीडियो कॉल पर बात करके राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें मिली उपलब्धियों के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीतिका ने मुझे बताया कि उनके पिता जीवन-यापन के लिए मजदूरी करते हैं और मां आंगनबाड़ी सहायिका हैं। संघर्षों के बावजूद रीतिका ने बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन किया है। मैंने रितिका को आश्वस्त किया कि आप खूब आगे बढ़िये और अपने माता-पिता के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करिये। हम आपका पूरा सहयोग करेंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इसी तरह कुछ दिन पहले भी छत्तीसगढ़ की एक पर्वतारोही बिटिया निशा से मैंने फोन पर बात की। निशा पूर्वी-अफ्रीकी देश तंजनिया का किलीमंजारों पर्वत फतह करना चाहती है। वह माउंट एवेरेस्ट भी फतह करना चाहती है। उसके पिता रिक्शा-चालक हैं।

संघर्षों में पली बिटिया ने थामा बैडमिंटन का रैकेट तो मुख्यमंत्री ने दी शाबाशी, कहा- खूब आगे बढ़िये, हम आपके साथ हैं

धमतरी। धमतरी की रहने वाली मजदूर पिता की बैडमिंटन प्लेयर बेटी रितिका ध्रुव ने कभी नहीं सोचा था कि उसका अपने खेल के प्रति जुनून एक दिन उसे मुख्यमंत्री से रूबरू करवा देगा। जब रितिका को मोबाइल पर वीडियो कॉल में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्नेहमयी चेहरा नजर आया तो उसे विश्वास नहीं हुआ कि उसकी बात प्रदेश की मुखिया से हो रही है। मुख्यमंत्री साय ने रितिका से बात करते हुए उसके बैडमिंटन के हुनर को सराहा और उसका हौसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप इसी तरह अपने बैडमिंटन के हुनर को निखारिये। खूब आगे बढ़िये और अपने माता-पिता के साथ पूरे छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाइये। हम आपके साथ हैं, आपको बैडमिंटन के लिए जो भी सहायता व सुविधाएं चाहिए उसे हम आपको देंगे। मुख्यमंत्री की ये बात सुनकर रितिका का चेहरा खिल उठा। मुख्यमंत्री साय ने रितिका से वीडियो-कॉल में बड़ी आत्मीयता से बात की और उसके बैकग्राउंड के विषय में जाना। रितिका ने बताया कि उसके पिता जीवनयापन के लिए मजदूरी का कार्य करते हैं और माता आंगनबाड़ी सहायिका हैं। उसे बचपन से ही बैडमिंटन के खेल में रुचि थी। समय के साथ उसका ये शौक जुनून में बदल गया और वह पूरे तरह से इस खेल के प्रति समर्पित हो गयी। मगर परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि बड़े स्तर के टूर्नामेंट के लिए वह अपने टैलेंट को तराश सके। मुख्यमंत्री ने संघर्षों के बावजूद बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन के लिए रितिका की खूब सराहना की।

मुख्यमंत्री साय को रितिका ने वीडियो कॉल पर बताया कि उसने बंगलुरू में खेलो-इंडिया यूनवर्सिटी लेवल गेम्स और हाल ही में ओडीसा में नेशनल टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है। वह आगे नेशनल-इंटरनेशनल स्तर पर खेलना चाहती है और ओलम्पिक में मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करना चाहती है। मुख्यमंत्री साय ने रितिका से कहा कि आपका ओलम्पिक का सपना भी पूरा होगा। मुख्यमंत्री होने के साथ-साथ वे राज्य ओलंपिक संघ के अध्यक्ष भी हैं। आपकी तरह छत्तीसगढ़ की बेटियां जो अपने खेल में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं, उन्हें सरकार का पूरा सहयोग मिलेगा।

त्वरित न्यूज़

शाह ने उच्च स्तरीय बैठक में की मणिपुर की स्थिति की समीक्षा

नयी दिल्ली। मणिपुर में हिंसा की बढ़ती घटनाओं के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में राज्य में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। केंद्र में सुरक्षा तंत्र से जुड़े सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के कार्यक्रम को अधूरा छोड़कर दिन में यहां पहुंचे और नॉर्थ ब्लॉक में वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक में मणिपुर की स्थिति की समीक्षा की। सूत्रों ने बताया कि राज्य में शांति स्थापित करने और सामान्य स्थिति की बहाली के उपायों पर शाह अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं के बाद कई जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

महाराष्ट्र की जनता मोदी को फिर सिखाएगी सबक : खरगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि महाराष्ट्र की जनता लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सबक सिखाएगी। खरगे ने कहा, लोकसभा में महाराष्ट्र की जनता ने मोदी को कुछ सबक सिखाया। उनके बहुमत को आपने कम किया। अब उनकी सरकार को खड़े होने के लिए भी दो पैरों की ज़रुरत है-बिहार के नीतीश कुमार और आंध्रा के चंद्रबाबू नायडू। उन्होंने कहा, अगर ये दोनों निकल गए, तो मोदी सरकार गिरेगी, ठहरेगी या टिकेगी।

गहलोत का इस्तीफा भाजपा की गंदी राजनीति व षड्यंत्र का हिस्सा : आप

नयी दिल्ली। आप ने कहा है कि कैलाश गहलोत का मंत्रिमंडल और पार्टी से इस्तीफ़ा देना भाजपा की गंदी राजनीति और षड्यंत्र का हिस्सा है। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भाजपा एक बार फिर अपने हथकंडे, घिनौनी राजनीति और षड़यंत्र में कामयाब हुई है। गहलोत के ऊपर लगातार भाजपा द्वारा दबाव बनाया जा रहा था। ईडी-सीबीआई के छापे मारे जा रहे थे। ईडी के दफ्तर में पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा था। उनके घर पर आयकर के छापे मारे जा रहे थे। गहलोत के ऊपर ईडी, आयकर समेत तमाम तरीके का दबाव था।

जिन्हें संविधान की जानकारी तक नहीं, संविधान की प्रति दिखा कर रहे ढोंग : नड्डा

एजेंसी ➤ बोकारो
www.dailypioneer.com

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल की सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जिन्हें संविधान की जानकारी तक नहीं है, वह संविधान की प्रति दिखा ढोंग कर जनता को गुमराह करने में लगे हैं। नड्डा ने बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के मंजूरा स्थित सपाहीटांड़ में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए झामुमो - कांग्रेस एवं राजद पर हमला बोलते हुए कहा कि जिसे संविधान की जानकारी तक नहीं है, वह संविधान की प्रति दिखाकर ढोंग कर जनता को बरगलाने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि आगामी 23 नवंबर के बाद झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार को जनता उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की छल-कपट वाली सरकार ने सिर्फ भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हैं। खुद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 236 करोड़ रुपए के जमीन घोटाले के आरोपी हैं, जो फिलहाल जमानत पर हैं।

बेटियों को मिलने वाला सोने का सिक्का आलमगीर आलम खा गया : हिमंता बिस्वा सरमा

रांची। असम के मुख्यमंत्री एंव भाजपा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने महगामा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सरमा ने सहारा का जिक्र करते हुए कहा कि, सहारा में जिसका पैसा डूबा है, भाजपा सरकार बनते ही पाई-पाई लौटा देंगे। उन्होंने हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए, उनके वादे को याद दिलाया। कहा कि, जब लड़कियों की शादी होगी तो उनको सोने का सिक्का मिलेगा, ये सोने का सिक्का कहां गया? ये सोना का सिक्का आलमगीर आलम खा गया। सरमा ने झामुमो-कांग्रेस-राजद पर जमकर हमला बोला, उन्होंने कहा कि, 350 करोड़ रुपए घर से बरामद होते हैं। 20 तारीख को चुनाव के लिए मतदान होने वाला है।

आतिशी ने कैलाश गहलोत का मंत्री पद से इस्तीफा किया स्वीकार

एजेंसी ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के पद से इस्तीफे को मंजूर कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। इसस पहले गहलोत ने मंत्री पद और आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। गहलोत ने इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को एक चिट्ठी भी लिखी है। उन्होंने पत्र में इस्तीफा देने की वजह लोगों से किए गए वादों को पूरा नहीं करना बताया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि शीशमहल जैसे कई शर्मनाक और अजीबोगरीब विवाद हैं, जो अब सभी को संदेह में डाल रहे हैं कि क्या हम अभी भी आम आदमी होने में विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा अगर दिल्ली सरकार अपना अधिकांश समय केंद्र से लड़ने में बिताती है तो दिल्ली के लिए वास्तविक प्रगति नहीं हो सकती। मेरे पास आप से अलग होने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है और इसलिए मैं आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।

शासकीय सेवकों पर आश्रितों के लिए आय की अधिकतम सीमा में वृद्धि को वित्त विभाग ने दी मंजूरी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

वित्त विभाग ने शासकीय सेवकों पर आश्रितों की अधिकतम आय सीमा में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब शासकीय सेवकों के आश्रितों के लिए आय की अधिकतम सीमा 3 हजार 50 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 7 हजार 750 रुपये प्रतिमाह करने को स्वीकृति प्रदान की गई है। आय सीमा बढ़ाने के साथ जिन आश्रितों की आय 3,050 रुपये से अधिक थी, वे सभी परिवार पेंशन का लाभ प्राप्त करने के पात्र हो सकेंगे। उल्लेखनीय है कि साल 2014 के बाद से शासकीय सेवकों के आश्रितों के लिए आय की अधिकतम सीमा में कोई वृद्धि नहीं की गई थी, जबकि राज्य में श्रमिकों की आय में लगातार वृद्धि हो रही है। अर्द्ध कुशल श्रमिकों के लिए दैनिक मजदूरी की दर अब 10,900 रुपये प्रति माह तक पहुंच गई है। ऐसे में जिन शासकीय सेवकों के आश्रित सदस्य 3 हजार 50 रुपये प्रतिमाह से अधिक आय प्राप्त कर रहे थे, उन्हें परिवार पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा था। इस कदम से शासकीय सेवकों के आश्रितों की स्थिति सुधरेगी और आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। इससे उन परिवारों को राहत मिलेगी, जो शासकीय सेवक के निधन के बाद परिवार पेंशन पर निर्भर रहते हैं। आय सीमा में इस वृद्धि से उन्हें भी अब परिवार पेंशन का लाभ मिलेगा।

कश्मीर में अनुच्छेद 370 के बहाल होने की कोई संभावना नहीं : शेखावत

वार्ता ➤ जोधपुर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कश्मीर में अनुच्छेद 370 को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि अब अनुच्छेद 370 को वापस लागू करने की कोई संभावना नहीं हैं। शेखावत रविवार को जोधपुर पहुंचने पर हवाई अड्डे पर मीडिया से यह बात कही। उन्होंने दो टूक कहा कि अनुच्छेद 370 इस देश में अलगाव का बीज था, जड़ थी, देश के मस्तक पर एक काले टीके के समान था, जिसको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सक्षम नेतृत्व ने जमींदोज करते हुए दफ्न कर दिया। उन्होंने कहा कि जैसा गृह मंत्री ने चुनाव की रैली को संबोधित करते हुए कहा, स्वयं इंदिरा गांधी स्वर्ग से लौटकर वापस यदि आ जाएं तो भी 370 वापस देश में लागू नहीं होगा। वक्फ कानून को लेकर विपक्ष की आपत्तियों के सवाल पर शेखावत ने कहा कि इस पर अधीरता की आवश्यकता नहीं है। यह अभी ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के पास में है। वह इसका अध्ययन कर रही है। सभी स्टेकहोल्डर से बातचीत कर रही है। एक बार कमेटी की रिपोर्ट आ जाने दीजिए लेकिन यह समझ में नहीं आता कि देश में जब कोई प्रोग्रेसिव कानून बनाने की चर्चा हो रही है, तब कुछ लोगों के पेट में क्यों दर्द हो रहा है। इसकी जानकारी हम सबको करनी चाहिए। जोधपुर एलिवेटेड रोड को लेकर उन्होंने कहा जोधपुर एलिवेटेड रोड के लिए पिछले कई वर्षों से हम सब मिलकर प्रयास कर रहे थे।

हम नाइजीरिया के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को उच्च प्राथमिकता देते हैं

पीएम मोदी ने नाइजीरियाई राष्ट्रपति से की बातचीत

वार्ता ➤ अबुजा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत और नाइजीरिया आतंकवाद, ड्रग्स और समुद्री डकैती की चुनौतियों से निपटने के लिए काम कर रहे हैं और इस बात पर जोर दिया कि देश नाइजीरिया के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को उच्च प्राथमिकता देता है। अबुजा में प्रेसिडेंशियल विला में नाइजीरियाई राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करते हुए मोदी ने कहा, हम नाइजीरिया के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को उच्च प्राथमिकता देते हैं। हमारे बीच रक्षा, ऊर्जा, वित्तीय मुद्दों जैसे कई क्षेत्रों में मजबूत सहयोग है। प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कृति हमारे संबंधों से कई नई संभावनाएं जुड़ी हैं। उन्होंने नाइजीरिया में हाल ही में आई बाढ़ में जानमाल के नुकसान पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, 140 करोड़ भारतीयों की ओर से, मैं पिछले महीने नाइजीरिया में बाढ़ में जानमाल के नुकसान पर हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। भारत राहत प्रयासों का समर्थन करने के लिए 20 टन मानवीय सहायता भेज रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ' सत्रह साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली नाइजीरिया यात्रा है और यह मेरे लिए खुशी की बात है कि मुझे अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में नाइजीरिया आने का मौका मिला है।' बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा की और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी को नाइजीरिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक प्रतिष्ठित ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर भी मिला। यह मान्यता उन्हें महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के बाद यह सम्मान पाने वाला दूसरा विदेशी गणमान्य व्यक्ति बनाती है, जिन्हें 1969 में यह उपाधि प्रदान की गई थी।

मोदी ने की फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' की सराहना

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को गुजरात के गोधरा अग्निकांड पर आधारित फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' की सराहना करते हुए कहा कि 'सच्चाई सामने आ रही है।' मोदी ने अपने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट किया,'बहुत बढ़िया। यह अच्छी बात है कि यह सच्चाई सामने आ रही है, और वह भी ऐसे तरीके से जिससे आम लोग इसे देख सकें। एक झूठी कहानी सीमित समय तक ही चल सकती है। आखिरकार, तथ्य हमेशा सामने आते हैं!' यह फिल्म वर्ष 2002 में साबरमती एक्सप्रेस से जुड़ी विवादास्पद गुजरात के गोधरा ट्रेन त्रासदी और उसके बाद की घटनाओं पर आधारित है। फिल्म में विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा ने अभिनय किया है। यह फिल्म शुक्रवार यानी 15 नवंबर को रिलीज हुई थी।

प्रदेश में खेल अधोसंरचना का निरंतर विकास हो रहा है: मोहन यादव

पायनियर संवाददाता ➤ नई दिल्ली/देवास
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में खेल अधोसंरचना का निरंतर विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में इस दिशा में जिस प्रकार कार्य जारी है, उससे प्रदेश के खिलाड़ी विक्रम अवार्ड प्राप्त करने के साथ-साथ एशियाड और ओलंपिक में अवार्ड प्राप्त करने की ओर भी अग्रसर हो रहे हैं। डॉ यादव कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम देवास में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक के भूमि पूजन कार्यक्रम को नई दिल्ली से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवास में कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम और तुकोजीराव पवार स्टेडियम से कई प्रतिभावान खिलाड़ी प्रदेश व देश को मिले हैं। तुकोजीराव पवार की जयंती पर देवास को मिल रही सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक की सौगात से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के अधिक अवसर प्राप्त होंगे। देवास में खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवास, उज्जैन, धार और इंदौर को जोड़ते हुए क्षेत्र को वृहद महानगर के रूप में विकसित किया जा रहा है। औद्योगीकरण की दिशा में राज्य सरकार तेज गति से कार्य कर रही है। बदलते दौर में इस क्षेत्र की देश में विशिष्ट पहचान होगी। डॉ यादव ने कहा कि देवास में मां तुलजा भवानी और चामुंडा माता दो देवियों का वास है साथ ही क्षेत्र को कैला देवी का भी आशीर्वाद प्राप्त है। अपनी विविध विशेषताओं से समृद्ध मालवा, छत्रपति महाराज शिवाजी के बाद होलकर-पवार-सिंधिया और बाजीराव जी महाराज के माध्यम से हिंदवी सेना द्वारा साम्राज्य पुनर्स्थापित करने के समय से ही स्वाधीन हो गया था। इससे मालवा क्षेत्र के देव-स्थानों की आभा भी बढ़ी। पं. कुमार गंधर्व की उपस्थिति और बैंक नोट प्रेस ने देवास को विशेष महत्व प्रदान किया है। मध्यप्रदेश में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 114 खेल अधोसंरचना (स्टेडियम/खेल परिसर/इंडोर हॉल) निर्मित किये गये है, 30 खेल अधोसंरचना निर्माणाधीन है। प्रदेश मंव कुल 8 सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक निर्मित किये गये है। देवास में 9वॉ सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में स्थापित किया जा रहा है। इसके अलावा 3 और एथेलेटिक ट्रैक - इंदौर, रतलाम और छतरपुर में भी स्वीकृत किये गये है। प्रदेश में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 12 सिंथेटिक हॉकी टर्फकी स्थापना की गई है तथा 6 सिंथेटिक हॉकी टर्फ निर्माणाधीन है। राज्य सरकार द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट-वन स्पोर्टस काम्पलेक्स अन्तर्गत सभी जिलों में खेल स्टेडियम का निर्माण किया जावेगा और मुख्यमंत्री खेल अधोसंरचना योजना के तहत सभी विकासखंडो में खेल स्टेडियम बनाने की योजना है। देवास का कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम 10.00 एकड़ भूमि में स्थित है। स्टेडियम में बैडमिंटन के 4 सिंथेटिक कोर्ट, बास्केटबॉल के 2 कोर्ट, 25 मीटर स्वीमिंग पुल, ओपन जिम, साफ्टबॉल और शतरंग खेल के अतिरिक्त महिला आत्मरक्षा के लिए कराते प्रशिक्षण संचालित है।

मोटरसाइकिल-टेंपो की जोरदार भिड़ंत एक की मौत तीन घायल

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र में रविवार को तेज रफ्तार वाली एक मोटरसाइकिल की टेंपो से जोरदार भिड़ंत के बाद चालक की दर्दनाक मौत हो गई तथा मोटरसाइकिल सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम चित्रकूट का निवासी 48 वर्षीय ज्ञानेंद्र सिंह सोमवंशी अपने मकान के निर्माण के लिए ट्रैक्टर ट्राली में मोरम लदाकर, उसके पीछे टेंपो चलाकर घर लौट रहा था। यह टेंपो फ र्रुखाबाद बदायूं मार्ग ग्राम चित्रकूट मोड पर जब पहुंचा तो इस समय तेज रफ्तार वाली, तीन युवक सवार वाली मोटर साइकिल जोरदार टक्कर से टेंपो पलट गया और चालक ज्ञानेंद्र सिंह सोमवंशी गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गया। इस सड़क दुर्घटना में थाना क्षेत्र के ग्राम कनिकापुर के निवासी मोटरसाइकिल सवार उपेन्द्र, सागर तथा अभी नामक घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस 108 द्वारा फर्रुखाबाद के डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भिजवाया। यहां सरकारी चिकित्सक ने ,टेंपो चालक ज्ञानेंद्र सिंह सोमवंशी को मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाए जाने की कार्रवाई की जा रही है।

अमृतसर में भारी मात्रा मे हथियार व मादक पदार्थ बरामद

एजेंसी ➤ अमृतसर
www.dailypioneer.com

पंजाब के अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार से हो रही मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध हथियारों के कार्टेल का भंडाफोड़ कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस ऑपरेशन में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3.5 किलोग्राम हेरोइन, 1.5 किलोग्राम मेथाक्वालोन पाउडर और दो पिस्तौल समेत एक अत्याधुनिक 9एमएम ग्लॉक बरामद किया है।

पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान वंश उर्फ बिल्ला (23), निवासी बिल्ले वाला चौक, अमृतसर, और सोनू चौरसिया (20), निवासी दशमेश नगर, अमृतसर, के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मामले से जुड़े आगे-पीछे के संबंधों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। अमृतसर के पुलिस कमिश्नर (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि आरोपी वंश उर्फ बिल्ला की मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्तता की पुख्ता जानकारी के आधार पर सीआईए अमृतसर की पुलिस टीमों ने मोहकमपुरा क्षेत्र में जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 3.5 किलोग्राम हेरोइन, 1.5 किलोग्राम मेथाक्वालोन पाउडर और ऑस्ट्रिया निर्मित एक 9एमएम ग्लॉक पिस्तौल बरामद की गई। उन्होंने बताया कि अवैध हथियारों की तस्करी को लेकर मिली खुफिया जानकारी के आधार पर एक अन्य कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने मोहकमपुरा क्षेत्र में बटाला रोड के सनसिटी मोड़ से आरोपी सोनू चौरसिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 32 बोर का पिस्तौल बरामद किया। उन्होंने कहा कि आगे की जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां और बरामदगी की संभावना है। इस संबंधी मामले में थाना मोहकमपुरा में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं।

यूटी पावर मैन 22 को चंडीगढ़ में निजीकरण के खिलाफ करेंगे रैली

वार्ता ➤ चण्डीगढ़
www.dailypioneer.com

यूटी पावर मैन यूनियन ने चंडीगढ़ में बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में 22 नवंबर को सेक्टर 17 में विरोध रैली का आह्वान किया है। बिजली यूनियन के महासचिव गोपाल जोशी ने रविवार को कहा कि विरोध रैली में यूटी के विभिन्न विभागों के कर्मचारी, बिजली कर्मचारी और विभिन्न संस्थानों और संगठनों के इंजीनियर भी भाग लेंगे। उन्होंने आगे कहा कि हम निजीकरण की आड़ में बिजली कर्मचारियों की सेवा शर्तों से छेड़छाड़ नहीं होने देंगे। अध्यक्ष रघवीर चंद ने कहा कि प्रशासन बिजली कर्मचारियों की सेवा शर्तें तय किए बिना एलओआई की प्रक्रिया शुरू करके और पहले किए गए वादों से मुकर कर कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। बैठक में इस बात पर चर्चा की गई कि 2022 में चंडीगढ़ के पूर्व सलाहकार जिन्होंने गलती स्वीकार की थी और अधिकारी फि र से गलतियों को दोहरा रहे हैं और कर्मचारियों को फिर से संघर्ष करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि प्रशासन कर्मचारियों के हितों पर ठोस निर्णय लिए बिना बोली मामले में आगे बढ़ता है तो फेडरेशन सीधे तौर पर बिजली कर्मचारियों के इस संघर्ष में शामिल होगी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले हाईकोर्ट ने बिजली कर्मचारियों की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि उनकी सेवा शर्तें विद्युत अधिनियम के तहत संरक्षित हैं। हाईकोर्ट के अनुसार नीतिगत मामले में न्यायिक समीक्षा का दायरा बेहद सीमित है। यूनियन का मानना है कि प्रशासन विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 131 के तहत ऐसा प्रावधान न होने के बावजूद सरकार की 100 फीसदी हिस्सेदारी बेच रहा है। इसके अलावा, विभाग मुनाफे में चल रहा है और पिछले तीन वर्षों से इसका राजस्व अधिशेष है, फिर भी इसका निजीकरण किया जा रहा है। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने कहा कि वे निजीकरण के खिलाफ लड़ाई में चंडीगढ़ के बिजली कर्मचारियों के साथ खड़े हैं। इसी तरह की स्थिति में पुडुचेरी में बिजली विभाग के निजीकरण की प्रक्रिया को एआईपीईएफ के हस्तक्षेप के बाद रोक दिया गया था।

देवमाली गांव हमारी सदियों पुरानी परम्पराओं को अब भी जीवित रखे हुए है : दिया कुमारी

वार्ता ➤ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री ने दिया कुमारी ने कहा है कि देवमाली गाँव हमारी सदियों पुरानी परंपराओ को अब भी जीवित रखे हुए है, ऐसे में ये हम सब की ज़िम्मेदारी है कि इस गाँव के विकास के लिए हर संभव प्रयास हों और यहाँ आने वाले पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जाये। दिया कुमारी ने शनिवार को ब्यावर जिले के मसूदा स्थित देवमाली गाँव का दौरा किया। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने देवमाली को हाल ही सर्वश्रेष्ठ पर्यटक गांव घोषित किया है। मसूदा का देवमाली गाँव अपनी सदियों पुरानी परंपराओं को जीवित रखने के लिए विश्वविख्यात है। इस गाँव के पाँच सौ से ज्यादा घरों में से किसी में भी पक्की छत नहीं है। यहाँ के लोग घरों में ताले नही लगाते, गाँव में अपराध का आँकड़ा शून्य है। किंवदंती है कि भगवान देवनारायण ने इस गाँव को आशीर्वाद दिया था। दिया कुमारी आज देवमाली गाँव पहुँची, जहां महिलाओं ने परपंरागत गीतों के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के साथ चूल्हे के पास बैठ कर भोजन किया। उपमुख्यमंत्री ने गाँव की पहाड़ी पर स्थित भगवान देवनारायण के मंदिर में दर्शन भी किये। इस दौरान दिया कुमारी से स्थानीय विधायक ने मंदिर के लिए रोप-वे और ब्यावर से मसूदा तक फेरलेन सड़क की माँग की है जिससे देवमाली आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके। उनसे ग्रामीणों ने मोबाइल टावर नहीं होने और कनेक्टिविटी की सुविधा नहीं होने की बात कही, जिस पर उन्होंने मौक़े पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को तुरंत निर्देश दिये। उन्होंने गाँव के मुख्य चौराहे पर मौजूद 'आई लव देवमाली' के पास खड़े हो कर सभी पर्यटकों को देवमाली आने का निमंत्रण भी दिया।

सेंट्रल जेल फतेहगढ़ में आजीवन कारावास के सजायफ्ता बंदी की मौत

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले की सेंट्रल जेल फतेहगढ़ में हरदोई जिले के एक हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 71 वर्षीय कैदी नन्हे की रविवार तड़के डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मौत हो गई। जेल सूत्रों के अनुसार जनपद हरदोई के कुतुआपुर, बिलग्राम के निवासी नन्हे उम्र 71 वर्ष पुत्र वोदिल को ,वर्ष 1983 में गांव में ही एक व्यक्ति की हत्या के मामले में ,वर्ष 2018 मेंआजीवन कारावास की सजा हुई। इसके बाद आजीवन कारावास सजायफ्ता बंदी नन्हे को, वर्ष 2022 में सेंट्रल जेल फतेहगढ़ में शिफ्ट किया गया। आजीवन कारावास की सजा पाये कैदी नन्हे को श्वास संबंधी बीमारी की शिकायत हुई तो उसका जेल अस्पताल में उपचार किया गया । हालात बिगड़ने पर आज प्रातः तड़के जेल वंदी रक्षक अनूप कुमार व जितेंद्र कुमार द्वारा फर्रुखाबाद के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सरकारी चिकित्सक ने उसे मृत्त घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक कैदी नन्हे के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फ्तेहगढ़ को भिजवाया गया।

ज्ञान परंपरा की भूमि रही है नालंदा : राज्यपाल

राजगीर। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने नालंदा की भूमि को ज्ञान परंपरा की भूमि बताया और कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा सभी विषयों को स्पर्श करती है। आर्लेकर ने रविवार को नालंदा विश्वविद्यालय के परिसर में शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की ओर से आयोजित नालंदा ज्ञान कुंभ के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नालंदा की भूमि ज्ञान परंपरा की भूमि रही है। यहां आए हुए प्रतिनिधि, शोधार्थी एवं शिक्षाविद ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। भारतीय ज्ञान परंपरा सभी विषयों को स्पर्श करती है। वर्ष 2047 में हम सभी भारतीय ज्ञान परंपरा को साथ लेकर विकसित भारत के निर्माण में सहयोग करेंगे। कुलाधिपति ने नालंदा ज्ञान कुंभ के विषय विकसित भारत ञ्च 2047 : भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय स्व के जागरण का समय है जिसमें स्व भाषा, स्व संस्कृति एवं स्व परंपरा को जागृत कर भारत को विकसित बनाया जा सकता है। विकसित भारत का सपना केवल भौतिक विकास नहीं बल्कि स्व का आग्रह है। राज्यपाल ने कहा, हमें सबसे पहले अपने भारतीय उत्पादों को सुरक्षित करने के साथ खरीदना होगा तभी भारत का स्व का जागरण शुरू होगा। मातृभाषा को प्रयोग करने पर बल देने की जरूरत है। हमें अंग्रेजी को नहीं बल्कि स्व भाषा को शिक्षा के रूप में लाने की जरूरत है। भारत सोने की चिड़िया नहीं बल्कि सोने का शेर बनेगा। इससे पहले नालंदा ज्ञान कुंभ का उद्घाटन राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, पूर्व राज्यपाल (सिक्किम) गंगा प्रसाद, राज्य के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के सचिव डॉ अतुल कोठारी, कुलपति नालंदा विश्वविद्यालय प्रो अभय कुमार सिंह, ज्ञान कुंभ के संयोजक डॉ राजेश्वर कुमार, पूर्व कुलपति सह कुंभ के अध्यक्ष प्रो केसी सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। अतिथियों का स्वागत नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अभय कुमार सिंह ने किया। संचालन सरला बिरला विवि के कुलसचिव प्रो विजय सिंह और धन्यवाद ज्ञापन पूर्व कुलपति प्रो के सी सिन्हा ने किया।

मुठभेड़ के बाद हाईवे लुटेरा गिरोह का सरगना गिरफ्तार

मोहाली। एसएएस नगर (मोहाली) पुलिस ने गांव लेहली के पास एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद हाईवे लुटेरों के गिरोह के सरगना सतप्रीत सिंह उर्फ सत्ती को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरोह ने अंबाला-डेराबस्सी हाईवे पर वाहनों को निशाना बनाया और पंजाब और हरियाणा में कई सशस्त्र डकैतियों में शामिल था जिसमें 03 और 10 नवंबर को देर रात की दो घटनाएं शामिल हैं जहां बंदूक की नोक पर नकदी, मोबाइल फोन और सोने के आभूषण छीने गए थे। पुलिस ने लुटेरे से एक .32 कैलिबर की पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस संबंध में दो एफआईआर दर्ज की गई और उसके साथियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है।

बिहार में पल्स पोलियो अभियान 21 नवंबर तक : मंगल

एजेंसी ➤ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि राज्य में 17 से 21 नवंबर तक पल्स पोलियो अभियान चलेगा। पांडे ने रविवार को कहा कि पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। नवजातों के पोलियो खुराक पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश पोलियो मुक्त राष्ट्र घोषित हो चुका है। मंत्री ने कहा कि वर्तमान में हमारे दो पड़ोसी देश अफगानिस्तान और पाकिस्तान में पोलियो वायरस का संक्रमण जारी है। इसके मद्देनजर राज्य में 17 नवंबर से 21 नवंबर तक पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जा रहा है। इस दौरान पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि विश्व में कहीं भी पोलियो के संक्रमण का खतरा बना रहेगा, उस प्रभाव से राज्य में भी पोलियो के वायरस आने का खतरा बना रहेगा। पांडे ने कहा कि इस खतरे से बचाव के लिए उच्च गुणवत्ता वाले पोलियो अभियान का संचालन तथा नियमित टीकाकरण के आच्छादन को शत- प्रतिशत लाभार्थियों तक पहुंचाना आवश्यक है। पल्स पोलियो अभियान के सफ ल संचालन के लिए जिला टास्क फ ोर्स की बैठक कर संबंधित तैयारियों का जायजा लिया गया था। अभियान के पूर्व सभी स्तर पर कार्यरत टीकाकर्मियों एवं पर्यवेक्षकों का शत- प्रतिशत प्रशिक्षण भी पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सभी दल कर्मियों के पास पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन की उपलब्धता भी सुनिश्चित हो इसके लिए संबंधित आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि मुख्य ट्रांजिट स्थलों जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं चौक चौराहों से गुजरने वाले बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें पोलियो की खुराक दी जाएगी। इसके साथ ही दूर -दराज के इलाकों के बच्चों के लिए विशेष निगरानी दल गठित कर पोलियो की दवा सेवन सुनिश्चित की गयी है।अभियान के प्रचार प्रसार के लिए भी आवश्यक आईईसी सामग्री तथा पोस्टर बैनर भी जिलों को उपलब्ध कराए गए हैं।

आप में फूटने लगा है असंतोष व आक्रोश का लावा: खंडेलवाल

एजेंसी ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

भाजपा के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा है कि यहां की बुनियादी समस्याओं को हल कर पाने में प्रदेश सरकार पूरी तरह से विफल रही है और इसी वजह से आप में असंतोष तथा आक्रोश का लावा फूटने लगा है। खंडेलवाल ने प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत के आप से और मंत्रिमंडल से इस्तीफे देने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल और आप का ईमानदारी और नैतिकता के ढोंग की सच्चाई उजागर हो गई है। उन्होंने कहा,कैलाश गहलोत का इस्तीफा स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि आम आदमी पार्टी के भीतर असंतोष और आक्रोश का लावा है, क्योंकि दिल्ली की बुनियादी समस्याओं को हल करने में दिल्ली सरकार पूरी तरफ विफल साबित हुई है और दिल्ली के लोगों को नारकीय जीवन जीने को मजबूर कर दिया है, जिसकी ज़िम्मेदारी से केजरीवाल और आप सरकार बच नहीं सकती है। उन्होंने केजरीवाल पर झूठे वादे करने और दिल्ली के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा,अरविंद केजरीवाल खोखले वादों से जनता को गुमराह करते रहते हैं और दिल्ली की प्रगति के लिए कुछ नहीं किया है। उन्होंने कहा कि गहलोत ने पार्टी की विफलताओं को स्वीकार करने की शालीनता दिखाई है।

जालंधर में ड्रग व शराब तस्करों समेत तीन गिरफ्तार

एजेंसी ➤ जालंधर
www.dailypioneer.com

पंजाब के जालंधर ग्रामीण पुलिस ने क्षेत्र में नशीली दवाओं के व्यापार को एक बड़ा झटका देने वाले त्वरित अभियानों की एक श्रृंखला में, दो ड्रग पैडलर और एक शराब तस्कर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया, जबकि 2019 से वांछित एक घोषित अपराधी को भी गिरफ्तार किया। पिछले 24 घंटे की कार्रवाई में जिले भर के विभिन्न स्थानों से 130 नशीली गोलियां और 15 डिब्बे अवैध शराब भी बरामद की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरकमलप्रीत सिंह खख ने रविवार को जिला पुलिस मुख्यालय में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा, यह क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी और अपराध के खिलाफ हमारे गहन अभियान का हिस्सा है। पहले ऑपरेशन में, पतारा पुलिस ने गांव ढाडा पुल के पास एक रणनीतिक गश्ती अभियान के दौरान अमर सिंह उर्फ साबी को 130 नशीली गोलियों के साथ रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी, गांव सिकंदरपुर थाना आदमपुर का निवासी है, कथित तौर पर अपने ग्रे सीएलआईक्यू स्कूटर पर भागने की कोशिश कर रहा था, तभी सतर्क अधिकारियों ने उसे रोक लिया। एक अन्य घटना में, लांबड़ा पुलिस ने उस समय सफलता प्राप्त की जब उन्होंने गांव अथोला से बलदेव सिंह पुत्र फक्कीर चंद को गिरफ्तार किया। सब-इंस्पेक्टर बलबीर सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने आरोपी के घर के पीछे एक मवेशी शेड से 1,35,000 एमएल कीमत की ऑफिसर्स चॉइस शराब की 15 बोतलें बरामद कीं। उप पुलिस अधीक्षक सुरिंदरपाल धोगड़ी ने खुलासा किया, संदिग्ध ने बड़ी चतुराई से अपने मवेशी शेड को अवैध शराब के भंडारण की सुविधा में बदल दिया था। सफलताओं की कड़ी में एक और कदम बढ़ाते हुए, गोराया थाना अंतर्गत धुलेटा पुलिस चौकी ने आखिरकार जसप्रीत सिंह को पकड़ लिया, जो एक घोषित अपराधी था और अप्रैल 2019 से गिरफ्तारी से बच रहा था। सिंह आबकारी अधिनियम के तहत एफआईआर संख्या 72/2019 के संबंध में वांछित था। एसएसपी खख ने चेतावनी दी, आने वाले दिनों में ड्रग माफिया के खिलाफ हमारी कार्रवाई और भी तीव्रता के साथ जारी रहेगी।

किसानों, आढ़तियों का भाईचारा खत्म करना चाहती है सरकार: बजरंग गर्ग

वार्ता ➤ चंडीगढ
www.dailypioneer.com

हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने आरोप लगाया कि सरकार मंडियाँ बर्बाद कर किसानों और आढ़तियों का भाईचारा खत्म करने में लगी हुई है। उन्होंने यहाँ जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चुनाव के समय घोषणा की थी कि चुनाव के बाद आढ़तियों को पहले की तरह 2.5 प्रतिशत पूरा कमीशन दिया जाएगा लेकिन कुछ दिन पहले पत्र जारी कर कहा है कि आढ़तियों को वर्ष 2023-24 के लिए धान का कमीशन 55 रुपये होगा।

गेहूं का कमीशन बढ़ाया नहीं गया है जो किसानों को 45.88 रुपये प्रति क्विंटल मिल रहा है। गर्ग ने कहा कि 2.5 प्रतिशत कमीशन का वायदा पूरा किया जाता तो धान पर 58 रुपये व गेहूं पर 60.62 रुपये कमीशन बंता है। उन्होंने कहा कि सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार धान, गेहूं के साथ-साथ हर अनाज खरीद पर आढ़तियों को पूरा 2.5 कमीशन देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कि सरकार नरमा, सरसों, सूरजमुखी, मूंग, चना आदि पर तो कोई कमीशन आढ़तियों को नहीं दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मंडियां बर्बाद करके किसान व आढ़तियों का भाईचारा खराब करने में लगी हुई है।

सरकार के पास किसान की फसल खरीद करने के लिए ना तो सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों की पूरी व्यवस्था है ना ही अनाज लगाने के लिए सरकारी गोदाम में पूरी क्षमता है अगर मंडी के आढ़ती व प्राइवेट गोदाम ना हो तो अनाज की समय पर ना ही खरीद हो सकती है ना ही गोदाम में अनाज लग सकता है।

सरकार को किसान व आढ़तियों के हित में हर अनाज की खरीद मंडी के माध्यम से करनी चाहिए।

श्वान का पीछा करते हुए तेंदुआ घर में घुसा, दहशत में ग्रामीण

शहडोल। मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के जयसिंहनगर थाने के साकिन ढोलर गांव में एक श्वान का पीछा करते हुए एक तेंदुआ घर में घुस गया, जिसे बाद में घर से निकाला गया। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार ग्रामीण शेखू बैगा के घर में कल रात्रि एक तेंदुआ श्वान का पीछा करते हुए घुस गया। आसपास के लोगों ने हल्ला मचाया, तो तेंदुआ डरकर अन्दर बैठ गया। वन विभाग और पुलिस को खबर करने पर अमले ने कई घंटो की मेहनत के बाद खिड़की तोड़कर रास्ता बनाया, जिससे रात में तेंदुआ जंगल की तरफ भाग गया। इस घटना से ग्रामीणों में जानवरों से दहशत बन गयी है।

झारखंड की दशा को हिमांचल जैसा नहीं होने देना है : जयराम ठाकुर

वार्ता ➤ रांची
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस की कथनी और करनी को लेकर सवाल उठाए। ठाकुर ने भाजपा मीडिया सेंटर, रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि, कांग्रेस ने अपनी झूठी गारंटी देकर हिमाचल में सत्ता हासिल की। अब अपने किए गए वादों और गारंटी के विपरीत काम करना शुरु कर दिया है। उन्होंने कहा कि, हिमाचल में कांग्रेस ने 10 गारंटी दी थी, लेकिन दो साल हो गए है अभी तक कांग्रेस ने अपनी एक भी गारंटी पूरी नही की है, उनकी सारी गारंटी धरी की धरी रह गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हिमांचल प्रदेश में जो वादे किए थे, अब वैसे ही वादों को झारखड में दोहराया जा रहा है। ठाकुर ने कांग्रेस के वादों को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि, 18 से 60 साल की महिलाओं को 1500 रुपए हर महीने देने का वादा किया था।

लेकिन हिमांचल प्रदेश में 2 साल बीत गए महिलाओं-बहनों से जो वादा किया था उनको 1500 सौ रुपये हर महीने नहीं मिले।

कांग्रेस ने वादा किया था कि 5 साल में 5 लाख युवाओं को नौकरियां देंगे, हर साल 1 लाख नौकरियां दी जाएगी।

लेकिन सत्ता में आते ही नौकरी देने की बजाय पद ही खत्म कर दिए गए।

3 सालों से बोलना बंद था, मेंटल अस्पताल भेजने की थी तैयारी

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

आज पूरे देश में साधु सन्यासी और बाबाओं के दरबारों की चर्चा छिड़ी हुई है. खासकर बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री के दिव्य दरबार। लेकिन हम आज आपको भानुप्रतापपुर में एक घर में लगने वाले ऐसे दरबार के बारे में बता रहे हैं,जो बहुत ही कम समय मे इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इस दरबार में बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं और अपनी परेशानियों से निजात पाने का दावा करते हैं।आयोजित इस दरबार को माता का दरबार कहा जाता है। यहां ना पर्ची लगती है, ना अरजी लगती है सिर्फ प्राकृतिक जड़ी बूटी एवं पीपल के पत्ते के जरिए और माता जी की आशीर्वाद से लोगों की समस्याओं का निराकरण करते हैं। इस दरबार में भी दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं अपनी आस्था और विश्वास के जरिए समस्याओं से निजात पाते हैं। मानव सेवा कर रहे ईश्वर प्रसाद साहू कहते हैं कि सिर्फ माता जी के आशीर्वाद से लोगों की सेवा की जाती है।

दरबार में समस्याओं का निराकरण – आयोजित दरबार का नजारा दूसरे दरबार से अलग होता है यहां लोग अपनी तरह-तरह की समस्याएं लेकर आते हैं. कोई बीमारी से परेशान हैं, तो कोई प्रेत बाधा से परेशान किसी की नौकरी नहीं लग रही तो किसी की शादी नहीं हो रही. कोई व्यक्ति गंभीर बीमारी से ग्रसित है और कई जगह इलाज करा चुका है, लेकिन आराम नहीं मिला है इस तरह के लोग सिर्फ भानुप्रतापपुर या आसपास के इलाकों से नहीं बल्कि दूर-दूर से इस दरबार में पहुंचते हैं अपनी समस्या के निराकरण के लिए दरबार में शामिल होते हैं।

दरबार में पहुंचने वाले लोगों का दावा कहा 3 सालो से बोलना बंद था, मेंटल अस्पताल भेजने की थी तैयारी – कोंडागांव जिले के पूनम पांडे अपनी पत्नी तीजन पांडे को दरबार में लेकर पहुंचे थे। उन्होने बताया हमारी शादी के एक वर्ष बाद मेरी पत्नी तीजन पांडे गंभीर रूप से बीमार हो गई उनका मानसिक संतुलन खराब हो गया और धीरे-धीरे उनका बोलना भी बंद हो गया कई जगह इलाज कराया, लेकिन आराम नहीं मिला। 3 वर्षों तक हम इलाज कोंडागांव से कांकेर रायपुर तक इलाज कराए कई सरकारी अस्पतालों में तो तीजन पांडे को मेंटल अस्पताल तक में भी भेजने की सलाह दे दी थी। उन्हें भानुप्रतापपुर के दरबार के बारे में पता चला तो वह तीन बार यहां आ चुके हैं और उनकी पत्नी तीजन पांडे पूरी तरह स्वस्थ हो गई है। उनका बोलना भी शुरू हो गया साथ ही मानसिक स्थिति जो खराब थी वह ठीक हो गया। आपको बता दें कि भानुप्रतापपुर तहसील पतंजलि योग समिति अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद साहू इन दिनों भानुप्रतापपुर में अपने घर में माह में दो बार दरबार लगते हैं। जहां कई श्रद्धालु शामिल होने आते हैं। उनके दरबार में कई चमत्कार होने का दावा किया जाता है। इसमें शामिल होने वाले श्रद्धालुओं का दावा है कि माता जी का आशीर्वाद मिलने चाहे कितने भी बड़ी समस्या हो दूर हो जाता है।

भक्तों का संकट होता है दूर – आचार्य ईश्वर प्रसाद साहू बताते हैं कि यहां आयोजित दरबार में किसी व्यक्ति विशेष का नहीं बल्कि सिर्फ और सिर्फ माता दुर्गा की ही चमत्कार है। जिनके दर्शन मात्र से भक्तों के संकट दूर होते हैं साथ ही उनकी मनोकामना भी पूरी होती है। उन्होने बताया कई प्रकार के श्रद्धालु यहां अपनी समस्या लेकर आते हैं। माता जी द्वारा दरबार के दौरान उनकी समस्या के निदान के लिए कई प्रकार के जड़ी बूटी औषधि पत्ते से काट होने के बाद कहा जाता है। दोबारा फिर भक्त यहां संबंधित उपचार के सामग्री लेकर आते हैं इसके बाद माता प्रसन्न होते हैं और भक्तों के संकट दूर होते हैं साथ ही उनकी मनोकामना भी पूरी होती है।

वनरक्षक भर्ती प्रक्रिया को लेकर सवाल पर भड़के उपनिदेशक आईटीआर

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

वनरक्षक भर्ती प्रक्रिया को लेकर सवाल उठने लगे हैं। भर्ती प्रक्रिया को लेकर जहां एक ओर प्रशासन पारदर्शी बनाने के लिए वीडियो ग्राफी की जा रही है वहीं देर रात तक शारीरिक दक्षता के परीक्षण के लिए रोके जाने को लेकर अभ्यर्थियों की शिकायतों पर चले खबरों की सत्यता जानने पहुंचे पत्रकारों को रोके जाने से पत्रकार नाराज हो गए। बताया गया है कि इन पत्रकारों में प्रेस क्लब के अध्यक्ष के संतोष कुमार स्वयं मौजूद रहे। संतोष कुमार का आरोप है कि वनरक्षक भर्ती प्रक्रिया की गड़बड़ियों के सवाल पर उपनिदेशक आईटीआर ने कहा कि जो लिखना है लिख लो, हम देख लेंगे। संतोष ने कहा कि एक जिम्मेदार अधिकारी का इस तरह का बेतुका बयान प्रशासन की निरंकुशता को दर्शाता है तथा भर्ती प्रक्रिया में धांधली के सवाल को मजबूती प्रदान करता है। अधिकारियों को समझना होगा ऐसी तानाशाही नहीं चलेगी।

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लिए ऑनलाइन आवेदन पीएमएवाई 2.0 का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद नारायणपुर में 15 नवम्बर को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 (सबके लिए आवास) अंतर्गत हितग्राही सर्वेक्षण कार्य नवीन आवासों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने हेतु पीएमएवाई 2.0 शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन एजी सिनेमा ऑडिटोरियम नारायणपुर में किया गया। इस योजना का शुभारंभ केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम के करकमलों द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि रुपसाय सलाम, बृजमोहन देवांगन, कलेक्टर बिपिन मांझी, अपर कलेक्टर बिरेंद्र बहादुर पंचभाई, जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशीष कुमार कोर्राम, उप अभियंता हिमांशु कावड़े, बसंत कुंजाम, लेखापाल रामचंद यादव, समस्त जिला अधिकारी, समन्वयक कमलेश चिमनकार, पीआईयू दिनेश साहू एवं समस्त नगरपालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे, जिन्हे योजना की जानकारी विस्तृत रूप से दिया गया। माननीय जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के महत्व पर प्रकाश डाला और इसे गरीब एवं जरूरतमंद नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने वाली शासन की एक महत्वपूर्ण योजना बताया। जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में योजना के प्रभाव और लाभार्थियों के जीवन में आने वाले सकारात्मक बदलावों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह योजना समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभा रही है और सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। बीएलसी घटक अंतर्गत मोर जमीन मोर आवास अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। इसके लिए नगर पालिका परिषद नारायणपुर सदैव तत्पर रहेगा।

अरविंद महाविद्यालय किरन्दुल में किया मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

शासकीय अरविन्द महाविद्यालय किरंदुल में शनिवार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में रंगोली, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता रखी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर के हिरकने के द्वारा किया गया। एवं मुख्य अथिति के रूप में बड़े बचेली के तहसीलदार जीवेश सोरी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्राचार्य के द्वारा छात्र -छात्राओ को वोटर आईडी त्रुटिकरण में सुधार करने,नये वोटर आईडी हेतु आवेदन करने साथ ही अपने मतधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।एवं साथ ही मुख्य अथिति ने भी आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायती चुनाव पर छात्र - छात्राओं को अपना वोट डालने के लिए प्रेरित किया।प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्र -छात्राओं को प्रमाण पत्र, मोमेंटो दे कर प्रोत्साहित किया गया।

इस कार्यक्रम में स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी सुखराज नुरेटी, सहायक प्राध्यापक डॉ. तंजीन आरा खान, शारदा दर्रो,बिंदु ठाकुर एवं समस्त सहायक प्राध्यापक गण,अतिथि व्याख्याता एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

ब्लॉक स्तरीय गोपाष्टमी एवं अहीर नृत्य शौर्य प्रदर्शन

भानुप्रतापपुर। ब्लॉक स्तरीय गोपाष्टमी एवं अहीर नृत्य शौर्य प्रदर्शन महोत्सव कलँगपुरी में भानुप्रतापपुर विधानसभा की जनप्रिय विधायक सावित्री मण्डावी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुई।इस अवसर पर शोपसिंग आँचला अध्यक्ष ब्लॉक कॉग्रेस कमेटी दुर्गुकोंदल, शकुंतला भुआर्य सरपंच कलँगपुरी, उमेश्वरी मण्डावी सरपंच सिवनी,महेंद्र यादव,अध्यक्ष बस्तर संभाग, केशव राम यादव जिला संरक्षक,गोकुल राम यादव उपाध्यक्ष जनपद उपाध्यक्ष दुर्गुकोंदल, झाडू राम उयका मयाराम आँचला ग्राम गायता, उजिरराम पटेल, नंदलाल यादव,हरिराम यादव ब्लॉक सलाहकार, मेहतरुराम यादव ब्लॉक संरक्षण, अंकाल यादव ब्लॉक संरक्षण, पुनीत राम यादव ब्लॉक उपाध्यक्ष, ब्लॉक सचिव प्रेमलाल यादव, गोकुल यादव ब्लॉक कोषाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ छोटू यादव, मीडिया प्रभारी मोहन यादव, ब्लॉक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ बसंती यादव, आनंद तेता, राजू संघोड़िया, सोमदेव कोरोटी,सियाराम दर्रो,रामनाथ नरेटी, हरिराम यादव, फुलसिंग नरेटी और सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

पार्षद एवं नगर पालिका सीएमओ के पहल पर मानसिक रोगी को ईलाज के लिए भेजा गया डिमरापाल

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरन्दुल स्थित वार्ड क्रमांक 7 भट्टी पारा में रहने वाले 46 वर्षीय कृपा राम यादव के माता पिता के गुजरने के बाद उनका मानसिक संतुलन बिगड़ने लगा एवं उनकी पत्नी भी अपने बच्चे को साथ छोड़ चली गई फिर भाई का भी निधन हो गया उसके बाद उन्हें देखने वाला कोई नही बचा जिसके चलते दिमागी हालात और खराब हो गई और घर छोड़कर यहाँ वहाँ रहने लगा।कृपाराम शुगर मरीज़ होने की वजह से उनके पैर में लगी चोट बढ़ गई और देखरेख न होने के कारण पैर के तलवे और ऐड़ी के पास से हड्डियां बहार दिख रही थीं।ऐसे समय मे मानवता की मिसाल पेश करते पार्षद अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने रविवार दोपहर 02 बजे मानसिक रोगी कृपाराम को बीटीओए के एम्बुलेंस के माध्यम से डिमरापाल भिजवा कर जल्द पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना की।मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिभूषण महापात्र मौके पर पहुंच गम्भीर रूप से घायल कृपाराम को अपने साथ डिमरापाल लेकर गए और एडमिट करवाने की जिम्मेदारी स्वं लेकर मानवता की मिसाल पेश की।इस दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र की इंचार्ज डॉक्टर चंद्रिका नाग,ड्रेसर मयंक ठाकुर,संगीता लाल,हेमा ने भी मरीज़ को रेफर करने में पूर्ण योगदान दिया।

प्रताप मंडावी ने दिया ग्राम पंचायत गोमे को पानी टैंकर

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत नारायणपुर के क्षेत्र क्रमांक 9 के सदस्य प्रताप सिंह मंडावी ने अपनी जिला पंचायत विकास निधि से ओरछा जनपद के ग्राम पंचायत गोमे के सरपंच धनसाय कचलाम एवं सचिव सरादू भंडारी को क्षेत्र में शादी, छठी, मरनी एवं सामाजिक कार्यक्रमों इत्यादि कार्यों के लिए यह चलित पानी टैंकर प्रदाय किया है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गोमे के सरपंच धनसाय कचलाम ने ग्राम पंचायत गोमे के निवासियों को चलित पानी टैंकर प्रदान करने के लिए अबूझमाड़ के सर्वाधिक सक्रिय जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह मंडावी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भानुप्रतापपुर के डेलियांस प्रथम, मुख्यमंत्री के हाथों हुआ सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर के होनहार छात्र डेलियांस पदढा ने जनजाति गौरव दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री ने नगद राशि और प्रमाण पत्र प्रदान कर किया सम्मानित किया है। धरती आबा वीर जल, जंगल, जमीन के रक्षक भगवान बिरसा मुंडा के जन्म दिन 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 13 से 15 नवम्बर तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन साइंस कॉलेज मैदान में आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नवा रायपुर द्वारा साइंस कॉलेज मैदान में किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नगद राशि और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मक क्षमता का पता लगाने और अद्वितीय विचारों को प्रोत्साहित करना है। जब बच्चे ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं, तो उन्हें विभिन्न प्रकार के विषयों और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो उनकी कल्पना और रचनात्मकता को चुनौती देते हैं। नियमों या दिशा-निर्देशों से सीमित न होकर अपनी सोच को चित्रकला के माध्यम से बच्चे अपनी कलात्मक क्षमताओं को विकसित कर सकते हैं और अपनी अनूठी शैली और अभिव्यक्ति की खोज कर सकते हैं।

बस्तर माटी की सौंधी खुशबू भरे अनार दानों गीतों से गुंजा वन

सरगीफूल बस्तर के साहित्यकारों कलाकारों का दीपावली मिलन

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

नींदा नींदुक लाय बेलोशा जावां बे,
नींदा नींदुक लाय बेलोशा जावां बे,
कोन बेड़ा रे सिलेदार जावां बे,
कोन बेड़ा रे सिलेदार जावां बे,

इन पंक्तियों से दीवाली मिलन कार्यक्रम में समां बांधने वाले

मशहूर लोक गीतकार,रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता बस्तर माटी फेम खीरेन्द्र यादव ने अपने गीत पाठ में गाया। बस्तर लोक संस्कृति को फिल्मों एल्बमों में जीवंत अभिनय करने वाले इन वरिष्ठ कलाकार ने अपने अलग अंदाज से कार्यक्रम का शानदार आगाज किया।

अवसर था सरगीफूल बस्तर, साहित्य,जल,जंगल,जमीन,सिरजन,

संस्कृति चो सांगम द्वारा आयोजित साहित्यकारों,कलाकारों का दीपावली मिलन का। क्षेत्र के नामचीन साहित्यकारों,कलाकारों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम गरिमामय बना दिया और कार्यक्रम साहित्य के चरमोत्कर्ष को प्राप्त हुआ। एक से बढ़कर एक मनभावन रचनाओं,गीतों ने कार्यक्रम को रंगीन बना दिया। गीत,कविता का दौर और सरगी छांव खुला आसमान के नीचे माहौल खुशनुमा रंग बिरंगे धूप-छांव हो गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुये शामपुर माकड़ी से आए गीतकार रामदेव कौशिक ने मां दंतेश्वरी की वंदना की-

आया मोचो दंतेश्वरी
बुबा भैरम आय।
भाई दंडकार बहिन इंद्रावती,
सुंदर मोचो तुमके शरन शरन आय।
तुमके शरन शरन आय।
मंय आंय बस्तर जिला चो,
आदिवासी पीला।

दीपावली मिलन कार्यक्रम में सरगीफूल के संयोजक डॉ.विश्वनाथ देवांगन उर्फ मुस्कुराता बस्तर ने सरगीफूल ग्रुप के उद्देश्य,कार्य और दीपावली मिलन पर कार्यक्रम को सरगी पेड़ों के वादियों मे खुला आसमान के तले आयोजित करने के विषय में सारगर्भित उद्बबोधन दिया। अपनी चर्चित कविता सरगीफूल कि चंद पंक्तियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए और तालियां बटोरी कि-

सरगीफूल कितरो सुंदर,
फूल सुंदरी,सुपास लागे गंद।
दिनेक बस्तर इया रे दीदी,
इता रूक ले झड़े से धन।
मांई चो बस्तर माटी तिहार,
रसुम सुंदर देखे से सरगी पान।
सुमरनी,तरपनी ले पायसे माटी,
धन-धन रे सरगी,खूबे तुचो मान।

बम्हनी कारसिंग से आये युवा मंच संचालक और लोक गीतकार संतोष सोरी ने अपनी गीतों का सस्वर पाठ कर मन मोह लिया।

संदेशे आते हैं,
चिट्ठी आती हैं,
कि घर कब आओगे
कि घर कब आओगे।...

ओंडरी माकड़ी से आये युवा हस्ताक्षर सनत सोरी कोयतुर ने बेटियों और शिक्षा की व्यथा पर धीर गंभीर रचना का पाठ कर वातावरण द्रवित कर दिया।

कल क्यों करना है,
जो करना है आज कर लें,
सोंच कर समय न करें बेकार,
चलो आज नई शुरुआत कर लें।

नवोदित और गीत कविता में समान रूप से पकड़ रखने वाली युवा कवियित्री हर्षिका महावीर ने वर्तमान परिदृश्य पर कविता प्रस्तुत किया और कहा-

मैं सरगीफूल आंव,
मैं बस्तर के सरगीफूल आंव,
मोर माटी हे सरग,
माटी मोर दाई के अंचरा छांव।

समाज सेवकों ने मानसिक रोगी को दिया नया जीवन नए कपड़े पहनकर चेहरे पर आई मुस्कान

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर के समाज सेवको ने मिलकर मानसिक रोग से ग्रस्त एक व्यक्ति की सेवा कर मानवता की मिसाल पेश की है। नगर में बदहाल घूम रहे एक युवक के पहले बाल कटवाए और उसको नहलाकर साफ-सुथरे कपड़े पहनाए। युवक को यहां कई दिनों से घूमते देखा गया। युवक की दयनीय हालत को देखते हुए समाज सेवको उसे गाड़ी में बिठाकर पहले उसे मैदान ले गए। वहां उसे नहलाकर उसके बालों को कटवाकर साफ-सुथरे कपड़े पहनाए गए। उसे खाना भी खिलाया। इस दौरान जागेश्वर के चहरे की मुस्कराहट देखकर कोई भी ये नहीं कह सकता की ये वही व्यक्ति है जो कुछ समय पहले गंदगी की हालत में बाजार में घूम रहा था। समाज सेवको ने मानसिक रोगी की सहायता कर मानवता की जो मिशाल पेश की है वो प्रशंसनीय है। समाज सेवक अंबिका प्रसाद सोनी, शंकर गांधी,ईश्वर प्रसाद साहू,संजय साहू ने बताया मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक जागेश्वर को सेविंग कटिंग ,स्नान करवाकर नए परिधान पहनाया गया। पैर में चोट है जिसका ड्रेसिंग दवाई से लेकर उनके शयन विश्राम आदि के लिए बिस्तर आदि का व्यवस्था किया गया।उन्होने कहा नर नारायण के भाव से उनका सेवा किया ज रहा है। उन्हे प्रेम और साफ सुथरा माहोल मिलने से युवा पूर्ण रूप से स्वस्थ हो सकता है। इस उद्देश्य से नगर के समाज सेवको द्वारा यह पुनीत और अनुकरणीय कार्य किया। इस सेवा कार्य में इशू सोनी,दिलदार ठाकुर,अविनाश सरकार का विशेष सहयोग रहा।

धान खरीदी में गड़बड़ी पर होगी कड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कोचिया एवं बिचौलियों से न करें धान की खरीदी

जिले में धान खरीदी की सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिला पंचायत सभाकक्ष में महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने जिले के 67 सहकारी समितियों के 90 धान उपार्जन केन्द्रों से संबंधित नोडल अधिकारी, ब्रांच मैनेजर एवं समिति प्रबंधकों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर अग्रवाल ने कड़े शब्दों में कहा कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। शासन द्वारा निर्धारित धान खरीदी नीति के तहत ही सुचारू रूप से धान खरीदी की जाए। सभी केन्द्रों में शासन द्वारा तय किये 35 बिन्दुओं में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित किये जाए। धान खरीदी के लिए सभी केन्द्रों के नोडल अधिकारी, ब्रांच मैनेजर, समिति प्रबंधक एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर गंभीरतापूर्वक कार्य करें। सजग एवं सक्रिय होकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। धान खरीदी में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाये जाने पर संबंधितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा तय किये गये मानक अनुसार धान सुखा होना चाहिए। गुणवत्ता से किसी भी प्रकार की समझौता नहीं करें। धान की क्वालिटी की जांच कर अधिकतम 17 प्रतिशत तक आर्द्रता के साथ साफ-सुथरा धान की ही खरीदी की जाए। किसी भी स्थिति में कोचिया एवं बिचौलियों से धान की खरीदी न की जाए। क्षेत्रों में अवैध धान खरीदी बिक्री भण्डारण एवं परिवहन पर भी कड़ी निगरानी रखकर आवश्यक कार्यवाही करे। किसानों की सुविधा के लिए घर बैठे टोकन प्राप्त करने के लिए मोबाईल एप्प टोकन तुंहर हाथ के माध्यम से ही टोकन लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। टोकन धान खरीदी दिवस के 7 दिन पहले लेना होगा। किसानों द्वारा पूर्ण धान बेचे जाने के पश्चात तत्काल रकबा समर्पण भी करवाये। औसत उत्पादन से ज्यादा टोकन कटवाने वाले रकबों का सत्यापन संबंधित एसडीएम के द्वारा किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि 18 से 22 नवम्बर तक धान खरीदी को उत्सव के रूप में मनाना है। इसके तहत खरीदी केन्द्रों में किसानों का फूलमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया जाना है। इसके साथ ही खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए छायेदार शेड, पेयजल, प्राथमिक उपचार किट एवं अग्निशमन की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही खरीदी केन्द्रों में नो स्मोकिंग जोन से संबंधित आवश्यक फ्लैक्स भी लगवाये। इस दौरान बैठक में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी प्रहलाद पुरी गोस्वामी, जिला विपणन अधिकारी अमित चन्द्राकर, सहायक आयुक्त सहकारिता डॉ. उषा ध्रुव, खाद्य अधिकारी सुधीरगुरू सहित नोडल अधिकारी, ब्रांच मैनेजर, समिति प्रबंधक, सहकारिता एवं खाद्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। थे। बैठक में समिति प्रबंधकों को धान खरीदी के दौरान अपनाये जाने वाले प्रक्रियाओं की भी जानकारी विस्तार से दी गई। धान खरीदी के पश्चात व्यवस्थित रूप से स्टेकिंग एवं आवश्यक मात्रा में डनेज की व्यवस्था के बारे में बताया गया। कॉमन एवं ग्रेड-ए धान में अंतर तथा डैमेज, डिस्कलर, अंकुरित, बाह्य पदार्थ एवं घुन लगा धान के पहचानों के बारे में भी बताया गया। प्रबंधकों को पुराने वर्षो के धान की खरीदी नहीं करने तथा निर्धारित मानक अनुसार नये धान की ही खरीदी करने की जानकारी दी गई। बारिश की संभावनाओं के दौरान धान को बारिश में भीगने से बचाने आवश्यक तारपोलिन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। भण्डारित धान को राईस मिलर्स, परिवहनकर्ता को डिलीवरी देते समय प्रथम आवक-प्रथम जावक का पालन करने तथा भण्डारित धान की सुरक्षा हेतु चौकीदार की नियुक्ति, अस्थाई फेंसिंग, जल निकासी की व्यवस्था एवं दीमक रोधी दवाओं को छिड़काव की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। सभी जगह सीसीटीवी कैमरे लगवाने तथा केन्द्रवार आईपी एड्रेस की जानकारी देने के निर्देश दिये गये। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि सीमावर्ती इलाकों सहित मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र में औसत उत्पादन पर विशेष ध्यान रखे।

पीएम श्री चनाट मे आंवला तली त्यौहार संपन्न

पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पीएम प्राथमिक शाला चनाट प्रांगण मे स्थित आँवला पेड़ के रूप मे भगवान कार्तिकेश्वर की पूजा अर्चना बड़े धूम धाम से नाच कीर्तन, भजन के साथ किया गया। उक्त अवसर पर बच्चों द्वारा आँवला पेड़ के निचे रंगोली से सजाया गया, तत्पश्चात महाराज निराकार द्वारा विधि से पूजन किया गया, भोग लगाया गया, आरती एवं भजन गाये गए, आँवला वृक्ष की परिक्रमा की गयी,बच्चों मे बड़ी उत्साह बनी रही। पूजा समाप्त होने पश्चात् प्रसाद वितरण एवं आँवला भोज के रूप मे एवं बालदिवस के अवसर पर न्योता भोज ग्रहण किये। जिसमे गाँव के प्रमुख जन चिंता यादव, धनेश्वर पटेल, हरप्रसाद, आदि नागरिक जन, समस्त बच्चे, समस्त स्टॉफ सभी मौजूद थे।

पी.एम.स्कूल चनाट मे बाल दिवस पर न्योता भोज

पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com

पीएम शासकीय प्राथमिक शाला चनाट मे बाल दिवस का कार्यक्रम आयोजित हुआ,जिसके उपलक्ष्य मे पंडित जवाहर लाल नेहरू देश के प्रथम प्रधान मंत्री के जयंती के अवसर पर उनके तैल चित्र मे माल्यार्पण कर, तिलक पुष्प चढ़ाया गया। चाचा नेहरू के जीवनी का संक्षिप्त विवरण बच्चों को बताया गया। बारी बारी से बच्चे भी तिलक पुष्प लगाकर पूजा अर्चना किये। कार्यक्रम के अंत मे बच्चों को बालदिवस के उपलक्ष्य पर पदस्थ प्रधान पाठक नीलाम्बर नायक एवं सहायक शिक्षक प्रभा जगत के सौजन्य से न्योता भोज कराया गया, जिसमे प्रमुख रूप से दाल, चावल, शब्जी के अलावा, मीठा, मीठा गुलगुल भजिया, केला परोसा गया।

पीएमश्री स्कूल कसडोल में हुआ आनंद मेला का आयोजन

पायनियर संवाददाता लवन
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत कसडोल में संचालित पीएमश्री गुरु घासीदास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे हुआ आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के अध्यक्ष गणेश शंकर साहू और प्रमुख सदस्यों में तेजस्वी साहू,विवेक सहीस,देवीदास मानिकपुरी, अभिजीत श्रीवास, आर के बंजारे, विधायक प्रतिनिधि बसंत श्रीवास, कृषि सहकारी समिति के अध्यक्ष नंदू धीवर भाग लिए साथ ही जिला शिक्षा विभाग बलौदा बाजार से सहायक संचालक केके गुप्ता, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ए के ध्रुव, बीआरसीसी नीलमणि साहू, आर पटेल, कमलेश कश्यप आदि कसडोल से मुख्य रूप से उपस्थित हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुभारंभ मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के पूजन के साथ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शाला परिसर को सजाया गया । इस कार्यक्रम में कक्षा तीसरी से लेकर बारहवीं तक के स्कूली छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की व्यंजन बनाकर अपना स्टॉल लगाया जिसमे अनेक प्रकार के मिष्ठान्न गुलाब जामुन, रबड़ी, मलाई, भेल, चाउमिन, गुपचुप, चाट, ब्रेड पकोड़ा, मेगी, और कोलड्रिंक, चाय की व्यवस्था किया गया । साथ ही विभिन्न प्रकार के मनोरंजन खेल का भी आयोजन किया गया। जिसमे बच्चो के साथ साथ सभी पालकों ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर लुफ्त उठाया । इस कार्यक्रम की आयोजन में मुख्य रूप से पीएमश्री स्कूल कसडोल के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा और समस्त शिक्षकों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सफल कार्यक्रम के लिए प्राचार्य ने बच्चों व पालकों का आभार व्यक्त किया।

पांच खेलों का समूह पेंटाथेलान, बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए महत्वपूर्ण अवसर

धमतरी एथलेटिक्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

एथलेटिक्स एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष रीतिका यादव के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में दीपक ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में एसोसिएशन के आगामी कार्यक्रमों और एथलेटिक्स को बढ़ावा देने के लिए रूपरेखा तैयार की गई जिसमे सभी विकासखण्ड से खिलाड़ियों का चयन पेंटाथेलान खेलों के लिए किया जाएगा और उन खेलों में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय खेलों हेतु किया जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय एथलेटिक्स खेलों हेतु भेजा जाएगा। दीपक सिंह ठाकुर ने बैठक में कहा कि सभी खेलों में पारदर्शिता के साथ खेलों का आयोजन होना चाहिए और किसी भी प्रकार का पक्षपात नहीं होना चाहिए। गांवों के कोने कोने से प्रतिभाओं को ढूंढकर अवसर देने की आवश्यकता है। बैठक में उपाध्यक्ष उदय गाड़ेवाल, सचिव हिमांशु चंद्राकर, अनूप यदु कोषाध्यक्ष, जिला प्रभारी रवि धनकर की सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तुलसी साहू, पीटीआई चंद्र प्रकाश, तिकेश्वरी चंद्राकर और टिकेश्वर नीलमारकर भी उपस्थित थे। बैठक में खेल और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए नए कार्यक्रमों को लागू करने पर चर्चा की गई। अध्यक्ष रीतिक यादव ने कहा कि धमतरी जिले में एथलेटिक्स को और अधिक सशक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए और धमतरी जिले को खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया।

स्थानीय स्तर पर अधिकतम लोगों को लाभ पहुंचाना ही शिविर का मुख्य उद्देश्य : कलेक्टर

जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 286 आवेदन 179 आवेदनों का किया गया तत्काल निराकरण

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के संकल्पों के अनुरूप जिले मे जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को सिमगा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत दरचूरा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन स्कूल परिसर में किया गया जिसमें ग्राम दरचूरा सहित आस -पास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबधित कुल 286 आवदेन प्राप्त हुए जिसमे से 179 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया और बचे हुए 107 आवेदनों को अलग से समय सीमा में दर्ज कराया गया है। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के तहत 45 हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 10 गर्भवती महिलाओं का गोदभराई एवं 6 बच्चों का अन्नप्राशन भाटापारा विधायक इंद्र साव,कलेक्टर दीपक सोनी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। इस मौके जनपद पंचायत सदस्य लखन अग्रवाल सरपंच सरस्वती डहरे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे है। कलेक्टर सोनी ने कहा कि लोगों की समस्या, शिकायतों व मांगो का निराकरण स्थानीय स्तर पर करने के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से अधिकतम लोगों को लाभ पहुँचाना ही इसका मुख्य उद्देश्य है। शिविर में सभी विभागों के जिला अधिकारी अपने अमलों के साथ उपस्थित होते हैं जिससे कि आवेदनों का तत्काल निराकरण किया जा सके। कुछ ऐसे भी आवेदन हो सकते हैं जिनका तत्काल निराकरण सम्भव नहीं होता ऐसे आवेदनों को समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए गए हैं। उन्होने कहा कि समूह की महिलाएं बिहान से जुड़कर आजीविका गतिविधियों को आगे बढ़ाने कार्य कर रहे है ऐसे कार्य को जिले बढ़ावा देना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान कलेक्टर ने आम नागरिकों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी.कुछ समस्याओं का मौके पर निराकरण किया। कुछ के लिए समय-सीमा निश्चित कर समाधान करने कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए। कृषि विभाग एवं एनआरएलएम द्वारा जल शक्ति का प्रदर्शनी लगाया गया था। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हितग्राहियों के मेडिकल टेस्ट कर उन्हें बुखार, उल्टी-दस्त, पेट-दर्द, हीमोग्लोबिन, शुगर जैसी दवाइयों का वितरण किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया जिसमें मत्स्य विभाग द्वारा बिरस डहरे, भुनेश्वरी दिवाकर को मछली जाल एवं दुखित निषाद अरुण साहू, को आईस बॉक्स,पीएम आवास स्वीकृति पत्र मोगरा दिवाकर, पंच बाई टंडन, फागू राम पटेल,कांति बाई पटेल, संतु राम निषाद, जॉब कार्ड संतोषी साहू, नर्मदा यादव, पंचू पटेल, स्वास्थ्य विभाग से बिरस डहरे, रोहित धृतलहरे, राकेश लहरें, राइस बाई, ब्रयन, कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि अंतर्गत प्रमाण पत्र नारायण पाल, अशोक बंजारे, मोहन माडे, ज्ञानी जेल सिंह,बलौद राम नगद बीज वितरण चम्मन साहू, कमलेश पाल, अखिलेश साहू, त्रिलोचन साहू,उद्यानिकी विभाग द्वारा धनिया बीज धर्मेंद्र साहू, लोकेश पटेल, पंचराम साहू,मोहन पटेल, कुंदन पटेल, महेश कुमार, सुखी लहरे, मोती गहरे,ज्ञानी दिवाकर, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान द्वारा सोनम समूह दरचूरा 2 लाख, लक्ष्मी समूह अलकतरा 3 लाख रूपये सूरज समूह दरचूरा 2 लाख, शक्ति समूह दरचूरा 5 लाख, दरचूरा के हरियाली धरती समूह 2 लाख, हरियाली खुशहाली समूह 3 लाख,एवं जागृति समूह को 2 लाख रूपये का चेक प्रदान किया गया है। इस मौके पर अपर कलेक्टर भूपेंद्र अग्रवाल, एसडीएम अंशुल वर्मा,जनपद सीईओ अमित दुबे सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी गण, कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बोरसी में जुआ ताश खेल रहे आरोपियों के विरुद्ध किया वैधानिक कार्यवाही

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी पुलिस थाना मगरलोड को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम बोरसी सूखा तालाब के किनारे ताश जुआ खेल रहे की सूचना पर तत्काल मगरलोड पुलिस द्वारा मुखबिर के बताये जगह ग्राम बोरसी शराब दुकान से लगा हुआ सूखा तालाब के किनारे जाकर घेराबंदी कर पकड़ा गया। जो आम जगह में रूपये पैसे से हारजीत का दांव लगाकर ताश काट पत्ती नामक जुआं खेलते रंगे हाथ मिलने पर 06 जुआरियों के कब्जे से नगदी रकम 10,570 रू एवं 52 पत्ती ताश जप्त कर थाना मगरलोड में अप क्र 332/25 धारा 03-2 जुआ एक्ट के तहत अपराध कायम कर वैधानिक कार्यवाही किया गया। जुआरियों का नाम श्याललाल कुम्भकार उम्र 50 वर्ष, मोहन लाल निषाद उम्र 42 वर्ष, शेषकुमार साहू उम्र 35 वर्ष, सोहन सेन उम्र 35 वर्ष, जितेन्द्र यादव उम्र 32 वर्ष, मुकेश यादव उम्र 41 वर्ष आदि के नाम शामिल हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मगरलोड एवं प्रआर जैत राम जोगी आर नवीन टंडन, कुणाल साहू, कीर्तन सोनकर, प्रफुल रात्रे, गोविन्दा धृतलहरे, सैनिक धरम निषाद, खोमन गायकवाड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बाल दिवस के उपलक्ष पर नेवता भोज का आयोजन

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बाल दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदा बाजार में संस्था की प्राचार्य ऋतु शुक्ला के मार्गदर्शन में तथा संस्था के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं के सामूहिक प्रयास से नेवता भोज का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के शाला विकास समिति के अध्यक्ष नरेश केशरवानी , विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र टंडन, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कैलाश साहू तथा संस्था की प्राचार्य ऋतु शुक्ला, संजय श्रीवास दिलीप माहेश्वरी के साथ साथ समस्त स्टॉफ गण तथा छात्र छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संस्था द्वारा आयोजित न्योता भोज कार्यक्रम में उपस्थित संस्था की प्राचार्य ऋतु शुक्ला ने उपस्थित स्कूल के बच्चों एवं मौजूद समस्त गणमान्य अतिथियों को बताया की हमारे शिक्षक गण के लिए भी आज का दिन विशेष है आपकी हर प्रयास बच्चों की शिक्षा और उनके व्यक्तित्व को निखारने की दिशा में समर्पित होता है आप सभी का सहयोग और मार्गदर्शन ही बच्चों के जीवन को सुंदर और सफल बनता है शिक्षण केवल विषयो को सीखना नहीं बल्कि उनके जीवन को संवारना भी है और उसके लिए आप सभी को नमन करती हूं बच्चों मैं आपसे यही कहना चाहूंगी की आप जीवन में हमेशा अपने सपनों को जिए ईमानदारी और मेहनत के साथ-साथ आगे बढ़े और सबसे महत्वपूर्ण हमेशा एक अच्छे इंसान बने यही पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चाचा नेहरू जी का भी संदेश था और हम सब का भी उद्देश्य यही होना चाहिए उक्त कार्यक्रम की सराहना करते हुए वहां मौजूद समस्त अतिथि एवं स्कूल का पूरा स्टाफसंस्था की प्राचार्य ऋतु शुक्ला को बधाई प्रेषित किया।

ग्राम भानपुरी में सात दिवसीय रासेयो शिविर का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं संरक्षण तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल के कुशल मार्गदर्शन में ग्राम भानपुरी में आयोजित रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह एवं सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जानकी साहू सरपंच ग्राम भानपुरी, अध्यक्षता संतराम ध्रुव ग्रामीण अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि, खिलेश्वरी किरण,भूतपूर्व सदस्य राज्य महिला आयोग छत्तीसगढ़ शासन, डोमन साहू, ग्राम पंचायत भानपुरी के पंचगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का औपचारिक शुरुआत मां सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर हुआ। इसके पश्चात सरस्वती वंदना एवं लक्ष्य गीत स्वयंसेविका डुमेश्वरी ने प्रस्तुत किया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने समस्त अतिथियों का स्वागत किया तथा शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि इन सात दिनों मे रासेयो इकाई द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा गांव की साफ-सफाई, प्रभातफेरी, योग शिविर, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान, पशु चिकित्सा शिविर, स्वास्थ्य शिविर, फसल चक्र परिवर्तन अभियान, विधिक जागरूकता, साइबर अपराधों से सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता, महिला सशक्तिकरण, कैरियर गाइडेंस इत्यादि कार्यक्रम शामिल है। विशिष्ट अतिथि खिलेश्वरी किरण ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप नवयुवक ही इस राष्ट्र के निर्माता है तथा आप सबके भागीदारी से ही यह राष्ट्र विकसित राष्ट्र की ओर आगे बढ़ सकता है। इसके साथ ही गांव के युवाओं को गांव के विकास के लिए लगातार प्रयासरत रहने के लिए भी आवाह्न किया। मुख्य अतिथि जानकी साहू ने समस्त स्वयंसेवकों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को ग्राम भानपुरी में शिविर लगाने के लिए धन्यवाद दिया तथा स्वयंसेवकों द्वारा किए हुए कार्यो की प्रशंसा की। इसके पश्चात स्वयंसेविका डुमेश्वरी द्वारा भजन प्रस्तुत करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुरुआत हुआ जिसमें स्वयंसेवक टाकेन्द्र, मोनीस, गजेंद्र, कीर्ति, दिव्या, योगिता, तुलसीरानी, डेमीन, रीना, रेशमा, खुशबू आदि ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न लोकगीतों से जुड़े नृत्य पर मनमोहक प्रस्तुति दिया। साथ ही स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण विषय पर भी शानदार प्रहसन प्रस्तुत किया। समस्त ग्रामवासियों ने स्वयंसेवकों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की। समस्त अतिथियों एवं स्वयंसेवकों द्वारा कैंपफायर कर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर गांव के गणमान्य नागरिक, महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अंकित कुमार बोधवानी, युगेश्वर प्रसाद, लैबटेक्नीशियन सविता गिलहरे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त स्वयंसेवक एवं भूतपूर्व स्वयंसेवक उपस्थित थे। मंच संचालन स्वयंसेविका आकांक्षा साहू ने तथा धन्यवाद ज्ञापन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डीगेश्वर अटल ने किया।

चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने वाले चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

बिजली विभाग के सेवा निवृत कर्मचारी के सुने मकान में हुई चोरी की घटना का हुआ पर्दाफाश कुछ ही घण्टो में पुलिस हत्थे चढ़े शातिर चोर। गोविंदपुर साकेत नगर निवासी नन्दराम भट्ट ने कांकेर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 नवम्बर को अपने मंझली लड़की की डिलीवरी के लिए रायपुर गये थे 17 नवम्बर को जब वापस लौटे तो घर के सामने का गेट का ताला टुटा हुआ था तब हम लोग चोरी होने की अंदेशा पर घर के अंदर जाकर देखे तो बेडरूम का सामान अस्त व्यस्त पड़ा था सामान बिखरा पड़ा था घर में लगे सीसीटीही फुटेज को चेक करने पर दो व्यक्ति धुंधला दिख रहा है जो घर में चोरी करते नजर आ रहे हैं मेरे द्वारा घर के बेडरूम के अलमारी में रखे 02 नग सोने की अंगुठी, 01 नग सोने की अंगुठी जिसमें हीरे का नग लगा हुआ, दो नग सोने का लॉकेट, 01 सोने का टॉप्स, 01 नग सोनी की बाली, 03 जोड़ी चांदी का पायल, 01 नग चांदी की अंगुठी , 01 नग चांदी का कंगन, 01 नग चांदी का बिछिया, 01 नग चांदी का करधन छोटा कुल कीमती 1,00,000.00 एवं नगदी रकम 50000 रूपये कुल जुमला किमती 1,50,000.00 रूपये एवं सीसीटीवी का डीवीआर पीओवी स्वीच को अज्ञात चोर चोरी कर ले गये कि रिपोर्ट पर थाना कांकेर में अपराध क्रमांक 407/2024 धारा-331(4), 305 (ए),3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना पर लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक आई. के. एलेसेला (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप पटेल (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश सिन्हा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर मोहसीन खान के मार्गदर्शन में थाना कांकेर से टीम गठित कर आरोपीयों की सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर गहन पतासाजी कर पुलिस टीम के अथक प्रयास से संदेही आरोपी शेख समीर पिता शेख जफर उम्र 36 वर्ष निवासी इंगलिश बाजार थाना इंगलिश बाजार जिला मालदा राज्य प.बंगाल एवं नयन शेख पिता कुरबान शेख उम्र 25 वर्ष निवासी शाहपुकुर थाना कुमारगंज बालूरघाट जिला दक्षिण दिनाजपुर प.बंगाल को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसे कड़ाई से पुछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया जिसने कबूल किया कि 02 नग सोने की अंगुठी, 01 नग सोने की अंगुठी जिसमें हीरे का नग लगा हुआ, दो नग सोने का लॉकेट, 01 सोने का टॉप्स, 01 नग सोनी की बाली, 03 जोड़ी चांदी का पायल, 01 नग चांदी की अंगुठी , 01 नग चांदी का कंगन, 01 नग चांदी का बिछिया, 01 नग चांदी का करधन छोटा कुल कीमती 1,00,000.00 एवं नगदी रकम 50,000 रूपये कुल जुमला किमती 1,50,000.00 रूपये एवं सीसीटीवी का डीवीआर पीओवी स्वीच को चोरी करना स्वीकार किया जिसे आरोपियों के कब्जे से जसी किया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के आदेशानुसार उप निरीक्षक राम कुमार साव, उप निरीक्षक लक्ष्मीनारायण नामदेव, सउनि वेदन सलामे, म.प्र.आर. ज्योति साहू, आरक्षक शक्ति सिंह, राकेश बघेल, अलख मरकाम एवं थाना कांकेर पेट्रोलिंग टीम प्र.आर. सत्यप्रकाश सिंह, आरक्षक अरूण मंडावी, आरक्षक संदीप सलाम की अहम भूमिका रही ।

छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों की उपेक्षा का आरोप, संघ ने रखी मांगें

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कलाकार विकास संघ संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष व सुप्रसिद्ध लोक कलाकार नवल दास मानिकपुरी और कबीरधाम के जिला अध्यक्ष व गीतकार-संगीतकार सनी पांडेय ने प्रदेश में लोक कलाकारों की उपेक्षा का आरोप लगाया है। मानिकपुरी और पांडेय ने जारी बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में सभी विधा के अनगिनत प्रतिभावान लोक कलाकार हैं लेकिन लोक कलाकारों की पूछपरख नहीं हो रही है। ज्यादातर लोक कलाकार आज भी शोषित पीड़ित उपेक्षित जीवन जीने के लिए कलाकार मजबूर हैं। छत्तीसगढ़ राज्य को बने 24 साल होने जा रहा है इस दरम्यान कांग्रेस भाजपा दोनों पार्टी की सरकार बनी लेकिन कलाकारों की सुध किसी ने नहीं ली। नवल दास मानिकपुरी ने कहा कि वह खुद लम्बे समय से कलाकारों की पीड़ा से सरकार को अवगत कराते आ रहे हैं और आज भी कलाकारों के उत्थान के लिए संगठन तैयार कर सभी जिला के सभी विधाओं के कलाकारों को संघ से जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी कलाकार एक मंच में आकर एक साथ एक परिवार की तरह रहेंगे और कलाकारों का जो वाजिब हक है उस हक को पाने के लिए एक होकर सरकार से मांग करेंगे। पदाधिकारी द्वय ने राज्य सरकार से मांग की है कि शासकीय आयोजनों में उन्हें भी अवसर दिया जाए। जिससे कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार सके। एक अन्य जानकारी में प्रदेश अध्यक्ष नवल दास मानिकपुरी ने बताया कि उनके संगठन का विस्तार लगातार जारी है। जिसमें कबीरधाम के जिला अध्यक्ष सनी पांडेय के साथ संतोष साहू उपाध्यक्ष, अलखा राम साहू कोषाध्यक्ष, रामकृपाल सिरश्याम जिला संयोजक, पुष्पेंद्र पांडेय सचिव, रफीक खान सह सचिव और संदीप यादव महामंत्री के रूप में नियुक्त हुए हैं।

भाजपा स्थानीय समिति का गठन

भानुप्रतापपुर। संबलपुर शक्ति केंद्र के अंतर्गत ग्राम चवेला पोलिंग बूथ क्रमांक 72 मे स्थानीय समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर संगठन सहयोगी अरविंद जैन मंडल उपाध्यक्ष भानुप्रतापपुर ललित गांधी कोषाध्यक्ष शक्ति केंद्र संबलपुर प्रभारी भानुप्रतापपुर अनीश मिश्रा मंडल मंत्री सुरेश प्रजापति सहसंयोजक शक्ति केंद्र संबलपुर शीतल यादव निरंजन बंजारे की उपस्थिति में स्थानीय समिति का गठन हुआ। जिसमें बूथ अध्यक्ष प्रमोद तिवारी महिला प्रमुख राधा राणा बूथ सचिव गुलाब सिंह देहारी बीएलए 2 भूपेंद्र यादव युवा प्रमुख कमलेश गिरी को सर्वसम्मति से चुना गया।

एसपी ने ली राजपत्रित अधिकारी एवं पुलिस कार्यालय के शाखा प्रभारियों की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने ली राजपत्रित अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के शाखा प्रभारियों की बैठक। जिसमें अधिकारियो एवं शाखा प्रभारियों को कार्यालयों से वेब पोर्टल के माध्यम से ऑन लाईन प्राप्त शिकायत की जानकारी लेकर जल्द से जल्द निराकरण करने निर्देश दिए। शाखा के रिकार्ड को व्यवस्थित ढंग से वर्षवार रखने तथा कार्यालय के शाखाओं में लंबित शिकायत / जांच, लंबित स्थायी/गिरफ्तारी, संमस वारंट, लंबित मोटर वारंट, मेडिकल बिल, यात्राभत्ता, सिक, अवकाश, गैरहाजिर प्रकरण, सर्वोच्च न्यायालय से प्राप्त जवाबदावा, लंबित गुम इंसान, लंबित पेंशन एवं अन्य, निर्माण कायों, फर्मो से प्राप्त लंबित बिल आहरण/भुगतान करने, वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायत/पत्रों एवं शाखाओ में विभागीय पेंडिग शिकायत जांच व पत्रों की शीघ्र निकाल करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। तथा जमीन संबंधी प्रकरण / शिकायत पर तत्काल राजस्व विभाग को वैधानिक कार्यवाही हेतु पत्राचार कर निराकरण करने तथा समस्त शाखा प्रभारियों को कार्यालय से प्राप्त शिकायत/जांच एवं पत्रों का अवलोकन कर सही समय पर जानकारी भेजने के निर्देश दिए। अधिकारियों को सोशल मीडिया पर सतत् निगाह रखने, ऑनलाईन फायनेंसियल फ्राड, साइबर क्राईम, सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे अपराधों के संबंध में आम जनता को जागरूक करने तथा सामुदायिक पुलिसिंग के अंर्तगत हमर पुलिस हमर बजार एवं हमर पुलिस हमर गांव अभियान के माध्यम से हॉट/बजारो व ग्रामीणों एवं स्कुली बच्चो कों जागरूक किए जाने एवं हमर पुलिस हमर बजार के माध्यम से युवाओं को छ.ग. पुलिस आरक्षक भर्ती हेतु किसी के झांसा में नही आने एवं भर्ती कराने के नाम पर भष्टाचार करने वाले के उपर कानूनी कार्यवाही किये जाने के संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा ऑनलाईन फायनेंसियल फ्राड की रिपोर्ट पर तत्काल कार्यवाही करने, शिकायत/समस्या को लेकर आये महिला आगंतुक /रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने निर्देशित किया गया।

अवैध कबाड़ के कारोबार में शामिल तीन गाड़ियां जब्त, तीनों चालकों के खिलाफ हुआ मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में पुलिस ने अवैध कबाड़ के कारोबार में संलिप्त तीन गाड़ियों को पकड़ा है। पुलिस ने तीनों गाडियों से 10.8 मीट्रिक टन स्क्रैप जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला पूंजीपथरा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले में अवैध कबाड़ पर पुलिस की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में पूंजीपथरा थाना प्रभारी राकेश मिश्रा की टीम ने एक बार फिर से अवैध कबाड़ पर कार्रवाई करते हुए ग्राम उज्जपुर अंजली स्टील प्लांट के पास तीन संदिग्ध ट्रकों को रोककर जांच की गई। पूंजीपथरा पुलिस को जांच के दौरान तीनो ट्रकों में बड़ी मात्रा में लोहे का स्क्रैप, पुरानी साइकिलें और मोटर पार्ट्स मिले। इसके संबंध में जब वाहन चालकों से कबाड़ के परिवहन से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, तो वे इसे प्रस्तुत करने में असमर्थ रहे। चोरी की संपत्ति होने के संदेह में पुलिस ने ट्रकों और उनमें लदे कुल 10.820 मीट्रिक टन स्क्रैप, जिसकी कीमत 3 लाख 88 हजार 485 रुपये आंकी गई है, जिसे जब्त कर लिया गया है।

तीनो चालकों पर अपराध दर्ज - पुलिस ने तीनों वाहन चालकों पर पृथक-पृथक धारा 35(क)(ड) बीएनएसएस 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच जारी है। निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में इस कार्रवाई में एएसआई विजय एक्का, जयराम सिदार, प्रधान आरक्षक लाजरूस मिंज, विनीत तिर्की और हमराह स्टाफ ने सक्रिय भूमिका निभाई।

त्रुटि पूर्ण गिरदावरी करने पर पटवारी अश्विनी निलंबित

बेमेतरा। शासन के निर्देशानुसार पटवारियों द्वारा किये गए फसल गिरदावरी का जिला स्तरीय तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारीयों द्वारा सत्यापन कराया गया, गिरदावरी सत्यापन मे ग्राम कठीया, पेंड्री, झलमला, राका तथा कुरुद के विभिन्न खसरा नम्बरो मे हल्का पटवारी अश्विनी भास्कर द्वारा त्रुटि पूर्ण गिरदावरी करना पाया गया। जिस के कारण अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेरला द्वारा सम्बंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था जवाब संतोषप्रद नही होने के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 में प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए अश्विनी भास्कर पटवारी हल्का नं 20 के द्वारा गिरदावरी जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य में बडी लापरवाही किये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इनका निलंबन अवधि में मुख्यालय तहसील कार्यालय बेरला होगा। इन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। नवरतन साहू पटवारी तहसील भिभौरी को उनके कार्य के साथ-साथ हल्का नं 19,20,21 का अतिरिक्त प्रभार अस्थायी रूप से सौपा गया है।

आरक्षक से उप निरीक्षक पद हासिल किया साथियों व अधिकारियों ने प्रोत्साहन किया

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

प्रथम बटालियन छत्तीसगढ़ सशत्र बल में पदस्थ होकर घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र बीजापुर जिले के तारलगुड़ा थाना में तैनात आरक्षक दूज लाल ध्रुव जो ग्राम गरियाबंद का मूल निवासी हैं पुलिस विभाग में आरक्षक के पद कंपनी में रहते हुए अपनी काबिलियत का परिचय देते हुए आरक्षक के पद से उप निरीक्षक पद को हासिल किया। इस विशेष उपलब्धि पर उनके साथीयों व उपस्थित अधिकारियों द्वारा उसका प्रोत्साहन किया गया। आरक्षक से सब इंस्पेक्टर के पद पर चयन होने के बाद बटालियन के कमांडेंड राजेश कुकरेजा, कंपनी कमांडर घनश्याम सिंह थाना कैंप के समस्त अधिकारी कर्मचारी द्वारा आरक्षक को बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए फूल माला पहनाकर ढ़ेर सारी बधाई व शुभकामनाएं दिए।

ऋतु योग शिविर का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

आयुष आरोग्य मंदिर हाटकोंदल के तत्वावधान में ऋतु योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। योगाचार्य ईश्वर प्रसाद साहू द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। योगाचार्य ईश्वर प्रसाद साहू ने बताया चूंकि ठंड का मौसम शरीर को प्राकृतिक रूप से संवारने का अनुकूल समय होता है जहां युवक युवती विशेष रूप से भाग ले रहे हैं यूवा जनरेशन को सूर्य नमस्कार दंड के सभी प्रकार मयूर आसान चक्र दंडासन शीर्षासन कपालभांति अनुनुलोम विलोम और जुंबा जैसे योग बहुत पसंद आया। हाटकोंदल आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर संजय मिश्रा के निर्देशन में लोगों को आरोग्य देने विशेष योग कैंप करवाया जाता है जिससे सभी आश्रित ग्राम के लोग प्राकृतिक रूप से स्वास्थ लाभ ले रहें हैं। योगाचार्य ईश्वर प्रसाद साहू द्वारा क्षेत्र के लोगों को योग के द्वारा प्राकृतिक स्वास्थ लाभ देने का विशेष सेवा कार्य किया जा रहा है। कहा कि लोग हमारे शरीर का ऑक्सीजन लेवल तो बढ़ता ही है, साथ ही साथ योग प्रतिरोधक क्षमता का भी विकास होता है।

इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी सेक्टर-6 में रिटायर कर्मियों को दी ससम्मान विदाई

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी और प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी सेक्टर-6 भिलाई नगर द्वारा माह अक्टूबर या उसके पूर्व संयंत्र की सेवा से सेवानिवृत हुए संस्था के सदस्यों की भावपूर्ण विदाई दी गई। संस्था के सभागार में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त सदस्यों को अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने शाल/श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का खाता देय चेक देकर सम्मानित किया। अपने स्वागत भाषण में अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने कर्मियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति एक स्वाभाविक पड़ाव है लेकिन आप लोगों ने अपने सेवाकाल में भिलाई स्टील प्लांट और अपनी सोसाइटी के लिए जो योगदान दिया, वह हमेशा रेखांकित होता रहेगा। उन्होंने रिटायर सदस्यों को जीवन के नए चरण की शुरुआत पर शुभकामनाएं दी। इन रिटायर कर्मियों में रिसर्च एंड कंट्रोल लैब से तिलकराम वर्मा,रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से गणेश राव, सिंटरिंग प्लांट 2 से रामजी, मर्चेंट और वायर रॉड मिल से शंकरलाल ठाकरे, ब्लास्ट फर्नेस से कामता प्रसाद ठाकुर, कोल हैंडलिंग प्लांट से अजय कुशवाहा, मेडिकल से मुकेश मून, एनर्जी मैनेजमेंट विभाग से ऋषि कुमार, जीएडी से बी.मूर्ति,स्टील मेल्टिंग शॉप-2 से मानस कुमार, कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से अशोक कुमार,आई तेजश्वरा राव,टीईडी से सतीश कुमार,ब्लास्ट फर्नेस से राजेंद्र कुमार, प्लेट मिल से सज्जाद हुसैन, एलडीसीपी से चंचल प्रसाद,स्टील मेल्टिंग शॉप-2 से जुगल किशोर सिंह, स्टोर्स से फिलोमिना, जीएडी से दुर्गा वर्मा, जनरल एस्टेब्लिशमेंट से मधुमिता घोष और मेडिकल से डॉक्टर लता देवांगन शामिल हैं।

धान मिसाई करते थ्रेसर में फसने से महिला की मौत

कवर्धा। जिले में धान मिसाई के दौरान थ्रेसर मशीन के बेल्ट में फंसने से एक महिला किसान की मौत हो गई। मृतिका की पहचान सुनैना चंद्रवंशी के रूप में हई है। जानकारी के मुताबिक सुनैना खेत में धान मिसाई कर रही थी। इसी दौरान अचानक धान मिसाई थ्रेसर मशीन के बेल्ट में उनकी साड़ी फंस गई। पूरा मामला बोडला थाना क्षेत्र के ग्राम नेऊरगांव कला का है। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से परिजनो में मातम का माहौल है। फ़िलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पिछले सप्ताह भी हुई किसान की मौत - पिछले सप्ताह भी सरगुजा जिले के ग्राम तेलाइधार छोटे पुटुकेला के रहने वाले 40 साल के महेश्वर कोरवा की थ्रेसर मशीन के चपेट में आने से मौत हो गई थी। मृतक महेश्वर कोरवा अपने पड़ोसी के घर थ्रेसर मशीन से धान मिसाई कर रहे थे।

इसी दौरान वो थ्रेसर मशीन की चपेट में आ गया। धान के फसल के साथ ही मशीन के अंदर जा समा गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को मशीन से बाहर निकाला गया।

मुख्यमंत्री के झालम प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के झालम में प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अधिकारियों को कार्यक्रम की सफलतापूर्वक आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने गौ-अभयारण्य कार्यक्रम के लिए नामित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से पालन करें और सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने संबंधित विभागों को विभागीय योजनाओं से संबंधित अपने स्टॉल की तैयारी पूरी कर लें। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन के विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित हितग्राहियों को सामग्री वितरण की जाना हो वह भी समय रहते करें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल, एडीएम प्रकाश भारद्वाज, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता पोटाई सहित जिले के एसडीएम और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सड़कों और पुलिया की मरम्मत के कार्य समय रहते पूरे किए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।इस बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों में किसी भी प्रकार की कमी न हो और सभी कार्य तय समयसीमा में पूरे किए जाएं।

तेज रफ्तार रेत से भरी ट्रैक्टर पलटी, चालक की मौत, मोड पर नियंत्रण खो बैठा था चालक

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रेत से भरी ट्रैक्टर पलटने की घटना में दबकर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही भूपदेवपुर थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम लेबडा में स्थित रेत घाट से बालू लेकर जा रहे ट्रैक्टर चालक रोशन सिदार 24 निवासी धनागर अपनी तेज रफ्तार ट्रैक्टर पर नियंत्रण खो बैठा और फिर ट्रैक्टर सड़क किनारे खेत में पलट गई। इस घटना में ट्रैक्टर चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस संबंध में भूपदेवपुर थाना प्रभारी सीताराम ध्रुव ने बताया कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट जाने घटना में चालक की नीचे दबकर मौत हो गई। इस मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

चार साल पहले हुई थी शादी - बताया जा रहा है कि रोशन सिदार करीब 4 साल पहले विवाह कर ट्रेक्टर चलाकर अपने परिवार माता पिता पत्नी और एक बच्चे का पालन-पोषण करते आ रहा था। रोजना की भांति वह रमेश द्विवेदी नामक एक व्यक्ति का ट्रेक्टर लेकर बालू लेने के लिए मांड नदी गया था। जहां से बालू लेकर वह रायगढ़ जाने के लिये निकला था तभी कछार मोड़ के पास वह वाहन से ट्रेक्टर से नियंत्रण खो बैठा जिसके कारण यह घटना घटित हो गई।

स्कूल के प्रीसिंपल ने की थी शिकायत - शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य ने भी 05 नवंबर को अनुविभागीय अधिकारी रायगढ़ से लिखित शिकायत करते हुए कहा था कि कांशीचुआ विद्यालय में करीब 350 छात्र अध्ययनरत हैं। साथ ही यहां से 200 मीटर की दूरी पर एक अन्य प्राईवेट संस्था भी संचालित है। जहां सैकड़ो बच्चे अध्ययनरत है। इन दोनों विद्यालय के सामने एक छोटी सी सड़क में रोजाना मांड नदी से 200 से 250 की संख्या में बालू लेकर गुजरते हैं। जो कि स्कूली छात्रों के लिये खतरा बना हुआ है। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए भारी वाहन के आवागमन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। इसके बावजूद इस ओर कोई पहल नही की गई जिसके परिणाम स्वरूप यह घटना घटित हो गई।

जनदर्शन में ग्रामीणों ने सौंपा था ज्ञापन- 05 नवंबर को ग्राम पंचायत बघनपुर गांव के ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन में जिलाधीश को ज्ञापन सौंपते हुए लेबडा घाट और उसरौट घाट से रोजाना निकलने वाले बालू लोड गाड़ियों पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग कर चुके थे। गांव के ग्रामीणों ने कहा था कि सैकड़ो डंपर एवं लगभग दो से अधिक टैऊक्टर में रोजाना बालू लोड गाडियां उनके गांव से होकर गुजर रही है।

द राणा दग्गुबाती शो की दस्तक जल्द, प्राइम वीडियो ने दिलचस्प अंदाज में दी जानकारी

बहुमुखी प्रतिभा के धनी राणा दग्गुबाती ने फिल्मों में अपनी दमदार भूमिकाओं से दर्शकों का दिल जीता है। दग्गुबाती ने ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली से एक अभिनेता के रूप में राष्ट्रीय लोकप्रियता हासिल की, लेकिन अब वह अपने रचनात्मक पक्ष के विस्तार पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।राणा दग्गुबाती अपना टॉक शो ला रहे हैं। इसके लिए उन्होंने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो के साथ सहयोग किया है।

द राणा दग्गुबाती शो के लॉन्च डेट से उठा पर्दा

राणा दग्गुबाती, अमेजन प्राइम वीडियो के साथ मिलकर अपना टॉक शो द राणा दग्गुबाती शो लॉन्च कर रहे हैं। आगामी टॉक शो से अभिनेता का एक पोस्टर साझा करते हुए, निर्माताओं ने खुलासा किया कि नया शो 23 नवंबर, 2024 को रिलीज होगा। राणा दग्गुबाती द्वारा होस्ट किए जाने वाले इस शो में आठ एपिसोड होंगे। शो में टॉलीवुड हस्तियों के जीवन की एक अनफिल्टर्ड झलक देखने को मिलेगी। पोस्टर को एक्स पर साझा करते हुए प्राइम वीडियो इंडिया ने कैप्शन में लिखा, सितारों को आप जानते हैं, उनकी कहानियों को नहीं। द राणा दग्गुबाती शो, अमेजन प्राइम वीडियो पर। नए पोस्टर में राणा हमेशा की तरह शानदार दिख रहे हैं। पोस्टर में अभिनेता का कूल अंदाज देखते ही बन रहा है।

टॉक शो में नजर आएंगे ये सितारे

दिलचस्प बात यह है कि जब शुरुआत में इस सीरीज की घोषणा की गई थी तो इसे राणा कनेक्शन के रूप में पेश किया गया था। हालांकि, अब इसका शीर्षक बदलकर द राणा दग्गुबाती शो कर दिया गया है। ओटीटी प्लेटफॉर्म के अनुसार, शो में कई सितारे शामिल होंगे, जिनमें दुलकर सलमान, नागा चैतन्य अक्किनेनी, सिद्धू जोनलगड्डा, श्री लीला, नानी, एस.एस. राजामौली, राम गोपाल वर्मा और कई अन्य शामिल हैं।

पुष्पा 2 द रूल में होगा श्रीलीला का स्पेशल सॉन्ग, ये अभिनेत्रियां कर चुकी हैं आइटम नंबर

बॉलीवुड और टॉलीवुड फिल्मों में अक्सर प्रशंसकों का ध्यान खींचने के लिए एक स्पेशल सॉन्ग या फिर आइटम नंबर होता है, ताकि जिससे प्रशंसकों का ध्यान फिल्म की ओर और आकर्षित हो सके। हाल ही में पुष्पा 2 के फिल्म मेकर्स ने श्रीलीला के आइटम नंबर की पुष्टि की है। श्रीलीला के पहले भी कई अभिनत्रियां फिल्मों में आइटम नंबर में डांस का तड़का लगा चुकी हैं। बॉलीवुड और साउथ की अभिनेत्रियों ने कई फिल्मों में अपने आइटम नंबर्स से प्रशंसकों का दिल जीता है। इस लिस्ट में मलाइका अरोड़ा, सामंथा रुथ प्रभु, करीना कपूर के अलावा अब एक और नाम जुड़ गया है और वो है श्रीलीला।

अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म का पहला पार्ट ब्लॉकबस्टर रहा था। वहीं सीक्वल को लेकर भी प्रशंसक जबर्दस्त उत्साहित हैं। दर्शकों की उत्सुकता को बढ़ाने के लिए मेकर्स ने फिल्म में एक स्पेशन गाने को लेकर घोषणा कर दी है। साउथ सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री श्रीलीला पुष्पा 2- द रूल में एक स्पेशल गाने के जरिए दर्शकों का दिल जीतने वाली हैं। मेकर्स ने एक शानदार पोस्टर के साथ खुलासा किया है कि पुष्पा 2- द रूल में श्रीलीला एक स्पेशल सॉन्ग करती नजर आएंगीं। पुष्पा 2 द रूल 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

सामंथा रुथ प्रभु

श्रीलीला से पहले पुष्पा द राइज में सामंथा रुथ प्रभु ने अपने धमाकेदार आइटम नंबर से सभी का दिल जीत चुकी हैं। पुष्पा द राइज में अल्लू अर्जुन के साथ सामंथा ने ऊ अंटवावा गाने में जबर्दस्त डांस किया था, जो दर्शकों को बेहद पसंद आया था। यह गाना जब रिलीज हुआ तो काफी ट्रेंडिंग में रहा था। इस गाने में सामंथा और अल्लू के डांस और उनकी केमिस्ट्री दर्शकों को बेहद पसंद आई थी।

करीना कपूर खान

बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान वैसे तो फिल्मों में लीड रोल निभाने के लिए जानी जाती हैं। लेकिन उन्होंने सलमान खान की फिल्म दबंग 2 में फेविकोल गाने पर जबर्दस्त डांस किया था। इस गाने में करीना की केमिस्ट्री सलमान खान के साथ खूब जमी थी। करीना और सलमान के डांस ने सभी को हैरान कर दिया था। यह गाना भी काफी समय तक ट्रेंडिंग में रहा था।

मलाइका अरोड़ा

अब बात करते हैं मलाइका अरोड़ा की। मलाइका ने फिल्मों में कम ही अभिनय किया है। उन्होंने फिल्मों में आइटम नंबर्स ज्यादा किए हैं। उनका गाना मुन्नी बदनाम उनके बेहतरीन आइटम नंबर्स में से एक है। फिल्म दबंग का मुन्नी बदनाम गाना काफी प्रसिद्ध हुआ था। इस गाने में मलाइका और सलमान की लाजवाब केमिस्ट्री ने सभी का दिल जीत लिया था।

इसके अलावा मलाइका ने और भी कई फिल्मों में आइटम नंबर्स किए हैं, जिनमें होठ रसीले और अनारकली डिस्को चली जैसे कई गाने शामिल हैं।



कानूनी पचड़े में फंसी रॉकी भाई की टॉक्सिक

बीते दिनों खबर आई थी कि अभिनेता यश की फिल्म टॉक्सिक पर संकट के बादल मंडराए हैं। कहा गया कि अभिनेता की फिल्म शूटिंग सेट निर्माण के लिए पेड़ों की अवैध कटाई को लेकर कानूनी विवाद में फंस गई है। पेड़ों की कटाई के मामले पर कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खंड्रे ने आपत्ति जताते हुए अधिकारियों को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी दिए। अब खबर आई है कि निर्माताओं के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

दर्ज हुई एफआईआर

रिपोर्ट के मुताबिक, बेंगलुरु में फिल्म का सेट बनाने के लिए वन भूमि पर पेड़ों को अवैध रूप से काटने के आरोप में निर्माताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। केनरा बैंक के महाप्रबंधक और हिंदुस्तान मशीन टूल्स (एचएमटी) के महाप्रबंधक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया। इससे पहले कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खंड्रे ने बेंगलुरु के एचएमटी में वन क्षेत्र में यश की फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग के लिए पेड़ों की अवैध कटाई की निंदा की। साइट निरीक्षण और सैटेलाइट इमेज की समीक्षा के बाद ईश्वर खंड्रे ने सख्त कानूनी कार्रवाई की घोषणा की। उन्होंने वन संरक्षण की आवश्यकता और संरक्षित क्षेत्रों में अनधिकृत गतिविधियों के लिए जवाबदेही पर जोर दिया। टॉक्सिक फिल्म के सेट के निर्माण के लिए पेड़ों की कथित अवैध कटाई पर, कर्नाटक के मंत्री ईश्वर खंड्रे ने एएनआई से बातचीत में कहा था, मैंने उस जगह (एचएमटी से संबंधित भूमि) का दौरा किया जहां बेंगलुरु में टॉक्सिक फिल्म की शूटिंग की जा रही है। मैंने कई लोगों को देखा। वहां पेड़ काटे गए थे। पिछले साल की सैटेलाइट तस्वीरों में उस इलाके में कई पेड़ देखे जा सकते हैं। मैंने [illegible] से इस मामले पर रिपोर्ट देने को कहा है। हम जांच के बाद उचित कार्रवाई करेंगे। हम बेंगलुरु में एक और लाल बाग या कब्बन पार्क जैसा पार्क बनाएंगे। उनके निर्देशों के बाद अब मामला दर्ज होने की खबर आई है।

अगले साल रिलीज होगी फिल्म

यश की मुख्य भूमिका वाली टॉक्सिक 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। गीतू मोहनदास निर्देशित इस फिल्म की शूटिंग तेजी से चल रही है। इसमें कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी। इसके अलावा नयनतारा, तारा सुतारिया, श्रुति हासन और हुमा कुरैशी के होने की खबर भी है। फिल्म में एक्शन का तगड़ा डोज दिया जाएगा। इसके लिए हॉलीवुड के एक्शन डायरेक्टर जेजे पेरी भी टीम से जुड़े हैं।

महावतार में चिरंजीवी परशुराम के रोल में विक्की कौशल का लुक जारी, इस दिन रिलीज होगी फिल्म

निर्देशक अमर कौशिक की फिल्म महावतार में विक्की कौशल चिरंजीवी परशुराम भगवान की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें विक्की के लुक की काफी प्रशंसा हो रही है। फिल्म महावतार योद्धा चिरंजीवी परशुराम की कहानी है। फिल्म में विक्की कौशल भगवान परशुराम की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक करेंगे।

फिल्म के पोस्टर और टीजर के साथ निर्देशक-निम्ता ने फिल्म महावतार की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। मैडॉक फिल्म्स-विक्की कौशल को सोशल पोस्ट
मैडॉक फिल्म्स और विक्की कौशल दोनों ने ही अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर आगामी फिल्म महावतार का पहला लुक जारी किया है, जिसे विक्की कौशल की फिल्मों में अब तक का सबसे धांसू और जबर्दस्त लुक कहा जा रहा है। इस लुक को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए मैडॉक फिल्म्स ने लिखा, दिनेश विजन धर्म के शाश्वत योद्धा की कहानी को जीवंत करेंगे। आगे लिखा, अमर कौशिक द्वारा निर्देशित ममहावतार में विक्की कौशल ने चिरंजीवी परशुराम की भूमिका निभाई है। यह फिल्म सिनेमाघरों में क्रिसमस के मौके पर साल 2026 को रिलीज होगी। महाभारत और विष्णुपुराण के अनुसार परशुराम का मूल नाम राम था किन्तु जब भगवान शिव ने उन्हें अपना परशु नामक अस्त्र प्रदान किया तभी से उनका नाम परशुराम हो गया।

'स्काई फोर्स' की कास्ट में शामिल हुईं निमरत कौर

निमरत कौर भारतीय सिनेमा की सबसे मशहूर अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपने शानदार करियर के दौरान, कौर ने अलग-अलग तरह की भूमिकाएँ निभाकर अपनी क्षमता का परिचय दिया है। अब, अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ते हुए, ऐसा लगता है कि निमरत अगले साल रिलीज होने वाली आगामी फ़िल्म स्काई फोर्स में अक्षय कुमार के साथ काम करने वाली हैं। अफ़वाह है कि निमरत कौर एक अहम भूमिका निभाएँगी, जिससे फ़िल्म की गति बढ़ेगी और इसकी कहानी में गहराई आएगी। निमरत कौर के पास दमदार भूमिकाएँ निभाने का ट्रैक रिकॉर्ड है और वह फ़िल्म में नए आयाम तलाशने से न डरने वाली अभिनेत्री के तौर पर एक मिसाल हैं। एयरलिफ्ट, द लंचबॉक्स, सजनी शिंदे का वायरल वीडियो और अन्य फ़िल्मों में उनके अभिनय को लोगों ने देखा है। अक्सर महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आने वाली निमरत कौर ने अपने किरदारों के चयन के लिए दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों से सराहना हासिल की है। इस बीच, स्काई फोर्स एक आगामी युद्ध फ़िल्म है, जिसका निर्देशन प्रशंसित फ़िल्म निर्माता अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी कर रहे हैं। अगर निमरत कौर के शामिल होने की अफवाहें सच होती हैं, तो वह अक्षय कुमार, सारा अली खान और वीर पहारिया जैसे अन्य लोगों के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी। स्काई फ़ोर्स 24 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

कंगुवा के अलावा इन फिल्मों में नजर आएंगे सूर्या, सूर्या 43-सूर्या 44-सूर्या 45 भी शामिल

साउथ अभिनेता सूर्या इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म कंगुवा को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। कंगुवा के अलावा सूर्या की कई फिल्में आने वाली हैं, जिनमें सूर्या 43, सूर्या 44 और सूर्या 45 शामिल हैं।

कंगुवा

साउथ सुपरस्टार सूर्या की फिल्म कंगुवा को लेकर प्रशंसकों में काफी उत्साह है। फिल्म का हिंदी ट्रेलर रिलीज किया जा चुका है। ट्रेलर में सूर्या और बॉबी देओल का खतरनाक लुक सभी को पसंद आया। वहीं फिल्म में दिशा पाटनी, नटराजन सुब्रमण्यम भी नजर आएंगे। वैसे देखा जाए तो फिल्म की झलक किसी हॉलीवुड से कम नहीं है।1 मिनट 30 सेकंड के इस ट्रेलर में कंगुआ की शक्ति को दर्शाया गया है। इसकी शुरुआत ही कंगुआ के बेहद खतरनाक डायलॉग से होती है। फिल्म 14 नवंबर को बाल दिवस पर रिलीज होगी। यह सूर्या की 42वीं फिल्म है।

सूर्या 43

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक सुधा कोंगारा और अभिनेता सूर्या का आगामी प्रोजेक्ट सूर्या 43 है, जिसे पुरननूरू के नाम से भी जाना जाता है। सूर्या के अलावा इस फिल्म में दुलकर सलमान, माधवन, विजय नजर आएंगे।

सूर्या 44

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सूर्या 44 कार्तिक सुब्बाराज द्वारा निर्देशित एक ड्रामा तमिल फिल्म होगी, फिल्म की स्टार कास्ट में सूर्या शिवकुमार और पूजा हेगड़े मुख्य भूमिका में हैं। यह एक रोमांटिक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी। इसे स्टोन बेंच फिल्म्स और 2डी एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित किया जाएगा। फिल्म में सूर्या और पूजा हेगड़े मुख्य भूमिकाओं में हैं। सूर्या के अलावा जयराम, जोजू जॉर्ज, करुणाकरण, नासर, प्रकाश राज, सुजीत शंकर, थमिज और प्रेम कुमार नजर आएंगे। फिल्म की आधिकारिक घोषणा मार्च 2023 में अस्थायी शीर्षक सूर्या 44 के तहत की गई थी, क्योंकि यह अभिनेता की मुख्य अभिनेता के रूप में 44वीं फिल्म है। फिल्म की शूटिंग अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, ऊटी, केरल और चेन्नई में हुई है।

सूर्या 45

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सूर्या 45 एक एक्शन तमिल फिल्म है, जिसका निर्देशन आरजे बालाजी ने किया है। सूर्या 45 की आधिकारिक तौर पर पूजा समारोह के साथ शुरुआत हुई थी और फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज पर है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बालाजी इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर एक साल से अधिक समय से काम कर रहे हैं और शूटिंग स्थानों को अंतिम रूप देने के लिए कई जगहों का दौरा कर चुके हैं।

जान्हवी कपूर को पसंद आई वरुण धवन की सिटाडेल: हनी बन्नी

हालिया रिलीज वेब सीरीज सिटाडेल- हनी बन्नी में वरुण धवन और सामंथारूथ प्रभु एक साथ नजर आए हैं। इस सीरीज में दोनों के अभिनय को काफी पसंद किया जा रहा है। जिस वजह से सीरीज को सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिली हैं। अमेजन प्राइम वीडियो के पोस्ट के मुताबिक ये शो दुनिया भर में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली सीरीज की सूची में शीर्ष स्थान अर्जित किया है। अब इस सीरीज को लेकर अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने भी समीक्षा की है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर सिटाडेल- हनी बनी की पूरी टीम को धन्यवाद दिया है। इसमें उन्होंने लिखा, क्या शानदार शो है, दुनिया को हिलाकर रख दिया, बहुत खुश हूं, इतनी मेहनत का फल इतना प्यार मिला।

रेंगाकठेरा नदी में रेत का अवैध खनन करने उतारी चैन माउंटेन मशीन, एसडीएम ने की जब्त

बिना रॉयल्टी के रेत परिवहन किये जाने पर एक हाइवा को भी किया गया जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

खनिज माफियाओं के हौसले दिनों दिन बढ़ते जा रहे है। ये शासन प्रशासन को सीधे तौर पर खुली चुनौती दे रहे हैं। खनिज सम्पदाओं से भरा पूरा जिले में खनिज माफ्रिया गिद्ध जैसी नज़र बनाये बैठे हैं। चाहे वो रेत का अवैध खनन हो या फिर मुरुम एवं पत्थर के खदान हो, सारे नियम कायदों को ताक पर रख और एनजीटी के गाइडलाईन की अवहेलना कर बेखौफ अपने अपना काम करते आ रहे है। लेकिन इस बार खनन के पहले ही प्रशासन ने खनिज माफियाओं के मंसूबो पर पानी फेरा है। और यह सब कर दिखाया है, गुंडरदेही एसडीएम सुरेश साहू ने। बीते शुक्रवार को गुंडरदेही मुख्यालय से लगे रेंगाकठेरा नदी में अवैध रेत उत्खनन के उद्देश्य से एक चैन माउंटेन मशीन को खनिज माफ्रिाओं के द्वारा रेत घाट में उतारा गया था, जहां रास्ता (रैम्प) बनाने की तैयारी माफियाओं के द्वारा की जा रही थी, जैसे ही इसकी सूचना एसडीएम सुरेश साहू को मिली, वे तत्काल मौके पर पटवारी एवं अन्य टीम के साथ मौके पर पहुचे और टाटा 200 चैन माउंटेन मशीन को रेंगाकठेरा नदी से ज़ब्त किया। मशीन को सील कर आगे की कार्यवाही के लिए खनिज विभाग को आगे कार्यवाही के लिए प्रकरण/रिपोर्ट प्रस्तुत करने की तैयारी की जा रही है। वही इसी दिन एसडीएम सुरेश साहू के द्वारा गुंडरदेही मुख्य मार्ग से गुजर रहे रेत परिवहन कर रहे हाइवा की भी जांच की गई। पृथक से हाइवा की रॉयल्टी चेक किया गया। इस दौरान एक हाइवा सीजी 07 बीसी 8659 में रॉयल्टी पर्ची नही पाने पर उसे ज़ब्त कर गुंडरदेही थाना को सुपुर्द किया गया। आपको बता दे कि इससे पहले भी बालोद जिले में बेलोदा, सिंघनवाही, हरांठेमा, गोड़पाल, पोड़, हीरापुर, अरौद, रौना में अवैध रूप से रेत खदान का संचालन माफ्रियाओं द्वारा किया गया हैं। और खनिज विभाग द्वारा कार्यवाही की भी गई है तक सिर्फ नाममात्र की। या वाहनों को जब्त किया गया है या फिर छोटी मोटी पेनाल्टी लगाकर छोड़ दिया गया है। लेकिन कोई सख्त व कड़ी कार्यवाही नही की गई है। जिससे खनिज माफियाओं के हौसले लगातार और बढ़ते जा रहे है। आज भी ग्राम कुरदी में कई फर्शी और पत्थर खदान अवैध रूप संचालित हो रहे है। यहां बताना लाजिमी है कि इन अवैध रूप से रेत खदानों के संचालन से सरकार को लाखो-करोड़ो रूपये का सीधा नुकसान पहुच रहा है, इसके अलावा आज भी जिले में अवैध रूप से मुरुम व पत्थर खदान संचालित किए जा रहे है। जिससे राजस्व और खासतौर पर खनिज विभाग को। कोई सरोकार नही।

एसडीएम की खनिज माफियाओं को चेतावनी

वही एसडीएम सुरेश साहू ने बताया कि रेंगाकठेरा में अवैध रूप से रेत खनन की तैयारी की जा रही थी, रास्ता यानि कि रैम्प बनाया जा रहा था, मौके पर जाकर चैन माउंटेन मशीन को जब्त किया गया है। आगे के कार्यवाही के लिए खनिज विभाग को प्रकरण बनाकर भेजा रहा है। इसके अलावा बिना रॉयल्टी अवैध रेत का परिवहन किये जाने और एक हाइवा को भी जब्त किया गया है। उन्होंने कड़ा रुख इख्तियार करते हुए खनिज माफियाओं को चेतावनी दी है कि गुंडरदेही अनुविभाग अंतर्गत किसी भी तरह से अवैध कार्य बर्दाश्त नही किये जायेंगे। जो भी अवैध गतिविधियों में संलिप्त होंगे वे तत्काल कार्य को बंद कर दे अन्यथा जब्त के साथ कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

साय सरकार में अवैध कार्य नही किये जायेंगे बर्दाश्त- वीरेंद्र

गुंडरदेही के पूर्व एवं छाया विधायक तथा भाजपा के नेता वीरेंद्र साहू ने कहा कि इस बार डबल इंजन की सरकार है, मोदी की गांरटी और साय सरकार का सुशासन है, ऐसे में किसी भी प्रकार से अवैध कार्य बिल्कुल भी बर्दाश्त नही किया जाएगा। अगर कोई भी अधिकारियों की खनिज माफियाओं की संलिप्ता होगी तो उसपर भी कार्यवाही हेतु पत्र लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि खनिज माफियाओं को ध्यान रहे कि ये कांग्रेस की बघेल सरकार नही बल्कि भ्रष्टाचार मुक्त और सुशासन वाली डबल इंजन की सरकार है, इसमें किसी भी तरह से अवैध कार्य बर्दाश्त नही किये जायेंगे।

एनजीटी नियमो का खुला उलंघन

जलाशय व नदियों के घाट से रेत उत्खनन को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देशों को ताक पर रख खुलेआम तट पर मशीनें उतारी जा रही है। और रेत का अवैध काला कारोबार माफियाओं द्वारा किया जा रहा है। जिससे जलीय जंतुओं को नुकसान तो हो ही रहा है। साथ ही एनजीटी के नियमानुसार किसी भी हालत में नदी के अंदर से रेत नहीं निकाली जानी चाहिए, इसका भी खुला और सीधे तौर पर उलंघन किया जा रहा है। लाखो करोड़ो रूपये की चपत राजस्व निधि में पहुचाई जा रही है। जिसमे कुछ भाजपा के छुठभइय्या कार्यकर्ता भी शमिल हैं। जिस पर कड़ा रुख इख्तियार करते हुए भाजपा के नेता एवं पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने इस पूरे मामले में मुख्यमंत्री को जानकारी देने की बात कही है।

रेत का अवैध उत्खनन करने के उद्देश्य से रेंगाकठेरा नदी पर चैन माउंटेन मशीन द्वारा रैंप बनाया जा रहा था, गुंडरदेही एसडीएम द्वारा मशीन को मौके से जब्त की कार्यवाही की गई हैं, राजस्व विभाग द्वारा रिपोर्ट देने पर खनिज विभाग आगे की कार्यवाही करेगा।
शंशाक सोनी, इंस्पेक्टर, खनिज विभाग, बालोद

बीते 10 में जितना प्रदेश में क्राइम बढ़ा है, उससे ज्यादा खनिज माफियाओं के हौसले बुंलद हुए हैं, जगह जगह रेत, मुरुम, और पत्थर का अवैध रूप से काला कारोबार साय सरकार में जारी है, गांरटी और सुशासन के नाम पर प्रदेश की भाजपा सरकार अवैध कार्यों को बढ़ावा देकर महतारी में दिए जाने वाले राशि को कव्हर कर रही है, आज शराब दुकान और आहता दुकानों में भी बढ़ोत्तरी हुई है।
कुंवर सिंह निषाद, विधायक, गुंडरदेही विधानसभा

विधायक ने किया देवरी मे 38.65 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम देवरी मे विभिन्न विकाश कार्यों का लोकार्पण कार्यक्रम रखा गया था जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल कार्यक्रम की अध्यक्ष बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने किया। कार्यक्रम की शुरुवात छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कार किया गया। तत्पश्चात 38.65 लाख के विकाश कार्यों का लोकार्पण किया। जिसमे आंगनबाडी भवन केन्द्र क्र.03 लागंत् राशि 6.45 लाख रू., संतराम निषाद के घर से तेजराम साहू घर की ओर सी.सी. रोड निर्माण लागत राशि 2.00 लाख रू., खाल्हे देवरी मे मुख्य तालाब के पास नाली निर्माण लागत राशि 2.00 लाख रु., रामनाथ साहू के बाड़ी से कबीर कुटी तक नाली निर्माण लागत राशि 2.50 लाख रू., मुख्यमार्ग गौढान से संतोष यादव के घर तक सी सी रोड निर्माण लागत राशि 2.60 लाख रु, गरीबा साहू के घर से छगन लाल सिवारे के घर तक सी.सी. रोड निर्माण लागत राशि 2.60 लाख रु. कबीर कुटी में सामुदायिक मंच निर्माण लागत राशि 2.50 लाख रू. जहूर खान के घर से लच्छी साहू के झार तक सी. सी. रोड निर्माण लागत राशि 1.50 लाख रू.,सामुदायिक भवन निर्माण, लागत राशि 6.50 लाख रु., कम्युनिटी सेंटर के पास मंगलवार नया बाजार चौक का जैसे कुल 38लाख 65 हजार के विकाश कार्यों का किया गया लोकार्पण द्यद्य कार्यक्रम मे आंगनबाड़ी और स्कूली बच्चों के लिए खेल सामग्री एवं समस्त ग्रामवासियो को गंदगी से मुक्ति दिलाने के लिए डास्टबिन का भी वितरण किया गया द्य इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधानसभा और लोकसभा चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी को जीत दिलाने के लिए सर्वप्रथम ग्राम वासियों का आभार धन्यवाद प्रकट किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की आप सभी लोगो ने आशीर्वाद देकर मुझे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विधायक के रूप मे चुने है तों अब आगे मेरी जिम्मेदारी है आप लोगो की पांच साल सेवा करना। आप लोग जैसे विकाश चाहेंगे हम सब मिलकर गांव क्षेत्र और पुरे विधानसभा का हर गांव गली मोहल्ला मे विकाश करेंगे। कार्यक्रम मे प्रीतम चंदेल जनपद अध्यक्ष, नरेंद्र वर्मा भाजपा महामंत्री, पुष्पा टेंकेश साहू जिला पंचायत सभापति, बलराम साहू अधिवक्ता, भारती साहू सरपंच देवरी, बलराम पटेल मण्डल अध्यक्ष, यामिनी सुरेश वैष्णव जनपद उपाध्यक्ष, अमृत लाल महेश्वरी, पेखन साहू, विकाश तम्बोली, लीलाराम साहू, सुरेश वैष्णव, हरिराम साहू, विष्णु साहू, महेश साहू, राजकुमार साहू, संतराम साहू, दुर्गा साहू, विमल कुमार साहू, कृष्णा साहू, चंद्र प्रकाश साहू सहित समस्त ग्रामवासी क्षेत्रवासी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता मितानिन बहने उपस्थित रहे।

हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

शाला गांधी विद्या मंदिर उच्चतर. माध्यमिक. विद्यालय दल्ली राजहरा में 14 नवंबर 2024 को शाला प्रांगण मे बाल दिवस पर, माँ सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी ,पंडित जवाहर लाल नेहरू और गांधी जी की पूजा अर्चना कर बड़े हर्षोल्लास से बच्चों के साथ मनाया गया। बाल दिवस समारोह कार्यक्रम की मुख्यअतिथि युवराज साहू अध्यक्ष शाला संचालन समिति व शाला की प्राचार्य मंजू गुप्ता ने की तथा कार्यक्रम का संचालन कुलेश्वरी साहू एवं प्रीति साहू ने किया। कार्यक्रम पर शाला संचालन समिति के अध्यक्ष युवराज साहू ने अपने उदबोधन में शाला के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं व छात्रों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने छात्रों को आजाद, देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जिसे लोग प्यार से चाचा नेहरू कहते हैं, चाचा इसलिए भी क्योंकि वह बच्चों से बहुत स्नेह करते थे, बच्चों के सबसे प्रिय थे, वे बच्चों को देश का भावी निर्माता मानते थे, यही वजह रही कि 14 नवंबर को उनकी जयंती बाल दिवस के रूप में मनाते हैं। सालों लड़ी लड़ाइयों के बाद मिली आजादी और पहली सरकार के मुखिया पंडित जवाहर लाल नेहरू के सामने विभाजन का दंश भी था और देश की खराब हालत की चुनौतियों से पार पाते हुए 1947 से 1964 तक देश को संभाला। अध्यक्ष के उदबोधन के पश्चात बाल दिवस के विशेष अवसर पर शाला में प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस, थाली सजाओ, गीत, कविता, भाषण, रंगोली और जैसे विभिन्न प्रकार के खेल वगैरह कार्यक्रमों का संचालन किया गया। तत्पश्चात चाकलेट वितरण किया गया। शाला परिवार में शाला के शिक्षक/शिक्षिकाऐं प्रदीप बंसोड़े, एल.के.धलेंन्द्र, शीतल साहु, खोमलाल, कुलेश्वरी साहू, कु. दिव्या तिवारी, कु. प्रीति साहू, कु. अंजु निषाद, पूजा साहू, कु. दिनेश्वरी साहू, कु.मधु मिश्रा, कु.प्रियंका शर्मा, युवराज साहू, बी. केऊ. सार्वा ललिता मरकाम, भृत्य पुष्पा बाई, मोहिनी, और विद्यालय के विद्यार्थीगणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति ने एक महिला का घर बनाने का बीड़ा उठाया

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर की समाज सेवी संस्था हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति के द्वारा पूर्व की भांति इस बार भी एक महिला का घर बनाने का बीड़ा उठाया हुआ है। महिला का नाम रुक्मणी विश्वकर्मा उम्र लगभग 40 वर्ष की है। उनके पति का निधन 4 वर्ष पहले हो चुका है। उनके परिवार में उनके 10 वर्षीय बेटे के अलावा और कोई नहीं है। उनका बेटा दल्ली राजहरा के एक समाजसेवी संस्था के स्कूल में पढ़ाई करता है। वहीं रुक्मणी विश्वकर्मा लोगों के घर में चौका बर्तन का काम कर अपनी तथा अपने बेटे के भरण पोषण करती है। रुक्मणी विश्वकर्मा ने बताया कि इस बरसात में कमजोर मिट्टी का घर भर भरा कर गिर गया। नगर पालिका की ओर से 4000 की सहायता राशि तो दी गई। लेकिन इस महंगाई के जमाने में 4000 से कुछ नहीं हो पा रहा है और बचत पूंजी भी कुछ नहीं है। जिससे घर बनाया जा सके द्य वर्तमान में वह किराए के घर में रहती है द्य घर बनाने के लिए हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति दल्ली राजहरा की ओर पहल की गई है। समिति के सदस्यों ने बताया कि पूर्व में भी हमारी संस्था की ओर से कई सामाजिक कार्य किए हैं। हम लोगों ने संस्था की ओर से एक वृद्ध महिला की घर सर्व सुविधा युक्त बिजली एवं पानी एवं शौचालय की सुविधा के साथ उन्हें राजहरा के विभिन्न जनप्रतिनिधियों के सामने घर बना कर दिए थे। हमारे संस्था के द्वारा दल्ली राजहरा के चार घरों में बिजली लगाया गया है एवं चार व्यक्ति जिसमें दो महिला एवं दो पुरुषों को कान में सुनाई देने की मशीन दिया गया है। कॉलेज में पढ़ने वाली एक बिटिया को आर्थिक सहयोग भी दिया गया है। दो व्यक्तियों को इलाज के लिए कुल 22000 रुपए की राशि हम लोगों ने जन सहयोग से दिए हैं। इसी तरह हमारी संस्था के माध्यम से अब तक लगभग 350 बच्चों को स्कूल जूता मौज कॉपी पेन तथा 200 बच्चों को स्कूल बैग भी दे चुके हैं। वहीं ठंड के दिनों में निराश्रित बुजुर्ग महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अब तक 300 के करीब कंबल, टोपी बर्तन जैसी सुविधाएं मुहैया कराए हैं। चार व्यक्तियों को बैसाखी दिलाने में सहयोग हम लोगों ने किया है। संस्था के माध्यम से गत वर्ष दल्ली राजहरा के प्रसिद्ध राजहरा बाबा तालाब की साफ सफाई भी किया गया है। जहां पर आसपास उगने वाले कटीले झाड़ियां तालाब के अंदर में पड़े देवी देवताओं के बने मूर्ति के अवशेष पैरा लकड़ी आदि को साफ कर पानी को उपयोग योग्य बनाए हैं। इसके लिए हमेशा हमारे समिति को राजहरा के सभी वर्गों का सहयोग रहा है। दूसरी बार रुक्मणी बहन के लिए घर बनाने का बीड़ा हम लोगों ने उठाया है। दल्ली राजहरा के सभी वर्ग हमारे इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग देते आ रहे हैं द्य हमें पूर्ण विश्वास है कि इस बार भी दल्ली राजहरा के व्यापारी वर्ग, शासकीय कर्मचारी, बीएसपी कर्मचारी, अधिकारी, हमारी सहयोग करेंगे। जिसके फलस्वरूप हम लोग रुक्मणी बहन के लिए कम से कम दो कमरे का घर बना कर देंगे। यदि कोई हमारे इस पुनीत कार्य में सहयोग करना चाहते हैं तो हमारे संस्था के सदस्य के माध्यम से भी अपनी सहयोग राशि जमा कर सकते हैं।

साहू समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 8 दिसंबर को

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिला साहू संघ की महिला प्रकोष्ठ सचिव द्रोपती साहू ने बताया कि 8 दिसंबर 2024 को जिला साहू समाज बालोद के द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन नवीन जिला साहू संघ भवन दल्लीराजहरा मार्ग उपजेल के सामने बालोद में किया जा का रहा है। युवक- युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन का मुख्य उद्देश्य विवाह योग्य बच्चों के माता-पिता को अपने बच्चों के लिए योग्य वर एवं वधू को ढूंढने में होने वाली खर्च को कम करना है। विवाह योग्य युवक- युवती को एक मंच में बुलाकर वर -वधु तलाश में जो समाज के लोगों को समस्या होती है। समाज के इस आयोजन से कुछ हद तक वह समस्याएं दूर होगी। लोग वर- वधू तलाशने के लिए गांव-शहर में भटकते हैं। जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान होता है साथ ही वधू पसंद नहीं आने पर वधु तथा वर पक्ष के मध्य में एक असमंजक जैसी स्थिति बनती है। कि अगले पक्ष को क्या जवाब दें उसे भी इस आयोजन के माध्यम से दूर किया जा सकता है। विवाह योग्य हमारे समाज के बेटे एवं बेटियां स्वयं समाज के सामने आकर अपना परिचय, शिक्षा पारिवारिक पृष्ठभूमि की इस आयोजन के माध्यम से जानकारी देंगे। जिसे उपस्थित परिवारजन पसंद आने पर उनकी पारिवारिक जानकारी लेकर बात आगे बढ़ाया जा सकता है। यह आयोजन समाज को जोड़ने और समाज के लोगों की समय तथा खर्च को बचाने का बहुत बेहतर माध्यम है, साथ ही सामाजिक बैठक में उपस्थित सामाजिक पुस्तिका तैलीक ज्योति के संपादक कमल राम साहू ने बताया कि समाज के द्वारा तैलीक ज्योति भाग -13 का भी विमोचन होगा। जिसमें विवाह योग्य युवक यूवतियों के परिचय उनकी शिक्षा (बायोडाटा) मोबाइल नंबर आदि का विवरण होगा जिसमें वर वधु को तलाशने में कुछ हद तक इससे भी फायदा होगा। कई युवक एवं युवतियां इस कार्यक्रम में किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो पाते हैंद्य उनका भी बायोडाटा इस पुस्तक में उपलब्ध होगा। समाज के आए हुए पदाधिकारी के द्वारा समाज के नियमों आदि के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। जिला साहू संघ की ओर से समस्त सामाजिक बंधुओ से भी यह अपील की जा रही है कि तैलीक ज्योति पुस्तक में वर वधू की संपूर्ण जानकारी (बायोडाटा) दर्ज करने के लिए 400 की सहयोग राशि रखी गई है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका बच्चों की देखभाल एवं शिक्षा की जिम्मेदारी अच्छे से निभा रही है: विजय बघेल

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रति वर्ष 14 नवम्बर को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सम्मान के लिए दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। उपरोक्त निर्देश के अनुक्रम में 14 नवम्बर को जिला एवं परियोजना स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन विवेकानंद सभागार में किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद दुर्ग विजय बघेल की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जिला पंचायत सदस्य योगिता चन्द्राकर, लक्ष्मी साहू, एवं मिनीमाता सम्मान 2024 पुरस्कार प्राप्तकर्ता पार्वती ढीढी, बहादुर कलारिन सम्मान प्राप्तकर्ता चित्ररेखा सिन्हा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा, परियोजना अधिकारी दुर्ग (ग्रामीण) उषा झा, परियोजना अधिकारी दुर्ग (शहरी) अनिता सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला दुर्ग के पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका व समूह के सदस्य उपस्थित रही। कार्यक्रम में जिला दुर्ग अंतर्गत 8 परियोजनाओं के 16 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यकर्ताओं के द्वारा पोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य पोषण माह एवं महतारी वंदन योजना व विभागीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के साथ-साथ अन्य विभागों से समन्वय, टीकाकरण, स्वास्थ्य जाँच एवं गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, आयुष्मान कार्ड बनाना एवं जनगणना जन्म-मृत्यू आदि कार्यों में उल्लेखनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सहायिकाओं को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ चिकित्सा विभाग एन.आर.सी. में भर्ती आदि कार्यों में विशेष योगदान हेतु सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय पुरुस्कार प्राप्तकर्ता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दुर्ग शहरी से सुलोचना ठाकुर, दमयंत्री साहू, दुर्ग (ग्रामीण) से रत्नी ठाकुर, महेश्वरी सोनवानी, भिलाई 01 से मुनेश्वरी देवी, संगीता लहरे, भिलाई 02 से प्रेमीन देवांगन, जया गोस्वामी, अहिवारा से दीपिका बारले, उत्तरा खैरवार, धमधा से सरस्वती यादव, शारदा देवांगन, पाटन से तलिता डहरे, कामनी वर्मा, जामगांव से महेश्वरी ठाकुर, दुलारी साहू, तथा परियोजना स्तरीय सम्मान दुर्ग ग्रामीण से प्राप्तकर्ता मानकुंवर ठाकुर, बिन्द्रा धनकर, राधा सारथी, गंगोत्री यादव, माद्री ठाकुर, गीता महार, ललिता राजपूत, गीता साहू, वंदना बंजारे, शकुन साहू, लता त्रिपाठी, हेमलता, प्रभा देवांगन, हेमलता साहू, रेवती गौतम, उमा देवांगन, अल्का यादव, रेणु साहू तथा दुर्ग शहरी परियोजना से कविता भोंडेकर, लेखा डोंगरे, धनेश्वरी राजपूत, संगीता थापा, रश्मि साहू, सरस्वती सेन, सुरूज बाई कौशिक, माधुरी दत्ता, महेश्वरी देवांगन, सरस्वती कोसरिया, भारती यादव, हेमलता राजपूत, गायत्री साहू, सविता यादव, सुशीला निषाद, उषा चर्तुवेदी, मधू साहू, रोमा साहू को सम्मानित किया गया। इस दौरान सांसद विजय बघेल ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका गर्भवती, शिशुवती एवं जन्म से 06 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल एवं अनौपचारिक शिक्षा देने में अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निभा रहे है।

25 प्रकरण में 5,100 रूपये समन शुल्क एवं 06 प्रकरण न्यायालय में किया पेश

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

25 प्रकरण में 5,100 रूपये समन शुल्क एवं 06 प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया एवं माईनर एक्ट के तहत 07 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत 15.11.2024 को थाना नवागढ 06 चालान में 06 व्यक्ति, थाना नांदघाट 08 चालान में 08 व्यक्ति, चौकी कंडरका 06 चालान में 06 व्यक्ति, चौकी संबलपुर 07 चालान में 07 व्यक्ति, यातायात बेमेतरा 04 चालान में 04 व्यक्ति के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें 06 चालान माननीय न्यायालय पेश किया गया तथा यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 25 प्रकरण में कुल 5,100/- रूपये समन शुल्क लिया गया। इसी क्रम में 15.11.2024 को माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना खम्हरिया 02 प्रकरण में 02 व्यक्ति, थाना परपोडी 01 प्रकरण में 04 व्यक्ति, चौकी देवकर 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति के खिलाफ धारा 170, 126,135 बीएनएसएस के तहत 04 प्रकरण में 07 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया। बेमेतरा पुलिस आम नागरिको से अपील करता है कि यातायात नियमों का पालन करे, पीकअप, मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाये, संयमित गति से वाहन चलाये एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें। शराब सेवन कर वाहन न चलाये, मोटर सायकल में मोडिफाइड साइलेंसर न लगाये, अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, बिना नंबर के वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोंग न करें। बेमेतरा पुलिस आपकी सहायता के लिये है, वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है।

भाजपा बेमेतरा बूथ का अध्यक्ष बने श्याम सलूजा

बेमेतरा। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल बेमेतरा द्वारा बूथ संगठन चुनाव बूथ क्रमांक 25 के प्रभारी कमलेश वर्मा के द्वारा सर्व सहमति से चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराया गया। जिसमें सर्व सहमति से श्याम सलूजा को बूथ अध्यक्ष चुना गया जिसमें विशेष रूप से शहर महामंत्री संतोष वर्मा, गुरूभेज छाबड़ा, मिंटू सलूजा, रविन्द्र छाबड़ा, हरजीत हूरा, ओमप्रकाश सलूजा, रोशन दत्ता, हर्ष सलूजा, श्याम सलूजा, राजेश दीवान, राजू देवांगन, विकास घरडे, युगल देवांगन उपस्थित रहे।

जनजातीय गौरव दिवस पर बीरूटोला में हुआ ग्रामसभा

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

बाघुटोला के आश्रित ग्राम बीरूटोला में विषेष ग्राम सभा में शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला बाघुटोला प्रांगण में आयोजन किया गया। जिसमें कार्यालय जनपद पंचायत कवर्धा द्वारा ग्राम बीरूटोला में केन्द्र व राज्य शासन के मंषानुरूप अंतिम पंक्ति के हितग्राहियों तक शासन की समस्त संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार व प्रसार के उद्देष्य से जनपद पंचायत विभाग,स्वास्थ्य विभाग, एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग, षिक्षा विभाग, कृषि विभाग व अन्य विभाग प्रमुख के द्वारा स्टाल के माध्यम के योजनाओं का प्रचार, प्रसार किया गया साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा भगवान बिरसा मुण्ड़ा के 150 वीं जन्मतिथि के अवसर पर ग्राम सभा में पधारे हुए आगुंतको को वर्चु वल माध्यम से संबोधित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणेषराम ध्रुवें जनपद सदस्य व आसकरण ध्रुवें विषिष्ट अतिथि पांचो सुखदास डहरिया जनपद सदस्य, दुखिया जनेलाल पटेल सरपंच व उपसंरपंच अतिथियो के द्वारा जनजाति समूह के जन नायक भगवान बिरसा मुण्ड़ा जी के तैल चित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलवित किया गया। अतिथियों के द्वारा भगवान बिरसा मुण्ड़ा के जनजाति समुह के उत्थान की जानकारी माननीय अतिथियों के द्वारा दिया गया। स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दिया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत कवर्धा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेस कुमार भगत के द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी अतिथियों व कार्यक्रम में आये समस्त ग्रामवासियों को विस्तार से दिया गया चेतन कुमार पांण्डेय अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपंद पंचायत द्वारा कार्यक्रम में पंचायत विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओ का विस्तार में जानकारी जनसमूह को दिया गया तथा सर्वविभाग प्रमुखों द्वारा क्रमषः अपने अपने विभाग द्वारा जन कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी उपस्थित जनसमुह को दिया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण का किया गया कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड पंजीकृत करने की व्यवस्था की कार्यक्रम स्थल मे ही किया गया।

खेत से 3 मानव कंकाल बरामद, पुलिस कप्तान का खुलासा

तीनों एक ही परिवार के सदस्य गढ़वा में पकड़ाया नृशंस आरोपी, बताया हत्या का कारण

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस ने एक खेत से तीन नर कंकाल बरामद किया। एफएसएल और अन्य वैज्ञानिक तरीकों से जांच पड़ताल के बाद तीनों की मौत का कारण हत्या होना बताया गया। सघन छानबीन के बाद पुलिस कप्तान वैभव बैंकर रमनलाल ने खुलासा किया कि हत्या के पीछे की वजह प्रेम संबध है। आरोपी को झारखण्ड गढ़वा से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम मुख्तार अंसारी है। उसका छोटा भाई मृत लड़की से प्यार करता था। लड़की पर जमकर पैसा भी लुटाता था। तंग आकर बड़े भाई ने छोटे भाई की प्रेमिका समेत मां और भाई को मौत के घाट उतारा है।

खेत में तीन खोपड़ी, कंकाल

जिले में स्थित कुसमी थाना निवासी पारसनाथ ने 15 नवम्बर को थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया। पारसनाथ ने

बताया कि ग्राम दहेजवार कंचनपुर स्थित धान के खेत में मानव कंकाल हड्डी और खोपड़ी पड़ी हुई है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। मामले की जानकारी को वरिष्ठ अधिकारियों से साझा किया। तत्काल एफएसएल की टीम को बुलाया गया।

मौके पर पहुंची एफएसल टीम

पुलिस टीम ने धान के खेत से हड्डी, खोपड़ी, कपड़ा, पायल समेत कपड़ों को बरामद किया। पुलिस कप्तान ने बताया कि तत्काल सरहदी जिलों की थानों और पुलिस से दर्ज गुमशुदगी की जानकारी मांगी गयी। इसी दौरान कुसमी थाना पुलिस से पता चला कि थाना कुसमी में तीन लोगों की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज है।

गुमशुदगी रिपोर्ट की जानकारी

गुम इंसानों का नाम कौशल्या पति सूरजदेव ठाकुर उम्र 35 साल, मुक्तावती पिता सूरजदेव ठाकुर उम्र 17 साल है। मिन्टू ठाकुर पिता सूरजदेव ठाकुर उम्र 05 साल है। तीनों वार्ड क्रमांक कुसमी के रहने वाले है। 5 अक्टूबर को कुसमी धाना पहुंचकर सूरजदेव ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराया है कि पत्नी कौशल्या अपने साथ बेटी मुक्तावती और बेटा मिन्टू के साथ 26 सितम्बर 24 को घर से कुसमी बाजार गयी। लेकिन तीनों नहीं लौटे।

आरोपी का मिला सुराग

घटना स्थल से बरामद कंकाल,खोपड़ी और हड्डियों को डॉक्टरों के हवाले किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पता चला कि तीनों की बेरहमी से हत्या हुई है। रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम किया। पूछताछ के दौरान परिजनों ने बताया गया कि उनके घर परसवार,थाना भण्डरिया जिला गढ़वा झारखण्ड निवासी मुख्तार अंसारी और उसके भाई का आना जाना था। मुख्तार झाड़फूंक का काम करता है।

परिजनों से कराई गयी पहचान

बलरामपुर पुलिस कप्तान ने बताया कि गुमशुदगी की जानकारी के बाद गायब तीनों के परिजनों को पहचान के लिए थाना बुलाया गया। सूरजदेव ठाकुर ने घटना स्थल से जप्त कपड़े और वस्तुओं की पहचान कर बताया कि बरामद कंकाल पत्नी कौशल्या, बेटी मुक्तावती और बेटा मिन्टू ठाकुर का है।

आरोपी ने कबूल किया जुर्म

मुख्तार अंसारी को झारखण्ड गढ़वा से हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान मुख्तार ने बताया कि उसके भाई का सूरजदेव की मृतक लड़की से प्रेम संबंध था। भाई पूरा पैसा लड़की पर खर्च करता था। इसलिए दोनों को हमेशा के लिए अलग करने का फैसला किया। मौका पाकर तीनों को मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद शव धान के खेत में फेंक दिया। गुनाह कबूल किये जाने के बाद आरोपी मुख्तार को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड में लिया गया है। आरोपी से अभी बहुत कुछ पूछताछ किया जाना बाकी है। मामले में अभी कई चेहरे सामने आ सकते है।

केशरवानी महिला समिति चांपा के सदस्यों ने मनाया देव दीपावली

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी केशरवानी महिला समिति चांपा के सदस्यों ने समिति की अध्यक्ष शांता महेंद्र गुप्ता के निवास पर देव दीपावली कार्तिक पूर्णिमा हर्षोल्लास पूर्वक मनाया सर्व प्रथम सभी सदस्यों ने भगवान श्री कृष्ण जी, विष्णु प्रिया तुलसी माता एवं धात्री वृक्ष आंवला वृक्ष और गौमाता की पूजा आराधना कर दीपदान किया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष शांता महेंद्र गुप्ता ने सभी को देव दीपावली कार्तिक पूर्णिमा की बधाई दी और कहा कि कार्तिक पूर्णिमा दीपों का प्रकाश पर्व है इस दिन नदी तालाबों में दीपदान करने का बहुत बड़ा महत्व है कार्तिक पूर्णिमा के दिन ही भगवान शिव शंकर जी ने त्रिपुरासुर का वध किया था, इसलिए कार्तिक पूर्णिमा को देव देव दीपावली के रूप में मनाया जाता है अपराजय पर पराजय, अंधकार पर प्रकाश,अज्ञान पर ज्ञान का विजय,का पर्व कार्तिक पूर्णिमा शांति, सद्भावना, एवं सौहार्द का संदेश देता है इसमें जहां तमसो मां ज्योतिर्गमय का प्रकाशपूर्ण भाव का संदेश है वहीं देव संस्कृति की जड़ों से जुड़ने का भी बहुत ही दिव्य भाव का भी संदेश समाहित है इसलिए देव उपासना अवश्य करनी चाहिए सभी सदस्य एक मिनट गेम और अन्य मनोरंजक गेम खेलकर पटाखे और फुलझड़ी चला कर देव दीपावली की खुशियां मनाए आरती और प्रसाद वितरण के पश्चात स्वल्पाहार के साथ आयोजन का समापन किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शांता महेंद्र गुप्ता, क्षमा केसरवानी, विभा केशरवानी, सरला केशरवानी, तृप्ति केशरवानी, ईश्वरी, केशरवानी, कुमारी बाई अर्पिता गुप्ता, सुचित्रा, केशरवानी प्रिया, केशरवानी आरती, गुप्ता, मोनिका, कुमारी दिव्या, नव्या, मान्या, मिल्की, अवनी, शान्वी आदि सदस्य शामिल हुए।

भारत स्काउट गाइड के बच्चो की टोली का वन डे हाईक प्रोग्राम

2 सौ की बड़ी संख्या में शामिल हुए स्कूली बच्चे, एडवेंचर से भरे जगहों पर बच्चो को कराया भ्रमण

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट एंड गाइड रोवर रेंजर्स जिला जांजगीर के विभिन्न स्कूल शास उच्च माध्य विद्या सिवनी चांपा, डी डी एस उच्च माध्य विद्या बिर्रा, शास उच्च माध्य विद्या किरित, हाई स्कूल सरवानी, शास उच्च माध्य विद्या खोखरा, पूर्व माध्यमिक शाला अंगारखार से 200 की संख्या में स्काउट गाइड वन डे हाईक प्रोग्राम कोरबा जिले के बरपाली चुहरी ग्राम झींका के पिकनिक स्पॉट से मां मड़वारानी पहाड़ ऊपर कलमी पेड़ में विराजमान माताराणी का दर्शन किये। सभी बच्चों को हाइक परंपरा के अनुसार ग्रुप वार टोली बनाकर स्काउट की 12 पशु पक्षियों का नाम और गाइड की 12 टोली जिसमें फूल का नाम दिया। उसके बाद एडवेंचर कराया गया। हाइक में बच्चों को नाश्ता करने के बाद टास्क के अनुसार दिशा का जान उपर पहाड़ में चढ़ते समय विभिन्न क्रियाकलाप करते हुए पहाड़ में चढ़ना सुखद अनुभव रहा, सांस्कृतिक ऐतिहासिक, धार्मिक जानकारी लेते हुए बीच बीच में टोली के अनुसार रास्ते में डांस, गीत, स्लोगन, जोक्स करते हुए आगे बढ़े। स्काउट गाइड के द्वार नो प्लास्टिक नो कचरा का संदेश देते हुए पिकनिक स्पॉट की साफ सफाई का अभियान चलाया गया। नीचे उतरकर खाना खाने के बाद एक साथ टोली वाइस सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति बच्चो ने दी और अंतिम में एकसाथ वर्ड रिकॉर्ड्स सॉन्ग भारत स्काउट के कर्मा कस कुहकी गाबो मादार के थाप मे एकसाथ 200 स्काउट गाइड की प्रस्तुति ने वहां उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा शास उच्च माध्य विद्या स्काउटर मनोज कुमार कंवर ने तैयार कर सभी को इनवाइट करने के बाद कार्यक्रम तैयार हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला संगठन आयुक्त सुरेंद्रकुमार सोनी अंगारखार, जिला सहसंयोजक प्रेमलता साहू बिर्रा, एडवांस स्काउटर राजेंद्र कश्यप किरित, भूपेंद्र पटेल सरवानी, मधु गुणेश्वर मोहनीश बरेठ नेश्वर पटेल कुंजीलाल आदि रोवर रेंजर्स का योगदान रहा सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन मनोज कंवर के द्वारा किया गया जिसमें सुरेन्द्र सोनी ने स्वागत प्रतिवेदन और पूरे हाइक के माध्यम से बच्चों को रूबरू कराया इस प्रकार हमारा हाईक विभिन्न गतिविधियों के साथ पूरा हुआ। इस दौरान बच्चो में काफी उत्साह दिखा।

छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 17 नवंबर को सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश में पत्रकारों के सबसे सशक्त संगठन छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन की प्रांतीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक 17 नवंबर को राजधानी रायपुर के होटल महिंद्रा के सभागार में संपन्न हुई, बैठक की अध्यक्षता यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने की तथा बैठक के शुभारंभ के दौरान सभी सदस्यों को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की गई, साथ ही आने वाले नए सत्र के लिए संगठन की प्रक्रिया के तहत प्रदेश कार्यकारिणी के निर्वाचन को लेकर चर्चा हुई, प्रदेश पदाधिकारी मुन्नीलाल अग्रवाल, पी के तिवारी एवं विजयलक्ष्मी चौहान ने यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम के नेतृत्व में संगठन को मजबूती के साथ संचालित होने की बात कहते हुए नए सत्र के लिए भी अमित गौतम के नेतृत्व में ही कार्यकारिणी का गठन होने की बात कही। वहीं बैठक में उपस्थित विभिन्न जिलों से आए जिला अध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारीयो ने भी छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन के संगठन को सदैव मजबूत रखने की दिशा में फिर से प्रदेश अध्यक्ष की कमान अमित गौतम को सौंपने की बात कही गई, जिस पर सर्वसम्मति से नए सत्र के लिए अमित गौतम के नाम पर ही मोहर लगी तथा बैठक के दौरान दीपावली पर्व को लेकर जहां सदस्यों को बधाई दी गई तो वहीं यूनियन की दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष शमशेद खान के जन्मदिन के मौके पर केक काटकर जन्मदिन मनाया गया तथा उन्हें बधाई प्रेषित की गई,बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने कहा कि छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन प्रदेश में पत्रकार हितों के लिए विगत 6 वर्षों से निरंतर काम कर रहा है, तथा आने वाले नए सत्र में हम सभी नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया विगत वर्षों की भांति इस सत्र में भी विधिवत पूर्ण करेंगे तथा सभी सदस्य इसी तरह से संगठन को मजबूत बनाने की दिशा में काम करें एवं यूनियन में ऐसे सदस्य जो की सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन नहीं कर रहे हैं उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां नहीं दी जाएगी तथा उनके स्थान पर सक्रिय साथियों को जोड़ा जाएगा, वहीं अमित गौतम ने विगत दिनों 2 अक्टूबर को रायपुर में संपन्न प्रदेश स्तरीय पत्रकारों के आंदोलन एवं सुकमा में आयोजित आंदोलन को लेकर भी उसमें पत्रकारों की तथा यूनियन के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के लिए उनका आभार व्यक्त किया साथ ही कहा कि आगामी 9 दिसंबर को जांजगीर चांपा जिला मुख्यालय में हमारा यूनियन का अधिवेशन होना है,तथा इस अधिवेशन में हम सभी प्रत्येक जिलों से अधिक से अधिक संख्या में सदस्य वहां पहुंचे तथा अपनी एकजुटता दिखाएं। प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने अपने कार्यकाल में मिले सभी पदाधिकारी- सदस्यों के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया साथ ही कहा कि आने वाले समय में भी आप सभी के सहयोग से इस संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा, 17 नवंबर को छत्तीसगढ़ जनरली वेलफेयर यूनियन की संपन्न प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में जहां प्रदेश पदाधिकारी एवं विभिन्न जिलों से अध्यक्ष एवं पदाधिकारी मौजूद रहे तो वहीं उपस्थित सभी सदस्यों को यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम ने अपनी ओर से उपहार प्रदान किया तथा सभी आगंतुकों के सम्मान में दोपहर लंच की भी व्यवस्था की गई। कार्यकारिणी की बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम, महेश आचार्य, मुन्नीलाल अग्रवाल, पी के तिवारी, तिलका साहू, विजयलक्ष्मी चौहान, बलराज नायडू, रुपेश श्रीवास, रवि सोनकर, शमशेद खान, पांडेय बेमेतरा, राहुल सेन, मनीष तिवारी, मनीष दयाल सहित बेमेतरा जिले, बालोद जिले, दुर्ग जिले, जांजगीर-चांपा जिले, शक्ति जिले, रायगढ़ जिले, सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले, महासमुंद जिले, बस्तर,सरगुजा जगदलपुर सहित विभिन्न स्थानों से पत्रकार साथी मौजूद रहे।

भाजपा नेता रामावतार अग्रवाल ने की केंद्रीय शहरी मंत्री से शहर हित मे मांगे

सक्ती। जिले के भाजपा नेता रामअवतार अग्रवाल ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के शहरी एवं आवास मंत्री तोखन साहू के शक्ति आगमन पर उनसे

क्षेत्र के हित में विभिन मांगे रखी, इस दौरान रामावतार अग्रवाल ने केंद्रीय शहरी मंत्री तोखन साहू को बताया की शक्ति विकासखंड के तुर्रीधाम एवं दमाऊ धारा प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, तथा तुर्री धाम बाबा भोलेनाथ की नगरी है जहां प्रतिवर्ष विभिन्न बड़े धार्मिक आयोजन हो रहे हैं, एवं दमाऊ धारा भी नैसर्गिक एवं प्राकृतिक छटाओ से घिरा हुआ क्षेत्र है। साथ ही रामअवतार अग्रवाल ने कहा की शक्ति शहर में टेमर रेलवे फाटक एवं सोंठी रेलवे फाटक में रेल ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य आज तक प्रारंभ नहीं हो पाया है,उसे भी अविलंब प्रारंभ कराया जाए जिससे क्षेत्र के लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सके तथा रामावतार अग्रवाल ने बताया की शक्ति जिले में अयोध्या धाम जाने हेतु यात्रियों का कोटा आवंटन काफी कम है इसे भी बढ़ाया जाना चाहिए एवं न्यूनतम प्रति यात्रा डेढ़ सौ लोगों का कोटा होना चाहिए जिससे लोगों को अयोध्या धाम की यात्रा का लाभ मिल सके इस दौरान भाजपा नेता राम अवतार अग्रवाल की मांग पर केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने भी इस संबंध में शीघ्र ही आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।

राजापारा में 15 दिवसीय कार्तिक रामायण महोत्सव का हुआ समापन

सक्ती। विगत 60 वर्षों से वार्ड क्रमांक 3 राजापारा में श्रीशारदा मानस मंडली के द्वारा 15 दिवसीय कार्तिक रामायण काआयोजन किया जा रहा है यह कार्यक्रम बहुत ही आनंदमयहर्षोल्लास के साथ कार्तिक पूर्णिमा के दिन रात्रि जागरण मेंभजन कीर्तन प्रवचन के साथ संपन्न हुआ कार्तिक रामायणका आयोजन रात भर चलता रहा 16 नवंबर को सुबह 7:00 बजेमहामंगल आरती के साथ समापन किया गया तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में राजापारा वार्ड नंबर 3 के मोहल्ले वासी का सराहनीय योगदान रहा इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में कीर्तन महावीर मंडली महिला कीर्तन मंडली राजापारा मानस मंडली रगजा, कांदा नारा कीर्तन मंडली, अचानकपुर, कीर्तन मंडली की उपस्थित सराहनीय योगदान रहा। इस कार्यक्रम के बारे में शारदा मानस मंडली के सदस्य सुंदरलाल प्रधान ने प्रेस को बताया की पहले कार्यक्रम कार्तिक माह भर चलता था लेकिन समय के साथ विगत कुछ वर्षों से 15 दिनों का कार्यक्रम करते आ रहे हैं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुंदरलाल प्रधान गौरी शंकर वर्मा, महादेव धीवर, परस यादव, शंकर धीवर, रघुनंदन केवट, रोहित प्रधान होरीलाल, एसएस पैकरा, तीजराम केवट, प्रमोद गोपाल, अवध, बिहारी कुंदन, संतोष, कृष्ण कुमार देवांगन अधिवक्ता, हम लोधी, संतोष देवांगन, लक्ष्मीन बाई, शांति बाई, प्राशु ठाकुर, जगदीश धीवर भरत, गोरख यादव का सराहनीय योगदान रहा।

रामानुजगंज शासकीय लरंगसाय महाविद्यालय का मामला, आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेताओं की उपेक्षा बना चर्चा का विषय

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

शासकीय लरंग साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा के 150 वी जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। आयोजन समिति के द्वारा कई भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं कनिष्ठ नेताओं सहित नगर पंचायत के भाजपा पार्षदों की भी उपेक्षा की गई जो स्थानीय पार्टी स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। पार्टी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपेक्षित भाजपायों ने बताया कि पिछले 5 वर्षो से भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का शासकीय लरंग साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कांग्रेस शासन काल के दौरान हम सभी उपेक्षा का शिकार होते चले आ रहे हैं

लेकिन अब अपने भी शासनकाल में यदि कोई अपेक्षित करता है तो यह उचित प्रतीत नहीं होता? क्योंकि अपनों के द्वारा दिया हुआ तकलीफ ज्यादा पीड़ा दाई होता है। महिला पार्षद ने अपने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि रामानुजगंज के कुछ पदाधिकारी कई महीनो से अपना मनमानी करने पर उतारू हो गए है। खासकर शासकीय सेवकों के साथ अभद्र व्यवहार का मामले सामने आ रहे हैं। कई पीड़ित अधिकारियों ने अपने साथ हुए घटनाओं का जिक्र करते हुए जानकारी दी। जिसके कारण भारतीय जनता पार्टी की छवि धूमिल हो रही है।

सरगुजा सांसद निहारते रहे अपनों की राह

उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सरगुजा सांसद चिन्तामणि महाराज थे जिन्होंने कार्यक्रम के दौरान कई लोगों का राह निहारते रहे उन भारतीय जनता पार्टी के कर्तव्य निस्ट कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को निहारत रहे थे जिन्होंने गत कई महीनो पहले सांसद चुनाव के समय रामानुजगंज विधानसभा में उनको जिताने के लिए प्रचार प्रसार करते हुए साथ में घूम रहे थे स्वाभाविक है की जो व्यक्ति उनको जीताने के लिए प्रयास रत था यदि उनके रामानुजगंज आगमन पर यदि वह व्यक्ति उनके करीब ना हो तो उनका राह निहारना स्वभाविक हो जाता है उक्त आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने गए भाजपा नेता ने बताया कि विगत 5 वर्षों से अपेक्षित भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान लोगों को प्रत्येक आयोजित कार्यक्रम में उनको प्राथमिकता एवं सम्मान के साथ बुलाना चाहिए जिनके वह हकदार है?

कांग्रेस शासन काल में स्वेच्छा अनुदान राशि खाने वाले को प्राथमिकता

विगत 10 वर्षों से रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस शासन काल के दौरान मनमानी तौर पर स्वेच्छा अनुदान राशि खाने वाले और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ नेताओं की उपेक्षा एवं निंदा करने वाले लोगों को प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद भी भाजपा के कुछ लालची एवं स्वार्थी लोगों के द्वारा उनको ही प्रथम प्राथमिकता दी जा रही है जो पार्टी में चर्चा का विषय बना हुआ है। होली दशहरा दिवाली में उनको बेहतर गिफ्ट देकर उनका सम्मान भी किया जा रहा है और उनको प्रत्येक कार्य क्रम में उच्च पीड़ा देकर बैठाया भी जा रहा है जो चर्चा का विषय बना हुआ है यदि यही हाल रहा तो आने वाले समय में बेहतर परिणाम की कल्पना करना उचित नहीं जान पड़ता है? क्योंकि यह पब्लिक है सब जानती है किसको तख्त पर बिठा दे और कब किसको खाख में मिला दे यह कोई नहीं जानता।

9 स्कूलों के स्टूडेंट पहुंचे सर्वोदय पब्लिक स्कूल चंद्रपुर, साइंस एग्जीबिशन का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

सर्वोदय पब्लिक स्कूल हीरापुर चंद्रपुर में इंटर स्कूल साइंस मैथ्स रोबोटिक्स कामर्स आर्ट एंड क्राफ्ट एग्जिबिशन का आयोजन किया गया, इसमें कुल 9 स्कूलों के छात्र-छात्राओं के बीच यह प्रदर्शनी संपन्न हुई सर्वोदय पब्लिक स्कूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में अन्य आठ विद्यालय सम्मिलित हुए जिसमें गुरु द्रोण मॉडल स्कूल बरमकेला पीएम श्री आत्मानंद स्कूल डबरा सरस्वती शिशु मंदिर अंग्रेजी माध्यम चन्द्रपुर सरस्वती शिशु मंदिर हिंदी माध्यम चंद्रपुर कामधेनु पब्लिक स्कूल तुलसीडीह श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल डबरा स्वामी आत्मानंद स्कूल चंद्रपुर संत मदर टेरेसा इंग्लिश हिंदी मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल गोबरा चन्द्रहासिनी विद्यापीठ मिरौनी सम्मिलित हुए थे। इस कार्यक्रम में साइंस के कुल 224 रोबोटिक्स के 66 मैथ्स के कॉमर्स के एवं आर्ट एंड क्राफ्ट के 135 सुदर कलाकृतियाँ प्रस्तुत किए। विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के द्वारा विशेष तौर पर हेल्थ केयर संचालित किए जिसमें आगन्तुक सभी लोग अपने हाईट वेट बल्ड प्रेसर बल्ड ग्रुप सभी माप कर रहे थे। जिससे सभी लोग विशेष प्रसंशा कर करे थे, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सक्ती जिला के जिला शिक्षा अधिकारी एन के चन्द्रा सहायक जिला शिक्षा अधिकारी, आर के अग्रवाल विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी डभरा, श्याम वारे रहे। विशिष्ट अतिथि जुगल किशोर अग्रवाल (संचालक भारत माता पब्लिक स्कूल सरिया) विकास अग्रवाल (सामाजिक कार्यकर्ता चन्द्रपुर) डॉ. प्रहल्लाद पटेल रहे,कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों के द्वारा माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया गया सभी विद्यार्थियों ने अपने प्रस्तुत मॉडल के साथ उसके निर्माण विधि इस्तेमाल और भविष्य में होने वाले उपयोग के बारे में अपने विचार व्यक्त किये इस प्रदर्शनी का आकलन निरीक्षको द्वारा चार वर्गों प्राथमिक माध्यमिक हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर पर किया गया। आर्ट एंड क्राफ्ट पर बच्चों के द्वारा सुंदर कलाकृतियां को एक कक्ष पर बहुत ही सुंदर ढंग से सुसज्जित किया गया था जो लोगों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ था इस विज्ञान प्रदर्शनी को देखने स्थानीय व दुर-दराज से भी गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक गण आए हुए थे सभी आगंतुक अतिथियों ने बच्चों द्वारा निर्मित इस तरह के मॉडल एवं कलाकृतियां की प्रशंसा करते नहीं तक रहे थे सभी मॉडल पर वर्ग सह बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए आयोजक विद्यालय द्वारा पुरस्कार की व्यवस्था की गई थी जिसमें चारों वर्ग प्राथमिक माध्यमिक हाईस्कूल हायर सेकेंडरी स्तर पर साइंस मैथ्स रोबोटिक्स कामर्स आर्ट एंड क्राफ्ट में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथियों पुरस्कार वह प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कामर्स में अमन पटेल तेज प्रकाश प्रथम स्थान घुंघरु प्रधान दिया पटेल द्वितीय स्थान राही अग्रवाल प्रतिभा घृतलहरे तृतीय स्थान रोबाटिक्स प्राथमिक खंड पुष्कर पटेल नवल पटेल प्रथम स्थान माध्यमिक खंड भास्कर पटेल मेधांश पटेल प्रथम स्थान मयंक पटेल रेहांस पटेल द्वितीय स्थान यश पटेल रोशनी पटेल तृतीय स्थान हाईस्कूल वर्ग जीत पटेल अंकित नायक प्रथम स्थान नीतिश साहू मानस पटेल द्वितीय स्थान नमन पटेल निलेश नायक तृतीय स्थान हायर सेकेण्डरी वर्ग में समीर पटेल राज पटेल प्रथम स्थान शिवम मालाकार रितेश पटेल द्वितीय स्थान चंद्रकांत पटेल पुष्कर पटेल तृतीया स्थान विज्ञान प्रदर्शनी प्राथमिक खंड अभिनीत पटेल जीवेश पटेल प्रथम स्थान ओमी पटेल अनिशा पटेल द्वितीय स्थान आदित्य पटेल ओम सिदार तृतीया स्थान माध्यमिक खंड मुस्कान पटेल रितु गौतम प्रथम स्थान सोनम पटेल सौम्या पटेल द्वितीय स्थान चांदनी पटेल अदिति पटेल तृतीया स्थान व रवि पटेल गगन पटेल भी तृतीया स्थान हाईस्कूल खंड लक्ष्य सोनवानी तस्नीम राजा प्रथम स्थान मोहन नायक कृष्णा पटेल द्वितीय स्थान नवनीत साईं उमेश साहू तृतीय स्थान हायर सेकेंडरी खंड यामिनी जायसवाल भूमिका टूटे प्रथम स्थान अनिकेत टंडन द्वितीय स्थान तिलेश साहू अंकित यादव तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आर्ट एंड क्राफ्ट कक्षा पहली व दुसरी शौर्य पटेल प्रथम स्थान शिवांगी कुमारी द्वितीय स्थान सेजल पटेल तृतीय स्थान कक्षा तीसरी व चौथी मानस्वी अगरिया प्रथम स्थान दिव्यांश पटेल द्वितीय स्थान मुस्कान चौधरी तृतीय स्थान कक्षा पाँचवीं से आठवीं अमन पटेल प्रथम स्थान चुडास्म पटेल द्वितीय स्थान सेल्वी साहु तृतीय स्थान कक्षा नवमीं से बारहवीं तक प्रिंसी पटेल प्रथम स्थान यश पटेल द्वितीय स्थान अंजली पटेल तृतीय स्थान प्राप्त किए। व सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को सांत्वना स्वरुप प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। पुरस्कार वितरण के पश्चात सभी निरीक्षको को शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया, इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल संचालक अग्रवाल किशोर अग्रवाल वंशिता अग्रवाल उपस्थित रहे। प्राचार्य राम कृष्ण पंडा ने अपने संबोधन में कहा बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से अपने नए विचार व वैज्ञानिक सिद्धांतों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा, वेस्ट मटेरियल का उपयोग के ऊपर अपने मॉडल प्रस्तुत करके उज्वल भविष्य व आने वाली पीढ़ी के लिए एक नया मार्ग प्रस्तुत करेंगे। विज्ञान में रुचि होने के कारण भविष्य में वे महान वैज्ञानिक होंगे,अंत मे विद्यालयके उप प्राचार्य सुरेश यादव नेआगंतुक सभी विद्यालयों व मीडिया बन्धुओं को इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

मोहित राम यादव के 20वीं पुण्यतिथि पर डोंगाघाट चांपा में होगी श्रद्धांजली सभा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ चांपा
www.dailypioneer.com

चांपा नगर में लगातार 60 वर्षों से कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन करने वाले श्री हनुमान व्यायाम शाला अखाड़ा के संस्थापक संचालक स्व. मोहित राम यादव के 20वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन डोंगाघाट मंदिर चांपा में श्री हनुमान व्यायाम शाला सेवा समिति द्वारा रखा गया है। इस संबंध में श्री हनुमान व्यायाम शाला सेवा समिति सचिव विकास तिवारी ने बताया कि चांपा नगर मे हसदेव नदी किनारे डोगाघाट मंदिर स्थित स्थल पर 70 वर्ष पूर्व गुरुजी मोहित राम यादव द्वारा श्री हनुमान व्यायाम शाला का निर्माण कराया गया था। स्व. मोहित राम यादव ने जीवन पर्यंत कुश्ती व्यायाम के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया था ।एक पैर से विकलांग होने के बाद भी उन्होंने कुश्ती जैसी विद्या को चुना और पूरा जीवन हनुमान भक्ति और कुश्ती में लगा दी उनका देहावसान 19 नवंबर 2004 को हुआ। नगर ही नहीं राज्य के लिए कुश्ती गौरव व्यक्तित्व की याद में उनकी 20 वीं पुण्यतिथि 19 नवंबर 2024 दोपहर 3 बजे डोगाघाट चांपा में श्रद्धा सुमन अर्पित की जाएगी। श्री हनुमान व्यायाम शाला सेवा समिति के अध्यक्ष गिरधारी यादव ने अधिक से अधिक संख्या में पहलवानों सहित आम नागरिकों से श्रद्धांजली आयोजन मे उपस्थिति की अपील की है।

छत्तीसगढ़ में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत पीवीटीजी हितग्राहियों की हो रही स्वास्थ्य जांच

छत्तीसगढ़ में 62 मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से मिल रही हैं हितग्राहियों को स्वास्थ्य सुविधाएं

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर बेहद जागरूक हैं। खासतौर पर विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों के स्वास्थ्य को लेकर मुख्यमंत्री काफी संवेदनशील नजर आते हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पीएम जनमन योजना के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में कुशल स्वास्थ्य अमले को तैनात करने के विशेष निर्देश दिए हैं ताकि पीवीटीजी परिवारों की स्वास्थ्य संबंधी समस्या को बेहतर तरीके से दूर किया जा सके। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि पीएम जनमन योजना अंतर्गत स्वास्थ्य शिविरों का भी आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर हितग्राहियों के लिए योजनाओं के तहत तत्काल लाभ प्रदान करने और पीवीटीजी समूहों के लिए विशेष रूप से स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर आयोजित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री जनमन अभियान का उद्देश्य पीवीटीजी परिवारों को प्रमुख व्यक्तिगत अधिकारों का लाभ प्रदान करना है। योजना के तहत पीवीटीजी बस्तियों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान कर जनजातीय समुदायों को केंद्र और राज्य की योजनाओं और उनके तहत

मिलने वाले लाभों के बारे में जागरूक किया जाता है। इस पहल में हर उस पीवीटीजी परिवार को शामिल किया जा रहा है जिनसे दूरी, सड़क और डिजिटल कनेक्टिविटी की कमी के कारण संपर्क नहीं हो सका है। ऐसे परिवारों को उनके घर पर ही विभिन्न प्रकार की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके लिए हाट बाजार, सामुदायिक सेवा केंद्र, ग्राम पंचायत, आंगनवाड़ी, बहुउद्देशीय केंद्र, वनधन विकास केंद्र, कृषि विज्ञान केंद्र जैसे स्थानों का उपयोग किया जा रहा है। जनमन अभियान के दौरान आधार कार्ड, सामुदायिक प्रमाण पत्र, जन धन खाते और वन अधिकार अधिनियम के लाभार्थियों को पट्टे प्रदान किए जा रहे हैं, क्योंकि ये अन्य योजनाओं के लिए बुनियादी आवश्यकताएं हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में इस अभियान के तहत 62 मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से हितग्राहियों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में मुख्य रूप से सिकलसेल जांच, टीबी जांच, रक्तचाप जांच, डायबिटीज जांच, आंखों की जांच तथा महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की जा रही है। छत्तीसगढ़ में इस योजना के अंतर्गत विगत 9 माह में लगभग 1 लाख 80 हजार पीवीटीजी हितग्राहियों की सिकलसेल जांच, लगभग 2 लाख हितग्राहियों की टी.बी. जांच, लगभग 1 लाख 50 हजार हितग्राहियों की रक्तचाप जांच, लगभग 1 लाख 50 हजार हितग्राहियों की डायबिटीज जांच, लगभग 16 हजार हितग्राहियों की आंखों की जांच तथा लगभग 3 हजार गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की जा चुकी है।

गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रदेश के 14 स्वास्थ्य संस्थाओं को मिला गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण

उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने वाले छत्तीसगढ़ के 14 शासकीय अस्पतालों को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। इनमें 10 आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र, 03 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और एक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की विशेषज्ञों की टीम द्वारा विगत अक्टूबर व नवंबर माह में इन अस्पतालों में मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता के परीक्षण के बाद राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र जारी किया गया है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गुणवत्ता आश्वासन के मानकों पर खरा उतरने वाले स्वास्थ्य केंद्रों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में स्वास्थ्य सुविधाएं लगातार बेहतर हो रही हैं और 14 शासकीय अस्पतालों को केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र मिलना इसी का नतीजा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा महासमुंद ज़िले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र भदरसी को 91.29%, बड़े टेमरी को 90.27%, झलप को 91.93% व शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयापारा को 88.89% के साथ सूरजपुर ज़िले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र नवापाराकला को 76.09%, धरमपुर को 87.75% व कांकेर जिले आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र मुसरपट्टा को 94.2%, पीवी 89 को 85.58%, कोदागांव को 93.36%, माकरीखुना को 81.54 व बलौदाबाजार ज़िले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र ठेलकी को 86.83%, रायगढ़ जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र छर्राटानगर को 82.39%, बस्तर जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र जमावड़ा को 88.99 व रायपुर ज़िले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र सिलयारी को 88.15 अंक प्राप्त हुए हैं। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदान करने के पूर्व विगत माह भारत सरकार के विशेषज्ञों की टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर परीक्षण किया गया। इनमें उपलब्ध सेवाएं, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण पत्र जारी किए जाते हैं।

राजधानी के तीन मूक-बधिर बच्चों को स्काउट्स एंड गाइड्स का गोल्डन एरो अवार्ड

अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के हैं विद्यार्थी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी के मूक-बधिर तीन नन्हे विद्यार्थियों को स्काउट एंड गाइड्स के सर्वोच्च राष्ट्रीय गोल्डन एरो अवार्ड से नवाजा गया है। यह छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव की बात है। ये तीनों मूक-बधिर बच्चे क्रमशः टिकेश्वर, आयुष चक्रधारी एवं महेन्द्र साहू बजाज कालोनी, न्यू राजेंद्र नगर स्थित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी हैं। ये बच्चे भले ही बोल-सुन नहीं सकते किन्तु इन बच्चों के दिमाग बहुत तेज है। इनमें सीखने की ललक है, न केवल पढ़ाई में बल्कि खलेकूद, नृत्य, मूर्तिकला, कम्प्यूटर में भी साधारण बच्चों से ज्यादा तेज हैं। स्कूल प्रबंधन द्वारा इनकी प्रतिभाओं को साइन लैंग्वेज के शिक्षकों तथा प्रशिक्षकों के माध्यम से निखारा जा रहा है। तीनों बच्चों ने स्काउटिंग की शुरुआत 'कब' से की थी। स्काउटिंग में इस उम्र के बच्चों के कब (छात्र) तथा बुलबुल

(छात्रा) को कहा जाता है। इनकी ट्रेनिंग स्काउट्स एण्ड गाइड्स के राज्य मुख्यालय झांकी में हुई थी। इन्हें गर्ल्स साल्क लीडर मोनिका गुप्ता, दीपक व आशीष ने प्रशिक्षण दिया था। इनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए इन्हें गोल्डन एरो अवार्ड से सम्मानित किया है। अवार्ड की घोषणा पलवल के गडपुरी में चीफ कमिश्नर ने की। स्काउट्स एण्ड गाइड्स में इससे बड़ा अवार्ड नहीं होता है। अब इन बच्चों का स्काउटिंग का मुख्य सफर प्रारंभ हो जाएगा। अर्पण कल्याण समिति के संरक्षक प्रमोद दुबे, अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष धनंजय त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष विरेन्द्र शर्मा तथा प्राचार्य कमलेश शुक्ला ने बच्चों को बधाई दी है।

नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन, विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ➤ पिथौरा
www.dailypioneer.com

मारवाड़ी युवा मंच शाखा पिथौरा के द्वारा भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, गोविन्द कुमार अग्रवाल कमला गौशाला, श्री विघ्नहर्ता वेलफेयर सोसाइटी ज्वेलर्स गोविन्द राम आशीष कुमार अग्रवाल के सहयोग से निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। शिविर संचालक एवं आयोजकों के द्वारा अंगवस्त्र से विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल का स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने कहा कि इस शिविर में मारवाड़ी युवा मंच द्वारा सामाजिक स्तर पर प्रचार प्रसार के माध्यम से गांव-गांव शहर-शहर में इस शिविर की जानकारी दी गयी। जिसमें लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया। जिसमें डॉक्टर की जांच के बाद लोगों को बैसाखी तथा कृत्रिम अंग मारवाड़ी युवा मंच की टीम व डॉक्टरों की टीम द्वारा लगाया गया। इस शिविर के माध्यम से तमाम उन द्विव्यांग लोगों को हाथ-पांव व अन्य चीज लगायी गयी है जिससे वे शारीरिक रूप से सक्षम होकर अपना जीवन यापन कर सकें। एक ओर जहां सामाजिक स्तर पर लोगों का काफी सहयोग प्रदान हुआ। वहीं दूसरी ओर जितने भी लोग इसमें रजिस्टर्ड किये उसमें से अधिकांश लोगों को शिविर का लाभ मिला है। विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने उपस्थित सभी दिव्यांग जनों को उज्जवल भविष्य एवं सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर गोविन्द राम अग्रवाल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष अनूप अग्रवाल, स्काउट एवं गाइड संघ अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, मारवाड़ी युवा मंच अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, राष्ट्रीय सभा सदस्य सौरभ अग्रवाल, अग्रवाल समाज सचिव बजरंग अग्रवाल, उदय शाखा सचिव अनमोल अग्रवाल, जनपद पंचायत पिथौरा सभापति सोहन पटेल,अमित अग्रवाल, मनीष बंसल, संदीप अग्रवाल आदि सम्मानित जन मौजूद रहे।

पढ़ाई के साथ खेल भी जीवन के लिए महत्वपूर्ण है: केदार कश्यप

बस्तर ओलंपिक के विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि जीवन में संपूर्ण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप बस्तर ओलम्पिक के माध्यम से गांव के प्रतिभाओं को निखारने का अच्छा अवसर मिला है। मंत्री कश्यप बस्तर ओलम्पिक-2024 के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस मौके पर बस्तर ओलम्पिक के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की पहल पर जनजातीय बाहुल्य और माओवाद प्रभावित बस्तर संभाग में खेल के माध्यम से विकास और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया गया। इस आयोजन को लेकर बस्तर के युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया, जिसमें सुदूर गांवों से आए युवा अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। बस्तर ओलम्पिक-2024 के तहत नारायणपुर जिले में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 09 से 16 नवंबर तक किया गया, जिसमें नारायणपुर विकासखंड हेतु प्रतियोगिता का आयोजन 09 से 11 नवंबर तक नारायणपुर के परेड ग्राउंड और खेल परिसर में किया गया, जिसमें जिले के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ओरछा विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता 14 से 16 नवंबर तक आयोजन किया गया। मंत्री कश्यप ने कहा कि इस अवसर का फायदा उठाते हुए राज्य स्तर तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित कर खेल के क्षेत्र में आगे बढ़े। खिलाड़ियों को हमेशा खेल भावना के साथ खेलकर अपने अनुशासन का परिचय देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अबूझमाड़ क्षेत्र के बच्चों ने मलखम्भ खेलों का हुंनरबाज बनकर देश के कई शहरों में प्रदर्शन कर अपने अबूझमाड़ का नाम रोशन किया है।

खोपली स्कूल में बैगलेस डे पर बाल मेला का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला खोपली में बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चो ने इडली, गुपचुप, भेल, चना चटपटी, चाउमीन, जाम, भोभरा चीला, पुड़ी सब्जी, मिर्ची भजिया, ब्रेड पकौड़ा, अप्पे, अंकुरित भेल व विभिन्न प्रकार के ज़ायकेदार व्यंजनों का स्टाल लगाया। शाला के प्रधान पाठक छबिलाल रघुवंशी ने बाल मेले की सराहना की। शाला के शिक्षक गिरीश साहू ने बच्चो को प्रोत्साहित किया और बाल मेले के माध्यम से बच्चो को स्वरोजगार के बारे में बताया। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला खोपली के प्रधान पाठक छबिलाल रघुवंशी, कुमार साहू, गिरीश साहू, दीपक साहू, रामेश्वरी चंदेल, संतोषी कश्यप, रोशनी चंद्राकर सहित मिडिल स्कूल के संस्था प्रमुख हरिश्चंद्र देवांगन, लोकेश साहू, रामती पाटिल, देवांगन, प्राथमिक, मिडिल व हॉयर सेकंडरी के बच्चों सहित पालकगण ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।

स्वामी आत्मानंद स्कूल में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत ली गई शपथ

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन मे शनिवार 16 नवंबर को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/हिंदी मीडियम कक्षा 9 से 12 वीं के 170 छात्र-छात्राओं शिक्षकगण को नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत संकल्प एवं शपथ दिलाया गया तथा नशा के होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताया गया। जनपद पंचायत भारत माता वाहिनी गठित के कार्य के बारे में अवगत कराते हुए बीजापुर में संचालित नशामुक्त केंद्र के बारे बताया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण के उपसंचालक कमलेश कुमार पटेल ने विस्तृत जानकारी प्रदान किए। इस दौरान उपस्थित शिक्षकगण ने भी साथ में संकल्प एवं शपथ ग्रहण किए।

ओजस मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल द्वारा रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

ओजस मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल इंद्रप्रस्थ रायपुर के नेतृत्व में रविवार को इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेस 2 में ओजस मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल द्वारा रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 लाभार्थियों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श का लाभ उठाया एवं 15 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर कार्यक्रम संपन्न किया, इसके लिए अच्छा होम ब्लड सेंटर के डॉक्टर धनंजय प्रसाद हरीश और टीम ने आवश्यक सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का

नेतृत्व डॉ. समीर सोनकर ने किया तथा डॉ. मोहम्मद शहरयार खान और पंकज मेट के निर्देश पर ओजस मल्टी हॉस्पिटल टीम मनोज निषाद, उषा, विनायक, आरती, प्रकाश, और शिब्बू ने अपना सहयोग प्रदान किया। साथ ही स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दीपिका बेल ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया, और साथ ही कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन करने में कॉलोनी से दिनेश वाधवानी (उपाध्यक्ष), सुनील पाठक (सुरक्षा एवं कानूनी सलाहकार) एवं समस्त ईडब्ल्यूएस परिवार का सहयोग उल्लेखनी रहा, एवं इस कार्यक्रम में सहयोगी संस्थान एएसजी आई हॉस्पिटल से पूरी टीम जिसमें दिव्या दीपेश शोभाराम ज्ञानचंद ने लाभार्थियों का नेत्र परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। साथ ही धन चिकित्सा सहयोग में डॉक्टर घनश्याम सहारे ने परामर्श एवं चिकित्सा सहयोग प्रदान किया।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में एनीमिया मुक्त ग्राम बनाने का लिया संकल्प

स्वास्थ्य शिविर में 260 हितग्राहियों ने कराया पंजीयन

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर छुरिया विकासखंड के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र ग्राम घोटिया में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि शिविर में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम घोटिया को एनीमिया मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लिया गया। स्वास्थ्य सुरक्षा, शिक्षा, संस्कार, सुपोषण अभियान के माध्यम से गांव को स्वस्थ बनाने

एवं किशोरी बालिकाओं को समय-समय पर प्रशिक्षण देकर जागरूक करने कहा गया, जिससे मातृ मृत्यु व शिशु मृत्यु नहीं हो। साथ ही दादी-मां का बटुआ अर्थात रसोई में उपलब्ध वस्तुओं के आधार पर स्वस्थ रहने का नुस्खा भी बताया गया। कार्यक्रम में बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, सिकल सेल, एनीमिया एवं अन्य स्वास्थ्य जांच की गई। जांच में 7 ग्राम से कम हीमोग्लोबिन के 4 मरीज, 7 ग्राम हीमोग्लोबिन से अधिक 114 मरीज पाए गए। वही 10 ग्रामीणों की सिकल सेल जांच की गई, जो नेगेटिव पाया गया। बीपी के 25 मरीज एवं शुगर के 2 मरीज मिले। स्वास्थ्य शिविर में 260 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। जिसमें 35 पुरुष एवं 82 महिलाओं की जांच की गई। शिविर में स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार मरीजों को निःशुल्क दवाईयों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर खेलकूद, कुर्सी दौड़, मोमबत्ती दौड़ एवं अन्य खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के पर्यवेक्षक सुदेश कुमार टेंबुरकर, डागेश्वर राय, मुकेश गुनेंद्र, ब्लॉक समन्वयक अनीता ध्रुव, मितानिन प्रेरक भैरव निर्मलकर, पार्वती मांडवी, भारती सिन्हा एवं संकुल की सभी मितानीनों, ग्राम के पटेल रेखा राम यादव, ईश्वर, दिलीप मांडवी, दिनेश मांडवी, अमेरिका बाई, पीतांबर एवं ग्राम के पटवारी तथा सचिव सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

डायरिया फैला, सांगिनकछार में 3 ग्रामीणों की मौत

अब तक 16 मरीज, 6 मरीज मेडिकल कालेज रेफर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप कर डोर टू डोर सर्वे जारी

पायनियर संवाददाता ⮜ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

ब्लॉक के ग्राम सांगिनकछार में डायरिया के प्रकोप की खबर है। 5 नवंबर से लक्षण पाए जाने की बाद से अब तक एक महिला सहित 3 लोगों की मौत से हड़कंप मच गया है। स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में आ गया है। विभाग के निम्न इकाई सहित मितानिनो द्वारा डोर टू डोर सर्वे कर ग्रामीणों की जांच कर परामर्श दिया जा रहा है। 17 नवम्बर को खबर लिखे जाने तक 16 मरीजो की पुष्टि अफसरों ने की है। उल्लेखनीय है कि सांगिनकछार में 5 नवम्बर से उल्टी दस्त की शिकायत आई थी। कुछ ग्रामीणों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में दाखिल कराया गया था। इनमें कुछ मरीजो की मौत होने से डायरिया के पैर पसारने का अंदाजा लगाया गया। ग्रामीणों की माने तो ग्राम में डायरिया के प्रकोप के मध्य अवधि में ही ग्रामीणजन ममता यादव 37 वर्ष, हरिराम वर्मा व ताजूराम साहू 73 वर्ष की मौत हो चुकी है। वहीं गूँगेरी नवागांव के एक ग्रामीण के सांगिनकछार से लौटने के उपरांत उल्टी दस्त से मौत हो जाने के बाद से हड़कंप मच गया। हालांकि इन ग्रामीणों की डायरिया से मौत होने की पुष्टि विभाग ने नही की है। बहरहाल विभाग ने कैंप करके निम्न इकाई के माध्यम से डोर टू डोर सर्वे जारी रखने सहित इमरजेंसी हेतु निर्देशित किया है।

डायरिया से नहीं हुई मौत-विभाग

स्वास्थ्य विभाग के नोडल बीएल तुलावी सहित अन्य अफसरों ने ग्रामीणों की मौत को लेकर डायरिया को वजह मानने से दबी जुबान इंकार भी किया है। अफसरों का मानना है उक्त अवधि में मृत ग्रामीण वृद्ध थे, वहीं कुछ ग्रामीण पुर्व से ही अन्य बीमारी से भी ग्रसित थे। हालांकि विभाग के नोडल अधिकारी बीएल तुलावी ने रविवार को बीएमओ डॉ रागिनी चन्द्रा की मौजूदगी में सांगिनकछार के हालात का जायजा लिया।

गांव के जलस्रोतों की होगी जांच

बीएमओ डॉ रागिनी चन्द्रा ने पॉयनियर को बताया कि उल्टी दस्त अमूमन दूषित पानी व बासी भोजन की वजह से होती है, लिहाजा निम्न इकाई मितानिनों के माध्यम से डोर टू डोर सर्वे कराया जा रहा है। रोजाना 1 या 2 मरीज मिल रहे हैं। ग्रामीणों को पानी उबालकर पीने व गर्म भोजन ही करने सलाह दी जा रही है। बहरहाल पीएचई के माध्यम से जलस्रोतों के पानी सैंपल के लिए लैब भेजे गए हैं। एहतियातन क्लोरोनाइड व ब्लीचिंग कराई जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग ने कैंप किया है। कुछ मरीजो को मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। हालात नियंत्रित है।
-डॉ रागिनी चन्द्रा, बीएमओ

मूनलाइट, शहिद राधे मोतीपुर और लालबाग की टीमों ने एकतरफा जीत हासिल की

पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही स्व. सुरजीत कौर स्मृति 7 ए साइड रात्रिकालीन हॉकी प्रतियोगिता के तहत दूसरे दिन 3 मैच खेले गए। पहला मैच मून लाइट विरुद्ध युथ क्लब के मध्य खेला गया जिसमें मूनलाइट ने 6-2 गोल से पराजित किया। इस एकतरफा मुकाबले में मूनलाइट की ओर से पीयूष साहू और सन्नी यादव ने 2-2 गोल किया और तरुण यादव और दीपक यादव ने 1-1गोल किया। वहीं यूथ क्लब की ओर से ज्ञानचंद जैन और मनीष सोनी ने 1-1 गोल किए। दूसरे खेले गये मैच में शहीद राधे मोतीपुर ने पैंथर्स क्लब को 6-4 गोल से पराजित किया। शहीद राधे मोतीपुर की ओर से विजय साहू, दलबीर सिंह, सचिन खोब्रागडे, जिमी साहू, राजेश निर्मलकर और गज्जू सिन्हा ने 1-1 गोल किये। पैंथर्स क्लब की ओर से संतोष चोकान्द्रे ने 2 गोल रेहान खान और हारून खान ने 1-1 गोल किया था। तीसरा मैच लालबाग क्लब विरुद्ध सिटी क्लब के मध्य खेला गया इस एकतरफा मुकाबले में लालबाग क्लब की ओर से किशोर धीवर ने 2 गोल अंशुल वर्मा, अभिषेक यादव,खुशाल यादव,सौरभ और आदर्श ने 1-1 गोल किया था वंही सिटी क्लब की ओर से लव यादव केवल 1 गोल कर पाए।मैच के दौरान सीएसपी पुष्पेंद्र नायक, छत्तीसगढ़ हॉकी अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी, शिवनारायण धकेता सचिव जिला हॉकी संघ, नीलम चंद जैन, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया,भूषण सॉव, मृणाल चौबे, प्रिंस भाटिया ने मैदान के बीच जाकर खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। खेले गए सभी मैच में किशोर धीवर, राजेश निर्मलकर, दिलीप रावत, अभिनव मिश्रा, हारून खान ,कृष्णा यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

नवीन शिक्षक संघ के प्रयास से प्राथमिक प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर तीसरी बार पदोन्नति

पायनियर संवाददाता ⮜ उतई
www.dailypioneer.com

नवीन शिक्षक संघ के लगातार प्रयास से दुर्ग जिले में एक वर्ष के भीतर तीसरी बार प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक के पदों पर प्रतीक्षा सूची से 42 सहायक शिक्षक प्रधान पाठक बनेंगे। दुर्ग जिला छत्तीसगढ़ में पहला जिला होगा जहां एक साल में तीसरी बार प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति दी गई है। नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू के निर्देश पर दुर्ग जिलाध्यक्ष संजीव मानिकपुरी और ब्लॉक अध्यक्ष मनीष साहू के निरंतर प्रयास और जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के तत्परता से एक वर्ष के भीतर तीसरी बार प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के 42 पदों पर प्रतीक्षा सूची से सहायक शिक्षकों का पदोन्नति आदेश की सूची जारी की गई है। संघ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू ने जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा को जारी सूची में विसंगति से अवगत कराया है। साथ ही कार्यालय के कर्मचारियों को भी अवगत कराया है तथा नियुक्ति तिथि व जन्मतिथि को भी पदोन्नति आदेश में सार्वजनिक करने की मांग की है। जिस पर शिक्षा अधिकारी ने नवीन शिक्षक संघ को आश्वस्त किया है कि पदोन्नति प्रक्रिया स्पष्ट और पारदर्शी होगी तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होगी। नवीन शिक्षक संघ लगातार शिक्षक हित में कार्य कर रहा है। जिसका परिणाम अंतिम छोर के शिक्षक साथियों को हो रहा है। संघ के जिलाध्यक्ष संजीव मानिकपुरी ने आचार संहिता के पहले नियमानुसार जल्द से जल्द पदोन्नति आदेश निकलवाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के सकारात्मक पहल को सराहा है। दुर्ग ब्लॉक अध्यक्ष मनीष साहू ने पदस्थापना के लिए जल्द ही काउंसलिंग की प्रक्रिया से पूरी करने की बात कही। जल्द ही काउंसलिंग के बाद पदस्थापना आदेश जारी किया जाएगा। पदोन्नति आदेश जारी होने पर नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू, जिलाध्यक्ष संजीव मानिकपुरी, अमितेश तिवारी, दुष्यंत कुंभकार, दुर्ग ब्लॉक अध्यक्ष मनीष साहू, धमधा ब्लॉक अध्यक्ष संजय शर्मा, जागेश्वर चंद्राकर,,प्रदीप राजपूत, मनोज जोशी, श्रीमती रूपा साहू, विनोद ठाकुर, नंदिनी देशमुख, दीपक साहू, विजयशंकर डहरिया, राकेश धनकर, विक्रांत तिवारी, लक्ष्मीकांत नागवंशी, देवेंद्र राय, हरिशंकर साहू, मनोज वर्मा आदि शिक्षको ने डीईओ का आभार व्यक्त किया है।

प्रशिक्षित डॉग ने हत्यारे तक पहुंचाया, चोरी करते पकड़े जाने पर किया खून

■ घर में चोरी के लिए घुसा था आरोपी, पकड़ा गया तो की वारदात

पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रशिक्षित डॉग दुलार ने अमलीडीह में वृद्ध की हत्या का मामला सुलझाने और पुलिस को आरोपी तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाई है। पुलिस अफसरों ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि घटना के तत्काल बाद मौके पर डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया था। प्रशिक्षित डॉग ने घटनास्थल से आरोपी की गंध सूंघ कर आधा किमी दूर आरोपी के घर तक पुलिस को पहुंचाया। जब पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया तो उसने वृद्ध की हत्या कबूल कर ली।

गांव के ही आरोपी सजवन्त चन्द्रवंशी (28) ने चोरी करते पकड़े जाने पर रामसाहू की नृशंस हत्या कर दी। उसने पहले मृतक पर बसूला-कुदाली से वार किया। इसके बाद उसने अपने पास रखी ब्लेड से उसका गला व कलाई की नस काट दी। तब भी मृतक की सांस चलती रही तो आरोपी ने वहीं पड़ी नायलोन की रस्सी से उसका गला दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया।

एएसपी राहुल देव शर्मा ने बताया कि अमलीडीह के ग्रामीण नरोत्तम साहू ने सुबह राम साहू को उसके घर में खून से लथपथ देखा था। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सायबर सेल, एफएसएल और डॉग-स्कवाड को तत्काल सूचना देने पर सभी टीम घटना स्थल पहुंची। विवेचना के दौरान जांच में बेल्जियम शेफर्ड ब्रीड की प्रशिक्षित डॉग ''दुलार'' द्वारा घटना स्थल से प्राप्त संदिग्ध व्यक्ति के गंध का पीछा करते हुये लगभग 500 मीटर दूर गांव के ही सजवन्त चन्द्रवंशी के घर पहुंच गई। इसके बाद शंका के आधार पर सजवन्त चन्द्रवंशी को खेत से पकड़ा गया। पूछताछ में उसने सारी वारदात पुलिस को बताई।

पुलिस ने बताया कि आरोपी 15 नवंबर की रात मृतक राम साहू के घर चोरी की नीयत से घुसा था। जब वह उसके जेब से पैसे निकाल रहा था तो राम साहू जाग गया। उसने जब आरोपी को पकड़ लिया और शोर मचाया तो पकड़े जाने के डर से सजवंत ने उसकी निर्मम हत्या कर दी और चोरी के 2,550 रूपये लेकर घर चला गया। आरोपी को गिरफ्तार कर पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

तहसील साहू संघ के परिसीमन में दो नए परिक्षेत्र

■ अस्तित्व में आये खपरीकला व करमतरा परिक्षेत्र
■ खपरी में सत्यप्रकाश साहू व करमतरा में रोहित साहू अध्यक्ष मनोनित

पायनियर संवाददाता ⮜ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

छग प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार, जिला साहू संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में तहसील साहू संघ डोंगरगांव द्वारा राजस्व तहसील अनुसार तहसील साहू संघ डोंगरगांव का नया परिसीमन किया गया। परिसीमन अन्तर्गत 2 नए परिक्षेत्र खपरीकला व करमतरा अस्तित्व में आये। खपरीकला परिक्षेत्र में खपरीकला, झिटिया, बांकल, हरदी, टेका व कन्हारडबरी शामिल है। करमतरा परिक्षेत्र मे करमतरा, मोखली, मरेठा नवागांव, भोथली, संबलपुर, कुतुलबोड भाठागांव व सिर्रा शामिल है। तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने तहसील संरक्षक अमरनाथ साहू, कोषाध्यक्ष रामप्रकाश साहू, संगठन सचिव सुरेन्द्र साहू, तहसील अध्यक्ष राजनांदगांव श्रीमती अंजू साहू, जिला संगठन सचिव महेंद्र साहू, की उपस्थिति मे सामाजिकजनो से विचार विमर्श पश्चात खपरीकला से सत्यप्रकाश साहू व करमतरा से रोहित साहू को अध्यक्ष मनोनित किया है। परिक्षेत्र के अध्यक्ष द्वारा सभी पदाधिकारियो का सर्वसम्मति से मनोनयन किया गया। मनोनित पदाधिकारियो को तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर धनगांव परिक्षेत्र अध्यक्ष जीएल सोनबोईर, सिंघोला परिक्षेत्र अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू, आरआर साहू, जगदीश साहू, देवलाल साहू, चंद्रकृत साहू, जगन्नाथ साहू, निवेदन साहू, पिताम्बर साहू, गोवर्धन साहू, हेमंत साहू, नंदनी साहू, योगेन्द्र साहू, रामकुमार साहू, तिलक साहू, टुम्मन साहू, नूतन साहू, शैलेन्द्र साहू, निर्भय साहू, प्रभू राम साहू सहित अनेक सामाजिकजन उपस्थित थे।

33 राज्यों एवं संस्थाओं की बॉस्केटबॉल टीमें लेंगी हिस्सा

पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्कूल गेम्स फे डरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 संस्कारधानी राजनांदगांव में 18 से 22 नवंबर तक खेली जायेंगी। प्रतियोगिता में देश के 33 राज्यों एवं संस्थाओं की टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल बालक-बालिका 14 वर्ष, एवं बालक 17 वर्ष के प्रतिभागी अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करेगें। प्रतियोगिता के लिए आयोजन समिति द्वारा तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी एवं आयोजन समिति के संगठन सचिव प्रवास सिंह बघेल ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारी व कर्मचारियों को कहा कि प्रतियोगिता में शामिल होने वाले अतिथि प्रतिभागी, अधिकारी, कोच, मैनेजर को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को नगर में उपलब्ध सुविधानुरूप आवास, मैदान, यातायात, चिकित्सा, विद्युत, स्वच्छता, पेयजल की व्यवस्था सुचारू रूप से प्रदान करने निर्देशित किया। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी देवेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभांरभ एवं समापन समारोह का मुख्य आयोजन दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में होगा। प्रतियोगिता में बॉस्केटबॉल बालक 14 व 17 वर्ष एवं बालिका 14 वर्ष के मैच दिग्विजय स्टेडियम में खेंले जायेंगे।

कई राज्यों से आई टीमें

प्रतियोगिता में आंध्रप्रदेश, बिहार, चण्डीगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एण्ड कश्मीर, झारखण्ड, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मिजोरम, उड़िसा, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, पश्चिम बंगाल राज्यों के साथ सीबीएसई डब्ल्यूएसओ, सीबीएसई, सीआईएससीई, डीसीएमसी, आईटीजीएस स्पोर्ट्स आर्गनाजेशन, आईपीएससी, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय समिति, विद्याभारती के अलावा मेजबान छत्तीसगढ़ के प्रतिभागी खेल का प्रदर्शन करेंगे।

तीन दिनों के अवकाश के बाद आज से धान खरीदी में आएगी तेजी

52 दिनों में पूरा करना होगा धान खरीदी का लक्ष्य, आज उपार्जन केंद्रों में उमड़ेंगे किसान

पायनियर संवाददाता ⮜ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

धान खरीदी के लिए तय 75 दिन की मियाद में महज 52 दिन ही उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी होगी। सप्ताह में दो अवकाश के अलावा त्योहारों की छुट्टियों में 20 से 22 दिन यूं ही चले जाएंगे। ऐसे में खरीदी के लिए सीमित समय और बढ़ा हुआ लक्ष्य प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती साबित होने वाला है। दूसरी ओर किसान भी शनिवार को भी खरीदी किए जाने की मांग उठा रहे हैं। शासन ने 14 नवम्बर से धान खरीदी की शुरुआत हुई। पहले ही दिन खरीदी के बाद 3 दिनों का अवकाश हो गया। 31 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। इस बीच शनिवार, रविवार का अवकाश और पर्व पर छुट्टियों हटा दिया जाये तो मात्र 52 दिन ही बचेंगे जिसमें धान खरीदी के लिए निर्धारित लक्ष्य पूरा किए जाने का दबाव है। सोमवार को उपार्जन केंद्रों के खुलते ही बड़ी संख्या में किसानों के उमड़ने की संभावना है। टोकन ले चुके किसानों ने तीन दिनों तक इंतजार किया है। किसानों की धान की कटाई में तेजी आने के साथ ही किसान विक्रय के लिये टोकन कटाते जा रहे हैं। जिले भर के सोसायटियों में मैन्यूअल टोकन के अलावा किसान अपने मोबाइल से ही ऑनलाइन कटा रहे हैं। गौरतलब है कि राजनांदगांव में 96, केसीजी में 51 और एमएमसी जिले में 27 केन्द्रों में खरीदी की जा रही है।

लक्ष्य से भटकी धान खरीदी : शाहिद भाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने छत्तीसगढ़ सरकार की धान खरीदी नीति को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सरकार की बेसुधी और अकुशल नीति की पोल पहले दिन की खरीदी से ही खुल गई है। जिले में पहले दिन 2556 किसानों टोकन जारी कर 1 लाख 20 हजार क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसमें से सिर्फ 1471 किसानों ने 62362.80 क्विं. धान बेचा है। मोहला मानपुर चौकी और खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में भी पहले दिन के लक्ष्य का आधा धान खरीदी की गई है। दूसरी ओर इस बार खरीदी देर से शुरु की गई है। इस तरह 160 लाख मीट्रिक धान के अपने लक्ष्य को सरकार पा ही नहीं सकती। महामंत्री शाहिद भाई ने आगे कहा कि छग में भाजपा ने चुनाव में किसानों को 21 क्विं धान 3100 रुपए की दर से खरीदने के साथ एक मुश्त राशि देने की बात कही थी। मोदी की गारंटी बताते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर नगद काउंटर खोलने का दावा करने वाली भाजपा सत्ता पाते ही अपने इस वादे से भी मुकर गई। उन्होंने कहा कि, खरीदी केंद्रों में वृद्ध किसानों के लिए एक अलग से काउंटर खोलने की भी आवश्यकता है ताकि उनको असुविधा न हो। केंद्र सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में 117 की बढोतरी को मिलाकर किसानों को 3217 रु प्रति क्विंटल की दर से नगद भुगतान किया जाना चाहिए।

किसान की मेहनत पर कांटामारी, एक किलो धान ज्यादा तौल रहे

इस बार खरीदी केंद्रों में धान इलेक्ट्रानिक तराजू से तौले जा रहे हैं। पहले ही दिन कई केंद्रों में बारदाने के वजन से अधिक धान तौलने की शिकायतें सामने आई है। शहर से लगे ढाबा सोसायटी में धान बेचने आए नवागांव के किसान मदन लाल पाल ने बताया कि प्रति कट्टा उसका धान 41 किलो तौला जा रहा है। प्रबंधक और तौल कर रहे मजदूरों ने इस पर 700 ग्राम बारदाने का वजन होने की बात कही। इसके अतिरिक्त वजन पर उन्होंने सूखत के लिए धान के तौल की बात बताई। जबकि मौके पर बारदाने का वजन 500 ग्राम या उससे कम ही था। इस मामले में प्रबंधक उपेन्द्र देशमुख से बात की गई तो उन्होंने भी सूखत का हवाला दिया। कुल मिलाकर केंद्रों में 40 किलो और बारदाने के वजन के अतिरिक्त धान किसानों का धान तौला जा रहा है। ऐसी ही शिकायत जिले के कई और खरीदी केंद्रो से भी आई है।

प्रति बारदाना 10 रुपए ले रहे मजदूर

ऐसे ही इस बार धान खरीदी में केंद्रों में किसानों को धान पलटने पर 10 रुपए प्रति कट्टा देना पड़ रहा है। केंद्रों में यह दर पिछले साल तक 5 रुपए होती थी जिसे दोगुना कर दिया गया है। इस मामले में गठुला सहकारी समिति में बात करते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा, यह स्थानीय व्यवस्था होती है। बढ़ती दरों के बीच मजदूरों ने दरे बढ़ाई होगी। हालांकि, कई केंद्रों में इस दर पर किसानों ने ऐतराज जताया है। अधिक तौल और बारदानों में धान पलटने के लिए 10 रुपए की वसूली से किसानों को नुकसान हो रहा है।

पहले दिन 2561 किसानों ने बेचा धान, 9.50 लाख की वसूली

अविभाजित राजनांदगांव जिले में धान खरीदी के पहले दिन 2561 किसानों ने धान बेचा है। राजनांदगांव जिले में 1471 किसानों से 62362 क्विंटल धान की खरीद की गई है। 14 लाख 41 हजार मूल्य के इस धान से 4 लाख 43 हजार रुपए की लिकिंग वसूली की गई है। इसी तरह खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 931 किसानों ने 47038 क्विंटल धान खरीदा गया। 10 लाख 85 हजार की धान खरीदी के साथ 3 लाख 61 हजार रुपए की लिकिंग वसूली की गई है। इसी तरह मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 159 किसानों ने 6464 क्विंटल धान की बिक्री पहले दिन की। 1 लाख 49 हजार की इस धान खरीदी में 50 हजार की लिकिंग वसूली की गई है।

बाल दिवस प्रतिभा पब्लिक में धूम धाम से मनाया, श्रेष्ठ विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में बाल दिवस समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। अध्यनरत विद्यार्थियों के सम्मान में संपूर्ण कार्यक्रम शिक्षकों के द्वारा उनके सहयोग से आयोजित किया गया, प्रार्थना सभा का संचालन व्याख्याता जुगल भोई के द्वारा किया गया, दिन का विचार शिक्षक नीलम पाणिग्राही के द्वारा जबकि समाचार वाचन जसप्रीत सिंह एवं आदर्श श्रीवास के द्वारा प्रस्तुत की गई तथा दिन का तथ्य शिक्षिका दीपिका मोहंती एवं आशा नायक के द्वारा की गई अनीता चौधरी ने कविता पठन किया। प्रार्थना सभा में चलित वर्ष के लिए श्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार प्रति कक्षा वार शिक्षकों के द्वारा चुने गए 27 विद्यार्थियों को दिए गए, जबकि अनुशासन एवं शुद्ध आचरण के लिए छात्र अनीशा पटेल कक्षा 12वीं विज्ञान को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य नरहरि पटनायक एवं उप प्राचार्य नासिर खान के द्वारा चुने गए, विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संपूर्ण शालेय छात्र-छात्राओं के लिए पेन पेंसिल एवं चॉकलेट का वितरण कक्षा शिक्षकों के द्वारा की गई। मध्यान्ह को सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत इंटर हाउस डांस प्रतिस्पर्धा शाला प्रांगण में आयोजित की गई थी जिसमें मुख्य निर्णायक के रूप में नवनीत कौर आहूजा एवं अंजुम बानो थी। यह प्रतिस्पर्धा दो स्तर पर आयोजित की गई थी कार्यक्रम का आरंभ जगन्नाथ वंदना एवं नृत्य प्रस्तुति के साथ छात्रा आयुषी मिश्रा एवं चारूनी प्रधान के द्वारा की गई, माध्यमिक स्तर पर कक्षा छठवीं से आठवीं के अंतर्गत ग्रीन हाउस को प्रथम स्थान तथा ब्लू हाउस को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। जबकि उच्चतर माध्यमिक स्तर पर ब्लू हाउस को प्रथम एवं व्हाइट हाउस को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जिन्हें ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। शाला प्रांगण में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का खूब आनंद उठाया। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन सुशील महापात्र के द्वारा की गई अंत में उपस्थित दोनों मुख्य अतिथि एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद प्रस्ताव सुशील महापात्र के द्वारा दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला प्रबंधक हामिद खान का सहयोग विशेष रूप से रहा।

गर्भपात कराने के चक्कर में युवती की मौत, आरोपी के निशानदेही से शव बरामद, आरोपी गया जेल

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

प्रेम प्रसंग के चलते गर्भ ठहरने पर युवती को गर्भपात कराने के चक्क र में युवती की मौत घटना को छिपाने आरोपी गड्ढा खोद शव को कर दिया था दफ्न अन्तागढ़ पुलिस ने घटना का किया पर्दाफाश आरोपी को भेजा गया जेल। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका की माता सनोती बाई पद्दा, निवासी ग्राम केसोकोड़ी थाना अंतागढ़ आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी बड़ी बेटी अमृता पद्दा, उम्र करीबन 23 वर्ष जो नल जल जीवन मिशन के तहत् आमाबेड़ा में काम करती थी, 9 नवम्बर शनिवार को सुबह करीबन 10 बजे फोन कर घर आने की सूचना के दो तीन दिन बाद तक घर नहीं आने एवं फोन बंद बताने पर अमृता के साथ काम करने वाले नागेश कोमरा से फोन पर पता किया गया तब नागेश कोमरा के द्वारा अमृता को 8 नवम्बर को शाम 4 बजे कलगांव मोड़ के पास घर जाने के लिए छोड़ना बताया गया किन्तु अमृता घर नहीं पहुंचने एवं गुम होने के संबंध में थाना अंतागढ़ में गुम इंसान दर्ज की गई। तत्पश्चात पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रकरण में सभी तथ्यों को गंभीरता पूर्वक जांच करने थाना प्रभारी अंतागढ़ को निर्देशित किया गया। जांच के दौरान गुमशुदा (अमृता पद्दा) के सहकर्मी नागेश कोमरा को तलब कर पूछताछ किया गया तब नागेश कोमरा के द्वारा बताया गया कि अमृता पद्दा एवं नागेश कोमरा दोनों का प्रेम संबंध होने के कारण अमृता नागेश कोमरा की ओर से 3 महीने की गर्भवती थी जिसकी जानकारी मिलने पर नागेश कोमरा के द्वारा अमृता को 8 नवम्बर को अपने मोटर सायकल में आमाबेड़ा से अंतागढ़ लाकर अपनी दीदी उर्मिला मण्डावी के किराये के मकान में रखा था तथा 9 नवम्बर को गर्भपात की दवाई खिलाया, उसके बाद नागेश अपने घर कोदागांव चला गया। 10 नवम्बर को सुबह उसकी दीदी के द्वारा अपने भाई नागेश कोमरा को फोन कर अमृता के बेहोश होने की सूचना दी, कुछ देर बाद नागेश आया और देखा कि अमृता की मृत्यु हो गयी है तब नागेश उसी दिन रात्रि में अपने घर कोदागांव से अमृता पद्दा के शव को दफ्नाने के लिए गडढा खोदने हेतु गैती, फावड़ा एवं प्लास्टिक का धमेला लेकर कचरा ढेर सागौन प्लाट कुहचे के पास आया और गड्ढा खोदकर रात्रि में अपने मोटर सायकल में अमृता के शव को बोरी में भरकर अपनी दीदी उर्मिला मंडावी के किराये के मकान से शमशान घाट जहां मो.सा रखा था, तक कंधे में उठाकर ले गया और वहां से अपने मोटर सायकल में रखकर गावड़े सखगांव की ओर से कुहचे के पास सागौन प्लाट में जहां आरोपी पूर्व में ही गडढा खोदकर रखा हुआ था वहां शव को डालकर गडढे को पाट दिया। इस प्रकार मामले में आरोपी के निशानदेही पर गुम इंसान कु.अमृता पद्दा के शव को कार्यपालिक

खिलाड़ी आकाश राष्ट्रीय स्तर खेल प्रतियोगिता गुजरात नाडियाड में दिखाएगा तीरंदाजी का हुनर

मुख्यमंत्री ने दी अपनी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश के खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है। इसका लाभ जशपुर के खिलाड़ियों को भी मिल रहा है। जहां खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं और प्रशिक्षण दिलाने का सार्थक पहल कर रहे हैं। खेलों को बढ़ावा देने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास किया जा रहा है। राज्य और केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे में सुधार कर रही हैं। खेल के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और खेल अकादमी खोला जा रहा है।

जशपुर से हैं आकाश

जशपुर जिले के तीरंदाजी खिलाड़ी आकाश राम कक्षा 9 वी में अध्यनरत हैं। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर में पढ़ाई करने के साथ तीरंदाजी केन्द्र एवं एकलव्य खेल अकादमी जशपुर में प्रशिक्षण भी ले रहे हैं। उन्होंने 24 राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा तीरंदाजी प्रतियोगिता रायपुर में 6 से 9 अक्टूबर 24 तक आयोजित प्रतियोगिता में शामिल हुए थे। जिसमें आकाश ने अंडर 14 कम्पाउन्ड राउण्ड में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल कर राष्ट्रीय स्तरीय शालेय क्रीड़ा तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ है। अब आकाश गुजरात के नाडियाड में दिनांक 19 से 20 नवंबर 24 तक राष्ट्रीय स्तरीय शालेय क्रीड़ा तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए रवाना हो गया है।

अन्वेषण कार्यक्रम के तहत् अंतरिक्ष ज्ञान अभियान कार्यक्रम 18 नवंबर से 4 दिसंबर तक

जिले के सभी 8 ब्लॉक के विद्यालयों एवं छात्रावासों में अंतरिक्ष ज्ञान अभियान का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि जगाने और उन्हें प्रोत्साहित करने राज्य शासन के द्वारा विज्ञान से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर श्री रोहित व्यास के निर्देश पर अंतरिक्ष विज्ञान में विद्यार्थियों की रुचि बढाने, उन्हें जागरूक एवं शिक्षित करने हेतु जिले में अन्वेषण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत 18 नवंबर से 4 दिसम्बर तक जिले के विद्यालयों एवं छात्रावासों में अंतरिक्ष ज्ञान अभियान सत्र का आयोजन कराया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से नियुक्त 05 सदस्यीय विशेषज्ञ दल प्रत्येक विद्यालय में उपस्थित होगें। अंतरिक्ष ज्ञान अभियान के तहत कक्षा 6वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों हेतु सत्र का आयोजन कराया जाना है। इसके साथ ही प्रत्येक विद्यालय में 02 घंटे का सत्र आयोजित किया जाएगा। अंतरिक्ष ज्ञान अभियान के तहत जिले के सभी 8 ब्लॉक के विद्यालयों एवं छात्रावासों में 18 नवंबर से 4 दिसम्बर तक अलग अलग तिथियों में सुबह 8 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक 2 -2 घंटे का सत्र आयोजित किया जाना है। अन्तरिक्ष ज्ञान अभियान'' के तहत जिले के 45 हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के लगभग 12 हजार से अधिक विद्यार्थी ''अन्तरिक्ष ज्ञान अभियान'' का लाभ ले सकेंगे। ''अंतरिक्ष ज्ञान अभियान'' के तहत विशेष रूप से तैयार तथा विभिन्न उपकरणों एवं मॉडल से सुसज्जित चालित वैन विशेषज्ञों की टीम के साथ सभी विद्यालय में भ्रमण करेंगे और विद्यार्थियों को अन्तरिक्ष ज्ञान से शिक्षित करेंगे।

अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा का जिला स्तरीय शौर्य दिवस सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

हर वर्ष 18 नवंबर को अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा शौर्य दिवस पूरे देश में मनाया जाता है। भारत चीन युद्ध 1962 में रेजांगला युद्ध में यादव के वीर शहीदों की याद में रेजांगला शौर्य दिवस के रूप में कार्यक्रम किया जाता है। इस वर्ष महासमुंद जिला के सरायपाली विकासखंड में सभी महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना, सरायपाली के सदस्य एवं पदाधिकारीगणों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम 18 नवम्बर सोमवार को पुराना कालेज के पीछे आकाशवाणी केंद्र के पास स्थित यादव समाज के सामुदायिक भवन में अहीर वीर शहीदों को दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर वीरों के द्वारा दुश्मन के साथ हुए साहसिक संघर्ष एवं वीरता की गाथा का वर्णन किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष नरेन्द्र कुमार यादव, जिला अध्यक्ष विनोद यादव एवं ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार यादव के मार्गदर्शन में संपन्न होगा। सामाजिक बंधुओं से अपील है कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

गरीबी से जूझकर आदर्श स्कूल में हासिल की शिक्षा, बीएसनएल में बने अफसर, शंकर राम ने साझा किया संघर्ष

स्पदंन-सफलता की लहरें कार्यक्रम का आदर्श विद्यालय में हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डोड़काचौरा, जशपुर में शनिवार को स्पंदन-सफलता की लहरें कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार भटनागर के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य खान वक्कारुज्जमां खां के नेतृत्व में विद्यालय परिवार के द्वारा प्रारम्भ किए गए इस कार्यक्रम के अंतर्गत, शनिवार को विद्यालय के पूर्व छात्रों के द्वारा, विद्यार्थियों को मार्गदर्शन और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

विद्यार्थी जो अब हैं अधिकारी

कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व छात्र शंकर राम, अनुविभागीय अधिकारी के पद पर बीएसएनएल जशपुरनगर में पदस्थ हैं, उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनका जन्म एक निर्धन परिवार में हुआ। माता- पिता दोनों अनपढ़ थे। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम की शाला में पढ़ाई के बाद आदर्श विद्यालय में प्रवेश मिला था, अतः राष्ट्रवादी भाव तो उनके अंदर में पहले से ही समाहित था। शंकर राम ने आदर्श विद्यालय के शिक्षकों और सीनियर छात्रों के द्वारा पढ़ाई के लिए प्रेरित करने और सहयोग करने के कई प्रसंग साझा करते हुए कहा कि छात्रावास के मेस के बचे पैसे से उन्होंने इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा का फॉर्म भरकर अम्बिकापुर में परीक्षा लिखी थी। 2007 में एनआईटी राउरकेला से एमटेक उत्तीर्ण करने के बाद दो वर्ष दूरदर्शन में भी काम किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि शिक्षा के कारण ही एक गरीब परिवार में जन्म लेने के बावजूद, एक मध्यमवर्गीय जीवन जी पा रहे हैं। शिक्षा ही एकमात्र साधन है, जो हमें आगे बढ़ा सकती है। ईश्वर ने सभी मनुष्यों के लिए, चाहे वह अमीर हो या गरीब, सभी को दिन में 24 घण्टे दिए हैं। समय को आप रख नहीं सकते हैं, इसलिए समय का प्रबंधन ज्ञान अर्जित करने के लिए कीजिए। इसी ज्ञान से आप अपना भविष्य बना सकते हैं। मैं स्वयं इसका एक उदाहरण हूँ।

गरीबी से संघर्ष कर पाई शिक्षा

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आधिकारी जशपुर नगर में लेखापाल, आदर्श विद्यालय के पूर्व छात्र, सुंदर साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह स्कूल हीरा की खदान है। जो भी हमारे आगे या पीछे बैच में इस शाला से उत्तीर्ण हुए हैं, सभी कहीं न कहीं अच्छी जगह पर काम कर रहे हैं। यह विद्यालय, अविभाजित मध्यप्रदेश के 5 आदर्श विद्यालयों में से एक आदर्श विद्यालय है। यहां के शिक्षक चाहते हैं, कि उनके बच्चे उत्कृष्ट बनें, इसलिए आज हमें आमंत्रित किया गया है। मेरे जैसे ही आप सब को, आपके माता-पिता ने राजा बेटा कहा है, इसलिए आप सब को अपने माता-पिता के सपनों को साकार करने के लिए प्रयास करना है। सपने साकार करने का ज्ञान अर्जित करने के अलावा और कोई माध्यम नहीं है। सुंदर साय ने अपने बैच के छात्रों के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए समझाया कि अभी आप स्वयं को जितना घिसेंगे, भविष्य में उतना ही चमकेंगे। अपने कर्म ऐसे करेंगे, जिससे अपने माता-पिता, शिक्षकों, सहपाठियों और भविष्य के सहकर्मियों के चहेते बन कर रहेंगे, क्योंकि आप सभी आदर्श विद्यालय के छात्र हैं। इस कार्यक्रम के आयोजन में सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने अपना सक्रिय योगदान दिया।

धान खरीदी केंद्र में किसानों को समस्या नहीं होनी चाहिए : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसानों को धान खरीदी केंद्र में सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसी कढ़ी में कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष कक्ष में धान खरीदी के संबंध में जिले के सभी समिति प्रबंधक ,धान खरीदी केंद्र के प्रभारियों की बैठक ली। इस अवसर पर सहकारिता विभाग के सहायक पंजीयक, जिला विपणन अधिकारी अजय कुमार मार्कफेड और अपेक्स बैंक के नोडल अधिकारी मो. अब्दुल कलाम आजाद और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने जिले के सभी पंजीकृत किसानों का प्राथमिकता से धान खरीदी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही समय से पहले टोकन जारी करने के लिए कहा है।उन्होंने अधिकारियों को चेक लिस्ट के अनुसार सारी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा है । कलेक्टर ने खरीदा केंद्रों मे किसानों के लिए छाया पानी शौचालय, सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। धान बेचने के लिए किसानों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होने पाए इसका ध्यान रखने के लिए कहा है। धान खरीदी केंद्र में पर्याप्त मात्रा में बारदाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र में साफ सफाई करके व्यवस्थित धान और बारदाना रखने के लिए कहा है। धान खरीदी केंद्र में विघुत आपूर्ति, कम्प्यूटर चालू हालत रहना चाहिए इंटरनेट कनेक्शन की सुविधा, इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटा बांट सेट, बायोमेट्रिक डिवाइस, आद्रतामापी यंत्र, बारदानों की उपलब्धता, बारदानों में लगाए जाने वाले स्टेनसिल, सुतली, डाटा एंट्री ऑपरेटर,धान को ढकने के लिए त्रिपाल, प्राथमिक उपचार की पेंटी, समर्थन मूल्य के प्रदर्शन के लिए बैनर पोस्टर,आदि अन्य जरूरी सुविधाएं होना जरूरी है। कलेक्टर ने अवैध धान परिवहन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उड़नदस्ता दल को कोचिया बिचौलिए द्वारा अवैध धान परिवहन किए जाने कि कहीं से भी जानकारी मिलती है तो तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर की अध्यक्षता में को जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रबंधन समिति की बैठक 19 नवंबर को

बेमेतरा। विश्व शौचालय दिवस-2024 के अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट दिशा सभाकक्ष में मंगलवार 19 नवंबर को समय सीमा बैठक के के आयोजित की गई है। मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत ने उक्त बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने कहा है। बतादें कि 19 नवंबर 2024 को विश्व शौचालय दिवस मनाया जाएगा, जिसका विषय है' शौचालय - शांति का स्थान'। विश्व शौचालय दिवस एक वार्षिक संयुक्त राष्ट्र दिवस है जिसे दुनिया भर में सार्वजनिक अभियान के माध्यम से बढ़ावा दिया जाता है जो वैश्विक स्वच्छता संकट से निपटने के लिए कार्रवाई को प्रोत्साहित करता है।

पुलिस कप्तान ने पास्ता थाना प्रभारी को लगाई कड़ी फटकार

जिनको किया था ड्यूटी पर तैनात वह सो रहा था थाना परिसर के रूम मे

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिले के पुलिस कप्तान वैभव बैंकर रमनलाल एवं अतिरिक्त पुलिस कप्तान विश्व दीपक त्रिपाठी जिले में बेहतर कानून व्यवस्था को लेकर थाना का निरीक्षण करने निकले हुए थे। और वह सीधा पास्ता थाना निरीक्षण करने पहुंच गए वहां पर उन्होंने पाया कि जिस पुलिसकर्मी को रात्रि ड्यूटी में तैनात किया गया था वह थाना परिसर के रूम में सो रहा था। ड्यूटी में लापरवाही बरतने के कारण उन्होंने थाना प्रभारी विमलेश सिंह को जमकर फटकार लगाते हुए दायित्व एवं कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने पर कड़ी फटकार लगाते हुए व्यवस्था को सुदृण करने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस कप्तान ने दस्तावेजों के रखरखाव का जायजा लेते हुए लम्बित अपराध, मर्ग, गुम इंसान, शिकायत का शीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। वही उनके द्वारा कहा गया कि थाना परिसर में फरियादियो के साथ सौम्य व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण करें। और उन्होंने आगे कहा कि ड्यूटी के दौरान कोई भी पुलिसकर्मी वह वरिष्ठ हो या कनिष्ठ वर्दी धारण करना अनिवार्य होगा यदि सिविल ड्रेस में देखे गए तो उनके प्रति सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शराबियों के लिए मनपसंद ऐप शुरू करने पर भाजपा सरकार को कांग्रेस विधायक ने जमकर कोसा

किसान, युवा, महिला और आम जन का ख्याल रखना छोड़ शराबियों के मनपसंद का ख्याल रख रही साय सरकार : चातुरी नंद

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा शराबियों के लिए मन पसंद ऐप शुरू करने और रेस्टोरेंट और ढाबों में शराब परोसे जाने के निर्णय पर सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए साय सरकार पर तीखे सवाल दागे है। विधायक चातुरी नंद ने मीडिया को दिए अपने बयान में कहा कि भाजपा सरकार शराब के ब्रांड की उपलब्धता के लिये मनपसंद एप तैयार की है। सरकारी दफ्तर में काम काज की मानिटरिंग का कोई एप नहीं है लेकिन शराब की ब्रांड के लिये सरकार ने एप बना लिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पूछा है कि विधायक नंद ने सीएम से पूछा महिलाओं की सुरक्षा के लिए, किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु, युवाओं को रोजगार देने अपने 10 माह के कार्यकाल में कितने ऐप शुरू किए है? विधायक नंद ने कहा कि साय सरकार को शराबियों की तो चिंता है लेकिन प्रदेश के किसानों, महिलाओं और युवाओं की कोई चिंता नहीं है। कांग्रेस विधायक नंद ने रेस्टोरेंट और ढाबों में शराब परोसे जाने के निर्णय पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कई सवाल दागे है। उन्होंने कहा कि साय सरकार शराब की काली कमाई के लिये प्रदेश में शराब की खपत बढ़ाने में लगी है। विपक्ष में रहते शराबबंदी को लेकर बड़ी-बड़ी बातें करने वाले भाजपाई अब शराब बिक्री के पैरोकार बन गये है। शराब बंदी को लेकर पांच सालों तक हल्ला मचाने वाले भाजपाई बतायें शराबबंदी कब होगी? भाजपा के हर छोटे बड़े नेता ने जनता के बीच घूम-घूम कर शराबबंदी के लिये बढ़ चढ़कर बातें किया था। सरकार में आने के बाद सरकार और भाजपाईयों दोनों के जुबान पर ताला लग गया है। विधायक नंद ने कहा कि पहले एयर कूल्ड आहाते बनाकर शराब बिक्री को बढ़ावा दिया गया। आहाते आबंटन में बड़ा घोटाला साय सरकार ने किया है। आहातों के नाम पर सरकार शराब की काली कमाई में लगी हुई है। पूरे प्रदेश में कुछ लोगो को चिन्हांकित कर आहाते आवंटित किये गये है। प्रभावशाली भाजपा नेताओं के अनुशंसा पर आहाते आवंटित किये गये है। भाजपा सरकार के राज में शराब की कोचियागिरी शुरू हो गयी है। विधायक नंद ने जिले के गली कूचों में अवैध शराब की बिक्री, शराब दुकानों में ओवर रेट बिक्री समेत कई मुद्दों पर भी आबकारी विभाग की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े किए है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों जिले में आबकारी विभाग के उच्च अधिकारियों के संरक्षण में अवैध शराब बिक्री, शराब दुकानों में ओवर रेट बिक्री जैसे संगीन मामलों में सिर्फ निलंबन की कार्रवाई कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली है। विधायक नंद ने कहा कि 16 गांव के लोगों द्वारा महा पंचायत कर जिला आबकारी उप अधिकारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज के खिलाफकार्रवाई की मांग की थी लेकिन जिलेभर में अवैध शराब बिक्री को बढ़ावा देने वाले, ओवर रेट में शराब बिकवाने वाले अफसरों पर आबकारी विभाग और जिला प्रशासन मेहरबान है जिससे भ्रष्ट अधिकारियों के हौसले बुलंद है। विधायक नंद ने यह भी कहा कि जिस प्लेसमेंट एजेंसी के पास मेन पावर सप्लाई का ठेका है उनके द्वारा जिले के बाहरी लोगों को काम पर रखा गया है जिसमें से किसी का भी पुलिस वेरिफिकेशन नहीं हुआ। परप्रांतीय कर्मचारियों को ठेके पर रखा गया है जिनके द्वारा धड़ल्ले से ओवर रेट में शराब बेचा जा रहा है।

प्रकाश पर्व पर निकली शोभायात्रा जगह जगह किया गया स्वागत

सरायपाली। गुरुनानक देव जी के 555 वे वर्ष गाँठ पर सिख समाज द्वारा प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी शोभा यात्रा निकाली गयी जिसमे कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण किया गया बाहर से आए हुए कलाकारों शहर में विभिन्न चौक चोराहों पर विभिन्न करतब दिखाए शोभा यात्रा का विभिन्न जगह स्वागत किया गया। इसी कड़ी में संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था किया गया एवं प्रखर अग्रवाल द्वारा गुरुग्रन्थ साहिब के सामने मत्था टेक कर पंजप्यारों को माला पहना कर प्रसाद खिला कर स्वागत किया गया।

पायनियर हलचल...

फंस गया दक्षिण?

आखिरी-आखिरी रायपुर नगर दक्षिण का उप चुनाव काफी रोमांचक हो गया। मतदान सम्पन्न होने के बाद यह कहा जाने लगा है कि रायपुर दक्षिण का उपचुनाव फंस गया है। वहीं बीते साल हुए विधानसभा चुनाव की अपेक्षा इस उप-चुनाव में मतदान प्रतिशत में तकरीबन 11 फीसदी की भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिसके कारण उपचुनाव में पेंच फंसने की बात से इनकार भी नहीं किया जा सकता। वोटिंग प्रतिशत कम होने की वजह से रायपुर नगर दक्षिण उपचुनाव के परिणाम भी चौकाने वाले हो सकते हैं। हालांकि अभी तक ज्यादातर उपचुनावों में सत्ताधारी दल को विजयश्री मिलते रही है। 2008 से लेकर अब तक के विधानसभा चुनाव की बात की जाए तो कांग्रेस के कन्हैया अग्रवाल और भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल के बीच सबसे कड़ा मुकाबला रहा, आकड़े भी इस पर मुहर लगाते दिख रहे हैं। कांग्रेस के कन्हैया अग्रवाल को 60093 वोट मिले थे। जबकि अन्य वर्ष हुए विधान सभा चुनावों में रायपुर दक्षिण से कांग्रेसी प्रत्याशी 50 हजार मतों का आकड़ा पार नहीं कर पाये। वहीं दूसरे पहलू की बात की जाए तो अब तक कांग्रेस प्रत्याशी महंत राम सुंदरदास की हार सबसे ज्यादा मतों से हुई। उस स्थिति में भी कांग्रेस 40 हजार वोट के आकड़े को पार कर गई, महंत राम सुंदरदास को 41500 वोट मिले। कहने का आशय यह है कि रायपुर नगर दक्षिण में तकरीबन 40 हजार वोट कांग्रेस के फिक्स नजर आ रहे हैं। वहीं 35 साल बाद भाजपा की ओर से बृजमोहन अग्रवाल की जगह यहां से अन्य प्रत्याशी सुनील सोनी मैदान में हैं। यह बात अलग है कि बृजमोहन अग्रवाल ने खुले मंच से कहा कि चुनाव सुनील सोनी नहीं बल्कि मै लड़ रहा हूं,। बहरहाल जनता ने बृजमोहन की बात पर कितना अमल किया है, यह तो अब चुनाव परिणाम सामने आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

वीएन अम्बाड़े, व्ही श्रीनिवास राव या फिर और कोई?

राज्य के वन बल प्रमुख व्ही श्रीनिवास राव ने सेंन्ट्रल में डीजी फारेस्ट के लिए अप्लाई किए हैं। वहीं मध्यप्रदेश से सीनियर आईएफएस वीएन अम्बाड़े भी इस रेस में शामिल हैं। 1988 बैच के अफसर वीएन अम्बाड़े भी काफी जोर लगा रहे हैं। दरअसल वीएन अम्बाड़े 10 साल तक मिनिस्ट्री में रह चुके हैं। वह नागपुर जोन में लंबे समय तक सेवायें देते रहे हैं। इसके साथ ही अम्बाड़े 1988 बैच के अफसर हैं, जबकि व्ही श्रीनिवास राव 1990 बैच के अफसर हैं। वहीं दोनों अफसरों की उम्र में बहुत ज्यादा अंतर नहीं है, दोनों का बर्थ ईयर 1966 है। ऐसे में अम्बाड़े को सीनियरटी और सेन्ट्रल मिनिस्ट्री में काम करने के अनुभव का लाभ मिल सकता है। हालांकि छत्तीसगढ़ के वन बल प्रमुख व्ही श्रीनिवास राव भी पूरी ताकत लगा रखे हैं। व्ही श्रीनिवास राव की दिल्ली पकड़ काफी मजबूत है, इसके साथ ही संघ के एक बड़े पदाधिकारी का भी पूरा साथ राव को मिल रहा है। बहरहाल डीजी फारेस्ट की रेस व्ही श्रीनिवास राव जीतने में सफल होते हैं, या फिर वीएन अम्बाड़े को मौका मिलता है या बाजी और कोई मार ले जाएगा फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता।

जनता के बीच मुख्यमंत्री छवि

सरकार के 11 माह बीतते ही राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की लोकप्रियता आम जन के बीच बढ़ने लगी है। दरअसल कुछ माह पहले विष्णु सरकार के लिए यह धारणा बनना शुरु हो गई थी कि राज्य सरकार स्लो चल रही है, विपक्ष भी इस बात को जनता के बीच जोर-शोर से प्रचारित करना शुरु कर दिया था। लेकिन एक माह के अंतराल में मुख्यमंत्री और सरकार की छवि में अचानक परिवर्तन दिखने लगा है, जिसको जनता के साथ-साथ अफसरशाही भी महशूस कर रही है। पिछले एक माह में मुख्यमंत्री की विश्वासनीय, लोकप्रियता का ग्राफ आदिवासी इलाकों के साथ-साथ मैदानी इलाकों में भी जबरजस्त बढ़ा है। यहीं नहीं पार्टी के वह नेता जो एक साल बाद विष्णु सरकार के मूल्यांकन की प्रतीक्षा कर रहे थे, अब वह भी दांतों तले उंगली दबाना शुरु कर दिए हैं। निश्चित ही मुख्यमंत्री और उनके सचिवालय की रणनीति जनता और पार्टी के बीच कारगर साबित हो रही है।

सन्नाटा क्यों है भाई?

रायपुर दक्षिण उपचुनाव के परिणाम आते ही मंत्रीमंडल विस्तार के संकेत मिल रहे हैं। लेकिन मंत्री पद की लालसा रखने वाले नेताओं के बीच सन्नाटा पसरा हुआ है। कहा जा रहा है कि रायपुर सम्भाग से एक विधायक को जगह मिलने जा रही है, वहीं दुर्ग सम्भाग के भी एक विधायक पर लगभग मुहर लग चुकी है, औपचारिक ऐलान होना बाकी है। दरअसल विष्णु सरकार में रिक्त दो मंत्री पद इसी साल भरे जाने हैं। ऐसे में पार्टी के दिग्गज नेताओं के बीच सन्नाटा पसरा हुआ है। रमन सरकार में मंत्री रहे अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, पुन्नुलाल मोहिले और अजय चन्द्राकर को जगह मिलेगी या नहीं, इस पर चारों ओर चर्चा छिड़ी हुई है, लेकिन पार्टी और इन नेताओं के बीच सन्नाटा पसरा हुआ है।

महिलाओं के बाद किसानों के बीच सरकार की पैठ

कांग्रेस की सरकार रहते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसानों के बीच काफी लोकप्रिय थे। पूरे पांच साल तक भूपेश बघेल और पूरी सरकार अपने आप को किसान हितैषी बताते रही, लेकिन धान खरीदी शुरु होते ही वारदाना को लेकर भूपेश सरकार में कोहराम मच जाता था। जिस पर विष्णु सरकार ने बेहतरीन तरीके से नियंत्रण बनाया है, खरीदी के तीन दिन बीत जाने के बाद भी कहीं भी वारदाने, टोकन और अनियंत्रित भीड़ की खबर देखने, सुनने और पढ़ने को नहीं मिली। वर्तमान में भूपेश सरकार से ज्यादा कीमत पर विष्णु सरकार किसानों की धान खरीद रही है, वो भी बिना किसी झंझट के, ना टोकन के लिए लाइन है, न ही वारदाने की कोई समस्या। कुल मिलाकर महतारी वंदन योजना के माध्यम से भाजपा सरकार राज्य की महिलाओं के बीच पहले ही पैठ बनाने में सफल हो चुकी है, अब विष्णु सरकार किसानों के बीच भी विश्वास हासिल करने में सफल होते नजर आ रही है।

भूपेश का क्या?



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी आक्रामक राजनीति के लिए चर्चित हैं। यह बात अलग है कि वर्तमान राजनीतिक हालातों को देखते हुए छत्तीसगढ़ में भूपेश की राजनीतिक धार कम हुई है। कुछ हद तक भूपेश खामोश हैं। लेकिन क्या भूपेश आगे भी खामोश रहेंगे? शायद नहीं। दरअसल भूपेश बघेल को कांग्रेस ने महाराष्ट्र चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, भूपेश विदर्भ क्षेत्र के पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल महाराष्ट्र में काफी सक्रिय नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्टों और समीक्षा को देखेंगे-पढ़ेंगे और सुनेंगे तो विदर्भ में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के अच्छे परफार्म की बात कही और सुनी जा रही है। यदि वास्तव में भूपेश विदर्भ क्षेत्र की सीटों में सफलता दिलाने में कामयाब होते हैं, तो पार्टी के अन्दर एक बार फिर भूपेश का कद बढ़ना तय है। सम्भवतः ब्रेक के बाद भूपेश बघेल फिर राज्य में आक्रामक राजनीति करते नजर आयेंगे।

मनपसंद, सबकी पसंद ?

छत्तीसगढ़ में इन दिनों मनपसंद की जमकर चर्चा है। मनपसंद अपने नाम अनुरूप लोगों को पसंद की मदिरा उपलब्ध कराएगी। अब पसंदीदा मदिरा पीने से कोई रोक नहीं सकता, घर बैठे ही अपनी पसंद की मदिरा हासिल की जा सकती है। हालांकि विपक्षी दल कांग्रेस भी मनपसंद का कोई खास विरोध करते नजर नहीं आ रही। दरअसल शराबबंदी को लेकर भूपेश सरकार पर मुकरने का आरोप है, विपक्ष में रहते हुए भाजपा ने राज्य में पूर्ण शराबबंदी का झंडा बुलंद किया था। लेकिन अब कांग्रेस सत्ता से बेदखल हो चुकी है। राज्य में भाजपा की सरकार है, शराब में हुए घोटालों को देखते हुए वित्तीय पारदर्शिता के लिए यह ऐप कारगर साबित हो सकता है। बहरहाल मनपसंद दोनों ही दलों में से किसी को नापसंद नहीं नजर आ रहा है।

editor.pioneerraipur@gmail.com

संगठित समाज ही विकसित समाज की पहचान : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

पीड़ित परिवार की सहायता राशि 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने की घोषणा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के ग्राम-फुंडहर में छत्तीसगढ़ निषाद समाज के 23वें राज्य स्तरीय युवक-युवती एवं विधवा-विधुर परिचय सम्मेलन तथा आदर्श विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विवाहित जोड़ियों को शुभकामनाएं दी और निषाद समाज द्वारा किए जा रहे इस कार्य की सराहना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री साय ने घोघरा नवापारा में समाज के सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रूपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गत दिनों ग्राम छरछेद में हुई घटना में निषाद समाज के पीड़ित परिवार की सहायता राशि को 10 लाख रूपए से बढ़ाकर 20 लाख रूपए करने और साथ ही पीड़ित परिवार के चार बच्चों को 18 वर्ष होते तक प्रतिमाह 4 हजार रूपए की भी सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार के 2 युवाओं को कलेक्टर दर पर नौकरी दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री साय ने निषाद समाज के सब-इंस्पेक्टर पद पर चयनित 10 युवाओं को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि निषाद समाज द्वारा यह आयोजन बहुत अच्छा प्रयास है। सामाजिक एकता बहुत जरूरी है। समाज मे सभी बराबर होते हैं, कोई छोटा-बड़ा नहीं होता। संगठित समाज से सिर्फ समाज को ही फायदा नहीं होता बल्कि समाज के साथ-साथ देश भी मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक उन्नति के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा से ही समाज आगे बढ़ता है। उन्होंने समाज प्रमुखों से सभी को शिक्षा का महत्व समझते हुए शिक्षा से जोड़ने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी गुहा निषाद राज के वंशज हैं, जिन्होंने राम की नौका पार कराई थी। हमारी सरकार द्वारा श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन कराए जा रहे हैं। उन्होंने सभी से प्रभु राम के दर्शन करने का आग्रह किया। साय ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना पुनः प्रारंभ की जा रही है। मुख्यमंत्री ने निषाद समाज को शासन की मत्स्य पालन की योजनाओं का लाभ लेने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी को हम पूरा कर रहे हैं।

हटाए जाएंगे ऑक्सीजन रायपुर में पेड़ों के पास लगे पेवर, कंक्रीट, पत्थर, संचालनालय नगरीय प्रशासन ने जारी किया निगम आयुक्त को आदेश

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



ऑक्सीजन और अन्य उद्यानों, स्थानों जैसे सड़कों इत्यादि पर पेड़ों के चारों तरफ लगे पेवर, कंक्रीट, पत्थर को एक मीटर परिधि में हटाने के आदेश संचालक नगरी प्रशासन एवं विकास नया रायपुर ने आयुक्त नगर पालिक निगम को जारी किए हैं। गौरतलब है कि पूरे शहर में पेड़ों के चारों तरफपेवर लगा दिए गए हैं जो कि पेड़ों के स्वास्थ्य और विकास के लिए हानिकारक रहते हैं, कई पेड़ इस कारण से मारे गए हैं। इस पर रायपुर के नितिन सिंघवी ने 2019 में तथा बाद में 2024 में मुख्य सचिव की जानकारी में यह बात लाई गई थी। 2019 में भी संचनालय नगरी प्रशासन एवं विकास द्वारा आयुक्त नगर पालिका निगम रायपुर को पेवर, कंक्रीट, पत्थर हटाने के आदेश दिए थे परन्तु उसके बावजूद कलेक्टर कार्यालय के बाजू ऑक्सीजोन और कई स्थानों में पेडों से कुछ इंच छोड़ कर पेवर ब्लाक लगा दिए गए हैं। शासन के आदेश उपरांत संचालक नगरी प्रशासन एवं विकास ने 30.10.2024 को रायपुर शहर में, ऑक्सीजोन कलेक्टर सहित जहां भी पेडों के चारों तरफएक मीटर तक पेवर ब्लाक, कंक्रीट, पत्थर नहीं हटाये गए है उन्हें तत्काल हटाये जाने की कार्यवाही करने के आदेश दिए है।

किसानों की समृद्धि और खुशहाली मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की प्राथमिकता में शामिल : विजय शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से जगमड़वा बांध निर्माण ने लिए 39.77 करोड़ की निविदा जारी



पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप प्रदेश में बरसो से लंबित सिंचाई परियोजनाओं तथा योजनाओं निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की जा रही है। कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम बोदलपानी में 69.76 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली जगमड़वा जलाशय योजना के निर्माण कार्य को गति मिली है।राज्य शासन से इस बांध के निर्माण के लिए 39.77 करोड़ रुपए जारी की गई है। जिसकी निविदा आमंत्रित की गई है, जिसके बाद निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ होगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव से किसानों की सुविधाओं के विस्तार के लिए कबीरधाम जिले के लंबित सिंचाई योजना जगमड़वा जलाशय के राशि जारी करने के लिए विशेष अनुरोध किया था। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि योजना के डुबान में शासकीय, निजी और वन भूमि कुल 120.02 हेक्टेयर भूमि आ रही है, जिसके मुआवजा और व्यपवर्तन के लिए त्वरित गति से कार्यवाई की जा रही है। साथ ही नहर निर्माण के लिए सर्वे और तकनीकी स्वीकृति भी प्राप्त कर ली गई है। मुआवजा और भूअर्जन की प्रक्रिया भी साथ-साथ चल रही है। जिसकी भी निविदा लगाई जाएगी। जगमड़वा जलाशय योजना के निर्माण पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि किसानों की समृद्धि और खुशहाली मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। प्रदेश सरकार हर किसान को सिंचाई सुविधा, जल संरक्षण और फसल उत्पादन में सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह जलाशय योजना न केवल किसानों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करेगी, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को भी मजबूत बनाएगी। इस परियोजना के मुख्य नहर से 14 गांवों के हजारों किसानों को सीधा लाभ होगा और 1820 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। यह परियोजना न केवल कृषि विकास बल्कि रोजगार, भू-जल स्तर सुधार, और ग्रामीण जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का जरिया बनेगी।

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी बताया कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उपमुख्यमंत्री ने क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों से इस योजना के सफल क्रियान्वयन में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार की कोशिश है कि सभी परियोजनाएं समय पर पूरी हों और उनके लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। जगमड़वा जलाशय योजना से क्षेत्र के किसानों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। जगमड़वा जलाशय योजना का शीर्ष कार्य स्थल सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम बोदलपानी है। योजना के तहत नदी पर पिकअप वियर का निर्माण किया जाएगा, जिससे बांयी और दांयी तट नहरों के माध्यम से अंतिम गांवों तक सिंचाई सुविधा पहुंचाई जाएगी। खरीफसिंचाई उपरांत खेतों में उपलब्ध नमी से रबी फसल गेहू, चना और सब्जी आदि की पैदावार होगी, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। जलाशय से लगभग 498 क्विन्टल प्रतिवर्ष मत्स्य उत्पादन होगा, जिससे ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध होगा। सिंचाई सुविधा के फलस्वरूप कृषि भूमि की दरों में उन्नयन होगा। भू-जल स्तर में वृद्धि होगी, जिससे फसल उत्पादन, पेयजल एवं निस्तारी की समस्या दूर होगी। नहरों के सर्विस बैंक से ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। यह क्षेत्र पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा, जिससे ग्रामीणों को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें।

नंदनवन जंगल सफारी के 'प्रकृति दर्शन' कार्यक्रम में 7000 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग

रायपुर। नंदनवन नया रायपुर द्वारा संचालित ''प्रकृति दर्शन कार्यक्रम'' के तहत प्रदेश के 50 से अधिक स्कूल और 10 से अधिक कॉलेज के लगभग 7000 विद्यार्थियों ने भाग लिया है। प्रकृति दर्शन कार्यक्रम से विद्यार्थियों को प्रकृति और वन्यजीवों से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना, पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करना है। नंदनवन जंगल सफारी में भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को न केवल प्रकृति और जैव विविधता के अद्भुत पहलुओं को समझने का अवसर मिलता है, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व और उससे संबंधित चुनौतियों को भी समझने का मौका मिलता है। अज़ीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी का लिया जा रहा है सहयोगः नंदनवन द्वारा अज़ीम प्रेम जी यूनिवर्सिटी फाउंडेशन फॉर द लॉजिकल सिक्योरिटी और अन्य संस्थाओं के सहयोग से फारेस्ट ऑफ लाइफ थीम तथा विद्यार्थियों के लिए पर्यावरण शिक्षा अंतर्गत विभिन्न मोड्यूल तैयार किए गए है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को अनुभवी प्राकृतिक विशेषज्ञों और वन्यजीव संरक्षणविदों से प्रत्यक्ष रूप से सीखने का अवसर प्रदान करता है। इसके साथ ही, यह कार्यक्रम युवाओं में प्रकृति के प्रति लगाव विकसित कर उन्हें पर्यावरणीय समस्याओं और उनके समाधान की दिशा में प्रेरित करता है। नंदनवन जंगल सफारी का यह प्रयास पर्यावरण शिक्षा को बढ़ावा दे रहा है और भावी पीढ़ियों को प्रकृति से जोड़ने का एक ठोस कदम है।

शुद्ध पेयजल की समस्या हो रही खत्म गांव गांव पहुंच गया जल जीवन मिशन

दंतेवाड़ा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लूदरी नाग जिला दंतेवाड़ा छत्तीसगढ़ राज्य का एक आकांक्षी जिला है। जो कि अन्य मैदानी क्षेत्रों से पिछड़ा हुआ है। यहां मुख्यतः आदिवासी निवासरत हैं, जिनमें अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के वर्ग हैं। जिले के ज्यादातर निवासियों के आय का मुख्य स्रोत कृषि है। ये रहवासी वन संपदा जैसे कि- महुआ, इमली, आम, तेंदूपत्ता, बास, टोरा, मौसमी सब्जी, जंगली कंद, फल, विभिन्न प्रकार के मशरूम इत्यादि पर निर्भर रहते हैं। यहां मुख्यतः ग्रामीणों के आय का मुख्य स्रोत खेती है। लेकिन इन सब के अतिरिक्त दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के कुछ अंदरूनी गांव माओवाद से प्रभावित हैं जिसके कारण सरकार की बहुत सारी योजनाएं पूर्ण रूप से नहीं पहुंच पाती है। इसी तरह माओवाद से प्रभावित एक ऐसा गांव है जो कि जल जीवन मिशन योजना की उपयोगिता और शुद्ध पेयजल के महत्व को समझने के बाद योजना के क्रियान्वयन में यहां के ग्रामीणों ने आगे बढ़कर सहयोग कर जल जीवन मिशन योजना को शत-प्रतिशत पूरा करवाया है। इस क्रम में जिले के विकासखंड कुआकोंडा के अति संवेदनशील ग्राम पंचायत रेवाली के आश्रित ग्राम बर्रेम जिला मुख्यालय से लगभग 49 किमी दूर और मुख्य मार्ग से 9 किमी. की अंदर बसा हुआ है जहां मुरूम वाली सड़क से होते हुए पहुंचा जा सकता है।

18 Nov. 2024 Pride Of Raipur

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email ID - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit:
www.makazadpharmcy.com

DYNAMO ESCAPE EXPLORE EXHILARATE
Price 72000/- Offer 59,990/- Today Only
3 Year Warranty
XL
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं। बाकि आसान किस्तों में पाएं।
निश्चित उपहार प्रत्येक बुकिंग पर 2999/- देकर बुक करें।
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कैशबैक 5000/-
सिर्फ 9999/- देकर घर ले जायें
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

SAVI Arts ONE STOP SHOP FOR ALL FINE ART ITEMS
Deals In
Resin work and material
Festival decoration
Handmade bandhanwar (Toran)
Diyas
Painting
Crockery items
Tealight holder (Metal/ cloth/ wood etc)
Call Now 8964029818, 8319103510
Savi Arts And Craft Store, Shop No. 4, Business Apartment Near Shankar Nagar, Chowpaty, Beside Post Office, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

9575261555
VASTU समाधान
दीपक गुप्ता
(PGD In Vaastu, MBA, MA, LLB, MSW)
(वास्तुशास्त्री एवं अंक वास्तुशास्त्र)
Life Designer and Mentor
वास्तुशास्त्र- घर, दुकान, ऑफिस, प्लॉक, फैक्टरी, कारखाना का नींव से लेकर निर्माण तक संपूर्ण वास्तु।
अंक वास्तुशास्त्र- हस्ताक्षर वास्तु, नाम स्पलिंग वास्तु मोबाईल नंबर, घर का नंबर, कार एवं अन्य किसी भी प्रकार के नंबर अंक से जीवन में सुख शांति, सफलता और संपन्नता प्राप्त करने के अचूक सरल उपाय।
पता- उषा इस्टेट, B8/6 फ्लोर, पंडरी मोवा ब्रिज के बगल में, रायपुर

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईब देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करें -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

बेचना है
रायपुर से 12 किलोमीटर पाटन के बेहतरीन लोकेशन वॉल्फोर्ट ग्रीन के पीछे कोपडीह खुडमुड़ा रोड पर कमर्शियल काम्प्लेक्स, घर एवं गोडाउन बनाने हेतु पूर्व दिशा में 2250 Sqft फीट 58 का फ्रंट प्लाट 1050/- फीट एवं अभनपुर में विशाखापट्टनम रोड से वॉकिंग डिस्टेंस नगरसीमा अंतर्गत 1000 फीट प्लॉट बेचना है।
मो. 8770262964

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us...
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403